www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 अक्टूबर, 2025 | वर्ष-18 | अंक -183 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रुपए





1333 करोड़ की 22 योजनाओं का किया उद्घाटन 02
■ महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी प्रासंगिक : रेखा गुप्ता
■ राजधानी में जनित रोगों के तेजी से बढ़ते मामले... 03
■ गाजा में युद्धविराम कराने की दिशा में ट्रंप की पहल...
■ फ्रांस में प्रधानमंत्री सेबास्टियन ने मात्र 27 दिनों... 07
बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई अभिनेत्री भूमि पेडनेकर 12

# बिहार में 6 और 11 नवम्बर को मतदान

## राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की हुई घोषणा

**14 नवम्बर को आएंगे नतीजे**

**10 को जारी होगी अधिसूचना**

**7.42 करोड़ हैं कुल मतदाता**




पूरी चुनावी मशीनरी तत्परता के साथ मतदाताओं के साथ खड़ी रहेगी। कानून व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे : ज्ञानेश कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों- छह और 11 नवम्बर को कराया जाएगा तथा मतगणना 14 नवम्बर को होगी। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 17 अक्टूबर तक कराए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान

चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का भी घोषणा की है. इन चुनावों के मतदान 11 नवंबर, 2025 को डाले जाएंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें राजस्थान की अंटा, जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नागरोटा, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, मिजोरम की डांपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर भी चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को ही आएंगे।

### आठ लाख से अधिक कर्मियों की व्यवस्था

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी। इस चुनाव में राज्य के कुल 7.42 करोड़ मतदाता 90712 मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आयोग ने चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए साढे आठ लाख कर्मियों की व्यवस्था की है। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के लावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### 'हमें सवालों के जवाब नहीं मिलते: खेड़ा



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, ''हमें अपने सवालों के जवाब नहीं मिलते। निर्वाचन आयोग से रोज़ाना सवाल पूछे जा रहे हैं। उन्होंने एक राजनीतिक माहौल बनाया कि अवैध प्रवासी हैं, अवैध प्रवासी कहां हैं? उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।'

अवैध प्रवासी कहां हैं, कोई जवाब नहीं

### चुनाव आयोग का भाजपा के साथ 'गठबंधन': पप्पू यादव



पूर्णियां से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने चुनाव आयोग और भाजपा में सांठगांठ का आरोप लगाया और दावा किया कि बीजेपी की तारीख पर चुनाव हो रहा है। आयोग अपने मन से कुछ नहीं करता है। उनकी पूरी प्रक्रिया बीजेपी द्वारा होती है।

### 14 लाख फर्स्ट टाइम वोटर करेंगे मतदान

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। उन्होंने बताया कि फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं। राज्य में 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है।

# चुनाव के ऐलान से पहले दौड़ी पटना मेट्रो

**पटना**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले पटना मेट्रो का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन कर दिया। नीतीश मेट्रो ट्रेन से डिपो से भूतनाथ स्टेशन तक गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो यार्ड का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज पटना मेट्रो में प्रथम चरण के प्रायोरिटी कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल एवं सुगम यातायात व्यवस्था को विकसित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। मेट्रो परियोजना के माध्यम से पटना के लोगों को आवागमन के लिये एक नया सुरक्षित और तेज विकल्प मिल जाएगा, जिससे उन्हें आवागमन में और अधिक सुविधा होगी। पटना मेट्रो के प्रथम चरण के उद्घाटन के बाद मेट्रो लाइन के कुल तीन स्टेशन यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल का संचालन शुरू हो गया। पटना मेट्रो परियोजना की कुल लागत 13 हजार 365 करोड़ रुपए है।



- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन
- 2019 में परियोजना की स्वीकृति दी गई थी

### 14 नवम्बर को बिहार में परिवर्तन की शुरुआत : तेजस्वी



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक भावनात्मक संदेश साझा किया। इस संदेश में उन्होंने 14 नवंबर 2025 को बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन और विकास की शुरुआत की तारीख बताया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बिहार की जनता से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरा राज्य महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करे।

## सार संक्षेप

### मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में 2022-23 के लिए 'माई भारत -राष्ट्रीय सेवा योजना' पुरस्कार प्रदान किए। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 1993-94 में स्थापित यह पुरस्कार, समाज सेवा, सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले देश के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

### हिमाचल की लाहौल घाटी में शून्य से नीचे पहुंचा पारा



**लाहौल-स्पीति।** हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सीजन की पहली बर्फबारी ने पूरे इलाके को बर्फ की सफेद चादर से ढक दिया है। अचानक आई इस बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोग अपने घरों के भीतर दुबककर बैठने को मजबूर हो गए हैं। तापमान शून्य से नीचे चला गया है और बर्फबारी के साथ ठंडी हवाओं ने लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### 42 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार के स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के फैसले को चुनौती देने वाली वंगा गोपाल रेड्डी की याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई की और राहत के लिए उच्च न्यायालय का रुख करने का सुझाव दिया।

# उप्र के रायबरेली में दलित की हत्या से आक्रोश

**रायबरेली**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित व्यक्ति को चोर समझकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे राज्य में आक्रोश और राजनीतिक बवाल मच गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की पहचान हरिओम के रूप में हुई है और स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

उसके परिवार के अनुसार, हरिओम दांडेपुर जमुनापुर स्थित अपने ससुराल जा रहा था, तभी भीड़ ने उसे घेर लिया और ड्रोन चोर होने के शक में उसकी पिटाई शुरू कर दी। रायबरेली के एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने पुष्टि की है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।



- परिजनों ने कहा, आरोपियों को दी जाए फांसी
- अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया

उन्होंने कहा, ऊंचाहार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को चोर समझकर कुछ लोगों द्वारा पीट-पीटकर मार डालने के मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों की जल्द ही पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। सिन्हा ने यह भी बताया कि लापरवाही के आरोप में एक सब-इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

### विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा

इस घटना पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई है और विपक्षी दलों ने भाजपा के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर दलितों और हाशिए पर पड़े समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से सोमवार को मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

# सोनम वांगचुक की हिरासत पर हुई सुनवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस, 14 को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी किया। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन को सोनम वांगचुक की कथित रूप से गैर-कानूनी हिरासत के खिलाफ दाखिल याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने आदेश दिया कि हिरासत से संबंधित दस्तावेज और आदेश की कॉपी याचिकाकर्ता यानी वांगचुक की पत्नी को मुहैया कराई जाए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक को जेल में उचित चिकित्सा सुविधा दी जाए।



- वांगचुक की पत्नी ने दाखिल की है याचिका

**राष्ट्रपति को भावुक पत्र लिखा था**

कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 14 अक्टूबर तय की है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने अपनी याचिका में कहा था कि सोनम वांगचुक को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है और उन्हें किसी वैधानिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने अपील की कि सुप्रीम कोर्ट तुरंत हस्तक्षेप करते हुए सोनम वांगचुक को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दे, ताकि उनकी सुरक्षा और कानूनी अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। इससे पहले, गीतांजलि अंगमो ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक भावुक पत्र लिखा था।

### सीजेआई गवई पर जूता उछालने की कोशिश

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना हुई। यहां सुनवाई के दौरान एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश की। इस शख्स ने कोर्ट के अंदर नारेबाजी भी की। बाद में कोर्ट में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर निकाला। इससे कुछ देर के लिए कोर्ट की कार्यवाही बाधित रही। अदालत में मौजूद लोगों ने बताया कि पकड़े गए शख्स ने नारे लगाए- सनातन धर्म का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

### सोनिया ने संविधान पर हमला बताया




कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई पर हमले पर चिंता जताते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ उन पर नहीं, बल्कि संविधान पर भी हमला है।

चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल का ऐलान

# मैरी ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल व शिमोन सकागुची को पुरस्कार

**स्टॉकहोम**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ष 2025 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार विजेताओं को नाम का ऐलान किया है। इस साल तीन वैज्ञानिकों- मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार शरीर की रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को बेहतर समझने की खोज- पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस के लिए मिला है।

इन खोजों ने अनुसंधान की नई राह खोल दी है। इससे कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है। ब्रुनको सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं। रामस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं। साकागुची जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर 'फिजियोलॉजी या मेडिसिन' का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है। यह सम्मान 1901 से 2024 के बीच 115 बार 229 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार और अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर को होगी।



- शरीर की रक्षा प्रणाली को बेहतर समझने की खोज के लिए मिला

### 2025 का पहला नोबेल पुरस्कार

यह पुरस्कार 2025 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणाओं में से पहला है। स्टॉकहोम के कैरोलिंस्का संस्थान में एक पैनल द्वारा इसकी घोषणा की गई।

# बरेली हिंसा मामले में अब तक 83 गिरफ्तार

**बरेली**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। इस मामले में अब तक 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी और बरेली हिंसा में आरोपी डॉक्टर नफीस और नदीम पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। तौकीर रजा के करीबियों पर बरेली कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। फरीदपुर चौधरी निवासी लियाकत ने इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है।



**तौकीर रजा के करीबियों पर एक और एफआईआर**

लियाकत का आरोप है कि 25 सितंबर की शाम को नदीम खान और डॉ. नफीस खान ने मिलकर साजिश के तहत आईएमसी का एक फर्जी पत्र तैयार किया।


### अब तक 126 लोगों पर केस दर्ज

बरेली उपद्रव केस में अब तक 126 नामजद लोगों पर केस दर्ज हो चुका है और 83 की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद काफी संख्या में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर लेकर जमा हो गए थे। इसके विरोध के बाद हालात बिगड़ गए और दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई थी।

# भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस एंड्रोथ

## भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का शानदार प्रतीक

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना ने सोमवार को अपने बेड़े में आईएनएस एंड्रोथ को औपचारिक रूप से शामिल कर लिया। यह भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है, जिसे एक नेवल डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में कमीशन किया गया है। नौसेना का कहना है कि आईएनएस एंड्रोथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक शानदार प्रतीक है। इस पोत में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का प्रयोग किया गया है।



**मौसम** घास के मैदानों में बिछी बर्फ की मनमोहक सफेद चादर

# गुलमर्ग में मौसम की पहली बर्फबारी

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में सोमवार को मौसम की हुई पहली बर्फबारी ने पर्यटकों की मौज कर दी, जिन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वे इतनी जल्दी बर्फबारी का आनंद उठा पाएंगे। बर्फबारी ने कंगमडोर के मनोरम घास के मैदान को एक मनमोहक सफेद चादर में भी बदल दिया।**

सुबह-सुबह शुरू हुई हल्की से मध्यम बर्फबारी ने इस क्षेत्र में सर्दियों की आधिकारिक शुरुआत का संकेत दिया। गुलमर्ग के चीड़ के जंगलों, छतों और हरी-भरी ढलानों पर बर्फ की चादर बिछी हुई थी, जिससे एक मनमोहक परिदृश्य बना जिसने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बाहर आने के लिए आकर्षित किया। घाटी के शीतकालीन वंडरलैंड में तब्दील होते ही पर्यटक तस्वीरें खींचते, बर्फ के आदमी बनाते और गर्म चाय और नाश्ते का आनंद लेते देखे गए। लोकप्रिय कोलाहोई पैनोरमा कैफे और रेस्टोरेंट, जो आनलाइन साझा की गई तस्वीरों में प्रमुखता से दिखाई दे रहा है, बर्फ से ढके दृश्यों में भीगते हुए गर्मी और ताज़गी की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा जगह बन गया। कैफे के ऊंचे स्थान से आगंतुकों को बर्फ से ढके राजसी पहाड़ों का मनोरम दृश्य देखने को मिला।




**सर्दियों की आधिकारिक शुरुआत का संकेत दिया**

### इस बार कश्मीर में जल्दी आ गई सर्दी

गुरेज घाटी का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले राजदान दर्रे में सोमवार को फिर से बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में अचानक गिरावट आई और उत्तरी कश्मीर के ऊंचे इलाकों में सर्दी का आगमन जल्दी हो गया। हल्की बर्फबारी के बावजूद, राजदान टाप की पहाड़ी ढलानें सफेद रंग से रंग गईं, जिससे इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लग गए।

# देश

उवाच

मेरे छिंदवाड़ा परिवार के 11 मासूम बच्चों की मौत दुखद और हृदयविदारक है। पीड़ित परिवारों के साथ मैं स्वयं और पूरा कांग्रेस परिवार खड़ा है। परासिया क्षेत्र के प्रत्येक मासूम बच्चों की हत्या के जिम्मेदारों से हिसाब लिया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

–कमलनाथ, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 20.0 |
| मुंबई | 30.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# कफ सिरप से मासूमों की मौत भयावह त्रासदी : कांग्रेस

## छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

**छिंदवाड़ा,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को छिंदवाड़ा में विषाक्त कफ सिरप से प्रभावित हुए बच्चों के परिजन से मुलाकात की। पटवारी छिंदवाड़ा जिले के परासिया पहुंचे और प्रभावित परिजन से मिल कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जहरीली कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत एक हृदयविदारक और भयावह त्रासदी है। सोमवार को परासिया (छिंदवाड़ा) पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना प्रकट की। कांग्रेस पार्टी इस गहरे दुख की घड़ी में प्रत्येक शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक छिंदवाड़ा के नन्हे बच्चों को न्याय नहीं मिल जाता, जिनकी मासूम जिंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साज़िश का शिकार हो गईं।

**स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मांग की है कि वे स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को बर्खास्त करें, तभी उनका प्रभावित परिवारों से मिलना सार्थक होगा।



मासूम जिंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साजिश का शिकार हो गईं : जीतू पटवारी

छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे पटवारी ने आरोप लगाया कि कफ सिरप पीकर इतने बच्चों की मौत होना बताता है कि सरकार पूरी तरह सो रही है। यह मामला सामने आने पर स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का जो बयान आया, उसमें कहा गया कि जिस तत्व से बच्चों की मौत हुई, वो तत्व इस दवा में है ही नहीं। छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत नहीं हुई, ये सरकारी हत्या हुई है।

पटवारी ने कहा कि अब जब मुख्यमंत्री डॉ.यादव परासिया आ रहे हैं, तो वे यहां की धरती पर उतरने से पहले स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें, तभी उनके आने का महत्व है। इस समूचे प्रकरण में परासिया के डॉक्टर प्रवीण सोनी के निलंबन के मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी डॉक्टर को नहीं पता होता कि दवा में क्या है। वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल ही में एक कफ सिरप से 12 बच्चों की मौतों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग के संदर्भ में, खासकर बच्चों के मामले में, नए दिशानिर्देश जारी करेगा। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि माता-पिता, फार्मासिस्टों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए यह दिशा निर्देश जल्द ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किए जाने की उम्मीद है। यह निर्णय केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कल एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद लिया गया।

इस बैठक में केंद्र और राज्य औषधि नियामक प्राधिकरणों, स्वास्थ्य विभागों और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) जैसे प्रमुख संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने हाल ही में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कफ सिरप के इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि इस समूह की अधिकांश खांसी की बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं और इनके लिए दवाओं की आवश्यकता नहीं होती है। इसी क्रम में मंत्रालय ने छह राज्यों की 19 दवा निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित निरीक्षण (आरबीआई) शुरू किया है। इन निरीक्षणों का उद्देश्य दवाओं के बनाने की प्रक्रिया में प्रणालीगत खामियों की पहचान करना और मौजूदा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को मज़बूत बनाना है।

बैठक में संशोधित अनुसूची एम-दवा निर्माताओं के लिए अद्यतन अच्छी विनिर्माण पद्धतियाँ (जीएमपी), (जीएमपी) मानदंडों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता दोहराई गई। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय की गई है जब जांच रिपोर्टों में पुष्टि हुयी कि तमिलनाडु में निर्मित कफ सिरप कोल्ड्रिफ में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) की मात्रा मानक सीमा से अधिक है।

## बच्चों का बनाया जा रहा कब्रिस्तान : उमंग सिंघार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पर कड़ी आलोचना की है। सिंघार ने कहा कि तमिलनाडु में हुई घटनाओं के बाद अब सरकार की नींद खुली है, लेकिन बच्चों के लिए उचित कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों का कब्रिस्तान बनाया जा रहा है और सरकार को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का पोस्टमार्टम तक नहीं कराया गया और अब शवों को निकाला जा रहा है। इस पूरी घटना को उन्होंने सरकार की असंवेदनशीलता बताया। सिंघार ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के अलावा कंपनी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि रीवा में सबसे ज्यादा कफ सिरप बिकता है और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को इस पर क्या प्रेम है, इसका जवाब देने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि उनके विधायक सोहन वाल्मीकि ने इस मामले को लेकर कई पत्र लिखे और धरना भी दिया, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। कांग्रेस पार्टी इस मामले में पूरी तरह सक्रिय है।

# नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे मोदी

## मुंबई का होगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अडड्ा



**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अक्टूबर को स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। यह मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) और सीआईडीसीओ (महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड) के बीच एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजना है। इसमें मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की 74 प्रतिशत और सीआईडीसीओ की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नवी मुंबई हवाई अड्डा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अडड्ा होगा। इस हवाई अड्डे को हाल ही में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से परिचालन शुरू करने के लिए हवाई अड्डा लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह हवाई अड्डा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सुविधाओं से लैस है। इसमें लार्ज कमर्शियल एयरक्राफ्ट को हैंडल करने के लिए 3,700 मीटर लंबा रनवे, मॉडर्न पैसेंजर टर्मिनल और एडवांस्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं। एक बार चालू होने के बाद, इसके शुरुआती चरण में प्रति वर्ष 2 करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) को संभालने और मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिमी भारत की बढ़ती हवाई यातायात मांगों को पूरा करने के साथ-साथ भारत की ग्लोबल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की उम्मीद है। यह हवाई अड्डा जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) बंदरगाह से 14 किमी, महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमआईडीसी), तलोजा इंडस्ट्रियल एरिया से 22 किमी, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के माध्यम से) से 35 किमी, ठाणे से 32 किमी और पावरलूम शहर भिवंडी से 40 किमी दूर होगा। इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाइनों ने हवाई अड्डे से परिचालन शुरू करने की योजना की घोषणा की है, जिसमें शुरुआती उड़ानें विभिन्न घरेलू शहरों को जोड़ेंगी। इस हवाई अड्डे में 5 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता के साथ एक फुली ऑटो कार्गो टर्मिनल, सेमी-ऑटो मटीरियल हैंडलिंग सिस्टम (एमएचएस), 100 प्रतिशत शिपमेंट ट्रैकिंग, ट्रक मैनेजमेंट सिस्टम, कार्गो कम्युनिटी सिस्टम और कैशलेस और पेपरलेस ऑपरेशन के लिए डिजाइन की गई कार्गो सुविधा होगी।

## सार संक्षेप

### ट्रस्ट एंड सेफ्टी इंडिया का दो दिवसीय फेस्टिवल आज से

**नई दिल्ली।** भारत पहली बार ट्रस्ट एंड सेफ्टी इंडिया फेस्टिवल का आयोजन 7-8 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में करेगा, जो वैश्विक डिजिटल सुरक्षा परिदृश्य में एक ऐतिहासिक क्षण होगा। आज संविधान क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की गई। यह उत्सव 15 से अधिक देशों के 200 से अधिक प्रतिभागियों को एक साथ लाएगा, जिसमें वैश्विक और राष्ट्रीय नेता, नीति निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और जमीनी स्तर के परिवर्तनकारी शामिल होंगे, जो ऑनलाइन ट्रस्ट, सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के भविष्य को आकार देने के लिए सहयोग करेंगे। यह आयोजन सेंटर फॉर सोशल रिसर्च और ट्रस्ट एंड सेफ्टी फोरम की संयुक्त पहल है, और भारत सरकार के एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के आधिकारिक प्री-इवेंट के रूप में मान्यता प्राप्त है।

### साय ने राष्ट्रपति मुर्मु से की सौहार्द्रपूर्ण भेंट

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने मुर्मु को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### मुंबई में ड्रोन और स्काई लैंटर्न पर प्रतिबंध

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने आमजन की सुरक्षा और बचाव के मद्देनजर आगामी त्योहार के दौरान शहर में आगामी 12 अक्टूबर से 10 नंबर तक स्काई लैंटर्न की ब्रिकी, भंडारण और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्काई लैंटर्न कागज से बना एक छोटा गुब्बारा होता है, जिसके नीचे एक खुला भाग होता है जहां दिया या किसी अन्य चीज से आग जलायी जाती है, जिससे गर्म हवा पैदा होती है और इससे वह आसमान में उड़ता है।

### कटक में सामूहिक झड़प में आठ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई सामूहिक झड़पों के बाद कई थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भुवनेश्वर-कटक शहर के पुलिस आयुक्त एस. देबदत्त सिंह ने बताया कि इस संबंध में अब तक तीन मामले दर्ज किए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को सूत्र सम्मान 2025



**कोलकाता,**6 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष युवा कविता के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 'सूत्र सम्मान' वर्ष 2025 के लिए कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को दिए जाने का निर्णय सूत्र समिति द्वारा लिया गया है। कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव में 25 अक्टूबर 2025 को 'सूत्र एवं ककसाड़, साहित्यिक पत्रिका' के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान-2025' प्रदान किया जाएगा। युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा, हिन्दी के संभावनाशील कवि हैं। सुनील की कविताओं में जो अनगढ़ जीवन है, वह उम्मीद की तरह है। डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम करते हुए आधुनिक तकनीक को रचना के स्तर आगे बढ़ाया है। वाणी प्रकाशन से एक कविता संग्रह के अलावा प्रौद्योगिकी पर डॉ. शर्मा के शोधपूर्ण किताबें प्रकाशित हैं। विदित हो कि ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान' वर्ष 1997 से देश के किसी एक संभावनाशील युवा कवि-लेखक को दिया जा रहा है। यह 28वां सम्मान है।

### नीतीश कुमार की मुजफ्फरपुर को बड़ी सौगात

# 1333 करोड़ की 22 योजनाओं का किया उद्घाटन

**पटना,** 6 अक्टूबर (एजेंसयां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुजफ्फरपुर जिले में 1333 करोड़ रुपए की लागत से 22 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कुमार ने सोमवार को मुजफ्फरपुर जिले के सकरा वाजिद पंचायत भवन परिसर से 1333.29 करोड़ रुपए की लागत से कुल 22 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 83.32 करोड़ रुपए की लागत से छह योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ रुपए की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ शामिल है। इनमें 32.32 करोड़ रुपए की लागत से राज्य स्कीम के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण, 26 करोड़ रुपए की लागत से एमआईटी मुजफ्फपुर में छात्र एवं छात्राओं के लिए (कुल 2 अदद) 200 बेडेड वाले छात्रावास का निर्माण, 13.28 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, वाजिदपुर,



बोचहां, केरमा एवं कुढनी का निर्माण, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से बघनगरी एवं कांटी (गोंविदपुर फुल्कांहा) में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण, 4.70 करोड़ रुपए के लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पश्चिमी मुजफ्फपुर का निर्माण तथा 4.70 करोड़ रुपए की लागत से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय, मुजफ्फपुर का निर्माण कार्य के उद्घाटन के अलावा 589.05 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्च स्तरीय पीएससी बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अदद पीएससी सुपर स्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य, 199.45 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर, कांटी, पारू, साहेबगंज, सरैया, मोतिपुर, सकरा, औराई, बोचहां, मुसहरी, गायघाट, मड़वन एवं बंदरा के निर्माण कार्य, 184.32 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत राज्य स्कीम मद से डॉ. भीमराव अंबेडकर टेन प्लस टू आवासीय विद्यालय प्रखंड सह अंचल, मोतिपुर, सकरा, पारू, एवं बंदरा में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास/कार्यरंभ शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया।

## 21 लाख महिलाओं के खाते में की राशि हस्तांतरित

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में दस हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री कुमार ने सोमवार को एक , अणे मार्ग स्थित संकल्प से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ 26 सितम्बर को किया था, उस दिन मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई थी।

## शीर्ष अदालत में सीजेआई गवई पर हमले की कोशिश शर्मनाक : एम.के.स्टालिन

**चेन्नई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के अंदर मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर सोमवार को हुए हमले की कोशिश को शर्मनाक करार देते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हुए इस हमले को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि जिस तरह से मुख्य न्यायाधीश ने शालीनता, शांति और उदारता के साथ जवाब दिया, वह संस्थान की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम इस घटना को हल्के में नहीं ले सकते। हमलावर द्वारा अपने कृत्य के पीछे बताई गई वजह से पता चलता है कि समाज में दमनकारी एवं वर्गीकृत मानसिकता अभी भी कितनी गहराई तक मौजूद है। उन्होंने एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया जो देश की संस्थाओं का सम्मान एवं सुरक्षा करे, साथ ही लोगों के आचरण में परिपक्वता का प्रदर्शन करे। मुख्यमंत्री ने



इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता

एक्स पर लिखा, सर्वोच्च न्यायालय के अंदर मुख्य न्यायाधीश थिरु बी. आर. गवई के खिलाफ शर्मनाक कृत्य हमारे लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हमला है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। स्टालिन ने कहा मुख्य न्यायाधीश ने जिस तरह से शालीनता, शांति एवं उदारता के साथ जवाब दिया वह संस्थान की ताकत को दर्शाता है लेकिन इससे हम इस घटना को हल्के में नहीं ले सकते।

## पंजाब में 'आप' में बगावत, जनता पार्टी अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने भरा राज्यसभा नामांकन



**चंडीगढ़।** एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना क्रम के तहत आज पंजाब विधानसभा स्थित सेक्रेटरी पंजाब असेंबली के दफ्तर में जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी पहुंचे। जहाँ उन्होंने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना नामांकन राज्यसभा चुनाव हेतु दाखिल किया। जिसको रिटर्निंग अधिकारी ने स्वीकार किया। आम आदमी पार्टी के दस विधायकों ने नवनीत चतुर्वेदी को अपना समर्थन देते हुए उनके पक्ष में नामांकन पत्र उन्हें सौंपा। और फॉर्म 2C के साथ चतुर्वेदी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस घटना से इतना स्पष्ट है कि आम आदमी पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार राजिंदर गुप्ता की जीत आसान नहीं है। इस संबंध में कल सुबह ग्यारह बजे विस्तार से चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीडिया ब्रीफिंग हेतु नवनीत चतुर्वेदी प्रेस से रूबरू होंगे और नए पॉलिटिकल घटनाक्रम पर अपना ऑफिसियल बयान देंगे।

## पीपल फोरम ऑफ इंडिया ने लक्षन धीरज को राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया



**नई दिल्ली** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीपल फोरम ऑफ इंडिया (नेशनल भारत सेवक समाज), जो भारत सरकार से जुड़ा संगठन है, नेलक्षन धीरज को अपने राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. मणिमोझियान की मंजूरी के बाद सोमवार, 6 अक्टूबर 2025 से लागू हुई। फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रशासन प्रभारी डॉ. भार्गव मल्लप्पा ने बताया कि श्री धीरज अब देशभर में युवाओं से जुड़ी योजनाओं का नेतृत्व करेंगे। उनका मकसद युवाओं को देश की एकता, समाजसेवा और जनकल्याण के लिए प्रेरित करना होगा। डॉ. मल्लप्पा ने कहा, 'यह फैसला फोरम की उस सोच को दिखाता है जिसमें युवाओं को सशक्त बनाकर देश के विकास में शामिल करना है। हमें भरोसा है कि श्री लक्षन धीरज अपनी ऊर्जा और सोच से संगठन के मिशन को और मजबूत करेंगे।'

अपनी नियुक्ति पर श्री धीरज ने कहा, 'मुझे यह जिम्मेदारी पाकर बहुत सम्मान महसूस हो रहा है। मैं देश के युवाओं के साथ मिलकर समाजसेवा, कौशल विकास और एकता की दिशा में काम करूंगा ताकि हम सब मिलकर देश को और बेहतर बना सकें।' अब बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री धीरज युवाओं के बीच संगठन की पहुँच बढ़ाने और उन्हें राष्ट्रीय हित, कौशल विकास और सामाजिक सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। पीपल फोरम ऑफ इंडिया (एनबीएसएस) एक स्वैच्छिक और गैर-राजनीतिक संगठन है जो पूरे देश में जनसेवा और समाज कल्याण के कामों में लगा है। यह संगठन केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम चलाता है जो लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हैं।

**उम्मीद** | अखिलेश का सपना, लोकसभा की तरह अयोध्या विधानसभा भी सपा जीते

# जातीय नहीं जिताऊ उम्मीदवारों को उतारेगी सपा : अवधेश प्रसाद

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी जाति की राजनीति नहीं करती है। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में पार्टी जातीय नहीं, जिताऊ नेताओं पर दांव लगाएगी। यह घोषणा सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने की है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश में वोट चोरी की सरकार है। क्या समाजवादी पार्टी यूपी में पीडीए की लाइन से इतर सवर्ण वोटों को भी रिझाना चाहती है। सपा राष्ट्रीय महासचिव के बयान से तो कम से कम यही प्रति ध्वनि निकलती है।**

प्रेस क्लब अयोध्या में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में फैजाबाद सांसद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। देशबन्धु प्रतिनिधि ने दो सवाल किए। पहला, क्या सपा आरक्षित सीटों पर पासी जाति के लोगों को ज्यादा संख्या में लड़ाएगी। दूसरा, क्या अयोध्या विधानसभा सहित अन्य सामान्य सीटों पर भी दलित प्रत्याशी उतारेगी। दोनों सवाल पर सांसद अवधेश प्रसाद ने जातिय राजनीति से इंकार किया। हालांकि जब वे लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे तो समर्थकों ने नारा लगाया था कि मथुरा ना काशी, अबकी बार



■ लोकसभा की तरह अयोध्या विधानसभा सीट पर दलित उम्मीदवार दे सकती है सपा

अवधेश पासी। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी सपा ने पासी जाति देखकर ही अवधेश प्रसाद के लड़के को टिकट दिया था। मिल्कीपुर के चुनाव परिणाम को उन्होंने वोट डकैती बताया। उत्तर प्रदेश के 2022 विधानसभा चुनाव में पासी जाति के विधायकों की संख्या 22 थी जिसमें 16 भारतीय जनता पार्टी के व छह सपा के थे। सपा के छह विधायकों में अवधेश प्रसाद खुद भी थे, सांसद चुने जाने के बाद उस सीट पर भाजपा का कब्जा हो गया। लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने रणनीति बदली तो उत्तर प्रदेश से पासी जाति के चुने गए 8 सांसदों में पांच सपा के थे। एक समय था जब जाटव वोटों के साथ पासी जाति बसपा की ताकत हुआ करता था। धीरे धीरे पासी जाति के नेताओं का मायावती से मोहभंग हुआ तो वोटरों ने पहले भाजपा व अब सपा को अपना रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में पासी जाति के मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं में लगभग चार प्रतिशत है लेकिन अवध व पूर्वांचल क्षेत्र में लगभग सोलह प्रतिशत पासी मतदाता हैं। अयोध्या, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी में तो पासी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। फैजाबाद अयोध्या जैसी सामान्य लोकसभा ाी सीट पर भी सपा की जीत का महत्वपूर्ण कारक अवधेश प्रसाद का पासी होना रहा है। फैजाबाद लोकसभा की तरह सपा मुखिया अखिलेश यादव अयोध्या विधानसभा सीट भी जीतना चाहते हैं। पिछले तीन दशक में सपा यहां से सिर्फ एक बार जीत पाई है। 22 के चुनाव में अखिलेश ने रोड शो करके माहौल बनाने की कोशिश की थी लेकिन मतदान के पूर्व की रात विपक्ष की रणनीति ने मंसूबों पर पानी फेर दिया था। फैजाबाद लोकसभा की तरह क्या अयोध्या विधानसभा पर भी सपा दलित दांव खेल सकती है। जातिय नहीं जिताऊ उम्मीदवार रहेगा, कहकर अवधेश प्रसाद ने यह जताने की कोशिश की है कि सपा पीडीए के साथ सवर्ण वोटों को रिझाने की भी रणनीति बना रही है।

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी प्रासंगिक : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से समाज को आदर्शों, मर्यादा और मानवीयता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि समाज का हर वर्ग बिना किसी भेदभाव के एक साथ आगे बढ़े और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीन प्रमुख कार्यक्रमों में भागीदारी की और ये भी कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है ताकि कोई भी नागरिक पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की प्रगति तभी संभव है जब हर वर्ग का उत्थान समान रूप से होगा।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के कन्वेशन सेंटर व शालीमार बाग हैदरपुर क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती से जुड़े तीन बड़ने कार्यक्रमों में शिरकत की और लोगों के उनके आदशों पर चलने का आह्वान किया। इन दिल्ली सचिवालय के कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा, कई विधायकगण तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। एनडीएमसी के कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत चहल तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। जबकि हैदरपुर के कार्यक्रम में स्थानीय लोगों का हुजूम शामिल हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज में समानता, समरसता और न्याय के आदर्शों पर आधारित महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं को नमन किया और कहा कि दिल्ली सरकार हर धर्म और संस्कृति के पर्वों को समान सम्मान और भव्यता के साथ मना रही है। दिल्ली में अब हर धर्म और हर परंपरा को समान सम्मान मिल रहा है और यही सच्चे रामराज्य की परिकल्पना है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब से हर वर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती पर दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश रहेगा, ताकि इस पर्व को पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली सरकार ने बहुत बड़ी संख्या में संस्थाओं को सहयोग प्रदान किया है, जिससे यह पर्व ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने एनडीएमसी द्वारा लगभग 4,500 कर्मचारियों को नियमित करने के निर्णय की सराहना की और इसे समानता व सम्मान के सिद्धांतों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि इस बार दिल्ली में एक विशेष पहल हुई कि पंजाब से भगवान वाल्मीकि जी की ज्योति लाई गई, जो दिल्ली के सभी रामलीलाओं में स्थापित की गई है। यह एकता और समरसता का प्रतीक है, जो भगवान वाल्मीकि के विचारों को मूर्त रूप देता है।



समाज के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना हमारा लक्ष्य : रेखा गुप्ता

■ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तीन प्रमुख कार्यक्रमों में की भागीदारी

## ग्रीन पटाखों की अनुमति को सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्लीवासियों की भावनाओं और दीपावली को लेकर लोगों के असीम प्रेम और आस्था का सम्मान करते हुए दिल्ली सरकार सर्वोच्च न्यायालय से निवेदन करेगी कि दीपावली पर प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी सरकार का मानना है कि जनभावनाओं और पर्यावरण संरक्षण, दोनों के बीच संतुलन आवश्यक है। इस पहल का उद्देश्य परंपराओं का सम्मान करते हुए प्रदूषण नियंत्रण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली को लेकर दिल्ली वालों में अलग ही उत्साह, उमंग और उल्लास नजर आता है। यह पर्व न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि दिल्ली की आर्थिक और सांस्कृतिक धड़कन का प्रतीक भी है। उन्होंने जानकारी दी कि इस पर्व को शानदार और वैभवपूर्ण बनाने के लिए दिल्ली वाले आतिशबाजी का खूब उपयोग करते रहे थे, लेकिन प्रदूषण व विभिन्न कारणों से इसे रोक दिया गया।

## राजधानी में जनित रोगों के तेजी से बढ़ते मामले चिंताजनक : देवेन्द्र



■ बीमारियों को रोकने के लिए की तत्काल कदम उठाने की अपील

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में जहां स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई है वहीं पिछले एक सप्ताह में डेंगू के 59 और मलेरिया के 38 मामले आने के बाद हालात गंभीर बनते जा रहे है, जो चिंताजनक है। भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार की निष्क्रियता के कारण 2025 में जल जनित बीमारियों में डेंगू के सबसे ज्यादा 759 मामले, मलेरिया के कुल 371 मामले और चिकनगुनिया के 61 मामले हो चुके है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद मलेरिया के मामले सबसे ज्यादा हुए है और डेंगू के मामले भी बढ़ने की आशंका है क्योंकि स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वास्तविक मामलों की संख्या अधिक हो सकती है। देवेन्द्र यादव ने रेखा गुप्ता सरकार से जल जनित बीमारियों के तेजी से प्रसार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की क्योंकि दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद, राजधानी में किसी भी क्षेत्र में कोई सुधार नहीं देखा गया है। भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार दिल्ली में बारिश के पानी और नमी के कारण मच्छरों के प्रजनन और संक्रमण को फैलने से रोकने में नाकाम साबित हुई।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले दो महीनां भाजपा के विशेष स्वच्छता अभियान के बावजूद दिल्ली में कूड़े के ढेर और गंदगी का इतना बुरा हाल है कि बारिश का पानी जमा होने से मच्छरों की पैदावार बढ़ी है यही कारण है कि पिछले एक सप्ताह में डेंगू, मलेरिया के मामलों की संख्या एकदम से बढ़ी है। नजफगढ़ जोन, करोल बाग, साउथ, वेस्ट जोन, शाहदरा साउथ और शाहदरा नार्थ जोन में डेंगू के मामले अधिक सामने आए है वहीं सेन्ट्रल जोन में मलेरियां के सबसे ज्यादा मामले सामने आए है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लोगों को भ्रमित करने की राजनीति करने की बजाय दिल्ली की जनता को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाने के लिए अगर स्वास्थ्य मंत्री को निर्देश देंगी तो डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को रोका जा सकेगा।

### सार संक्षेप

## दस वित्तीय अनुशासनहीनताओं से बचने की एसबीआई ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर एसबीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशक शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में बताया गया कि जैसे रामायण में रावण के दस सिर बुराई का प्रतीक हैं, वैसे ही हमारी 10 वित्तीय आदतें टालमटोल, आपातकालीन फंड की कमी, आवेगपूर्ण खर्च, बजट की कमी, कर्ज का जाल, अल्पकालिक सोच, महंगाई की अनदेखी, कर अक्षमता, एक ही संपत्ति पर निर्भरता और लक्ष्य-आधारित योजना की कमी-वित्तीय स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। एसबीआई म्यूचुअल फंड ने इन बुराइयों से निपटने के लिए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को सबसे प्रभावी हथियार बताया। एसआईपी निवेशकों को नियमित और अनुशासित निवेश की आदत देती है, जिससे बाजार की उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेश की लागत औसत और कंपाउंडिंग का लाभ मिलता है।

## क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज को 370 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड को पुणे स्थित समाज कल्याण आयुक्तालय से 370 करोड़ रुपए का महत्वपूर्ण पांच वर्षीय अनुबंध मिला है। यह अनुबंध कल्याण संस्थानों के विस्तृत नेटवर्क में मशीनीकृत हाउसकीपिंग और आउटसोर्स्ड मैनपावर सेवाओं को शामिल करता है, जो क्रिस्टल के सरकारी पोर्टफोलियो की सामाजिक रूप से सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक है। महाराष्ट्र के हॉस्टलों, कल्याण गृहों, प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशासनिक भवनों तक फैला होगा, जहां हजारों विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक और वंचित समुदाय शिक्षा, देखभाल और आश्रय के लिए सरकारी सेवाओं पर निर्भर हैं। इस अवसर पर क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लि. के सीईओ व होल टाइम डायरेक्टर संजय दिघे ने विचार रखे।

# भारतीय बौद्ध संघ की राष्ट्रीय परिषद् ने लिए महत्पूर्ण फैसले




संविधान को घर-घर पहुंचाने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध संघ ने देश के संविधान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान को गति देने के लिए आगामी 26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित भारतीय बौद्ध संघ की राष्ट्रीय परिषद् की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर भंते संघप्रिय राहुल ने कहा कि सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जोर-शोर से इस अभियान में जुट जाना चाहिए। डॉक्टर भंते संघप्रिय राहुल ने कहा कि 26 नवंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में संविधान दिवस का कार्यक्रम होगा। उसी दिन मध्य प्रदेश के लिए संविधान वितरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम तमाम प्रदेशों में चलेगा। लखनऊ में भी एक बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा।

### अभियान की सफलता के लिए निकाल जाएगी रथ यात्रा

विभिन्न जिलों और मंडलों में अभियान की सफलता के लिए रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में कई केंद्रीय मंत्री, न्यायविद्, राजनेता और विभिन्न क्षेत्रों की तमाम बड़ी हस्तियाँ शामिल होंगी। डॉक्टर भंते ने कहा कि भारतीय बौद्ध संघ में हर जाति या वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। संगठन को व्यापक बनाया जाना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि किसी की बुराई किये बिना अपने कार्यों की विशेषता के बारे में लोगों को बताएं। यदि नीति और नीयत ठीक होगी तो मंजिल अवश्य मिलती है। बस इसके लिए थोड़ा धैर्य और शौर्य की जरूरत है। भारतीय बौद्ध संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भी विचार व्यक्त किए।

## प्योर आयोनिया का भारत में किया शुभारंभ




**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने प्योर आयोनिया- एक क्रांतिकारी अल्कलाइन वॉटर प्यूरिफिकेशन ब्रांड का भारत में भव्य शुभारंभ किया। रणदीप हुड्डा ने इस अवसर पर कहा, 'मुझे प्योर आयोनिया के भारत लॉन्च का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हो रही है। पानी ही जीवन है, और हम जो पानी पीते हैं उसकी गुणवत्ता हमारे स्वास्थ्य, ऊर्जा और जीवनशैली पर सीधा असर डालती है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्योर आयोनिया केवल पीने का पानी नहीं है, बल्कि यह विज्ञान-आधारित हाइड्रेशन है जो एक स्वस्थ और खुशहाल जीवनशैली को समर्थन देता है।' प्योर आयोनिया अपनी नई और अत्याधुनिक तकनीक के साथ शुद्ध जल अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। यह ब्रांड अब पूरे भारत में 150 से अधिक सर्विस सेंटरों के साथ हर घर में स्वास्थ्य और स्वच्छता का नया मानक स्थापित करने जा रहा है। कंपनी के निदेशक उमेश सिंघल, संदीप चौहान, अंकुश वॉट्स और भोपीन्द्र पंवार ने कहा, 'हमारा मिशन हर घर और व्यवसाय तक शुद्ध, स्वस्थ पानी पहुँचाकर लोगों के वेलनेस और जीवनस्तर को बेहतर बनाना है।' प्योर आयोनिया, एवरप्योर इन्फ्रा प्रा. लि. का प्रमुख ब्रांड है, जो दक्षिण कोरिया से अत्याधुनिक अल्कलाइन वॉटर आयोनाइज़र मशीनें भारत में लेकर आया है।

## प्राइम गोल्ड ने सेल के साथ मिलकर लॉन्च किया 550 डी प्राइमरी स्टील



**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिवाली के पावन पर्व को और खास बनाते हुए प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड ने देश का सबसे उम्दा सरिया प्राइमगोल्ड 550 डी प्राइमरी स्टील मार्केट में लॉन्च कर दिया है। प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए दिल्ली के पंजाबी बाग क्लब में एक खास डीलर्स मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस इवेंट में चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल और सीईओ पुलकित अग्रवाल शामिल हुए, जो प्राइमगोल्ड टीएमटी की गुणवत्ता और तकनीकी विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि प्राइमगोल्ड सिर्फ सरिया ही नहीं, बल्कि कामधेनू सीमेंट, स्टेनलेस स्टील प्लम्बिंग पाइप और टैंक भी बनाती है। यह नया प्रोडक्ट कंस्ट्रक्शन सेक्टर के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। यह उत्पाद सीधे स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल के कच्चा माल बिलेट से बनाया जाता है, जो इसे हाई-राइज बिल्डिंग के निर्माण के लिए बेहतर है। सीईओ पुलकित अग्रवाल ने बताया कि प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड दरअसल मेसर्स प्राइमगोल्ड इंटरनेशनल लिमिटेड और मेसर्स स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की एक संयुक्त उपक्रम कंपनी है। इसकी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट ग्वालियर, मध्य प्रदेश में स्थित है।

इस जेवीसी में सेल की 26 प्रतिशत शेयर भागीदारी है, जबकि प्राइमगोल्ड इंटरनेशनल लिमिटेड के पास 74 प्रतिशत शेयर है। कंपनी के पास पूरे देश में एक मजबूत नेटवर्क है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रीमियम सरिया हर कंज्यूमर तक पहुंच सके। खास बात यह है कि कामधेनु सीमेंट के निदेशक प्रदीप अग्रवाल जी प्राइमगोल्ड के चेयरमैन भी हैं। कंपनी सबसे कम रेट पर प्राइमरी सरिया उपलब्ध कराती है।

## कालरा अस्पताल में मरीजों को मिलती है मदद : बासुरी स्वराज

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर साल की भांति इस साल भी वर्ल्ड हार्ट डे के उपलक्ष पर दिल्ली में कालरा अस्पताल के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह व जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक सेठ ने भाग लिया। इस अवसर पर कालरा अस्पताल के प्रमुख डॉक्टर आर.एन. कालरा ने कहा की हार्ट रोग को लेकर वह पूरे दिल्ली में अब जल्दी से जल्द जागरूकता अभियान चलाएंगे। ताकि हार्ट रोग के प्रति लोगों को सचेत किया जा सके। उन्होंने कहा की मोटापा मधुमेह और सिगरेट पीने वालों को हार्ट रोग होने की ज्यादा संभावना रहती है। इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि वह जल्दी से जल्दी दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करेंगे ताकि कोई भी मरीज चिकित्सा के अभाव में परेशान ना हो इस अवसर पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि वह कालरा अस्पताल में मरीजों को धन की अभाव में परेशान नहीं होना पड़ता है। अस्पताल में सभी को कम पैसा मे भी इलाज मुहैया हो जाता है। कालरा अस्पताल के प्रमुख डॉक्टर आर एन कालरा मरीजों को सस्ते व सुलभ इलाज करने के लिए मशहूर है। इस मौके पर जाने-माने हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक सेठ ने कहा है की हार्ट रोगियों को और हार्ट रोग ना हो इसके लिए अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।





## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

**संख्या 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025** **दिनांक: 06.10.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-43-2025 | दिनांक 22.10.2025 को 11:00 बजे | गुडगॉव (कार), करनाल (साइकिल-स्कूटर-मोटरसाइकिल-कार), सांपला (द्वितीय प्रवेश) टोहाना = कुल 04 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | **https://ireps.gov.in/** |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **Email: pkg.delhidivision@gmail.com** Tel: 011-23743084 |

**3080/25** **वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दो वंदे भारत त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने निम्नलिखित वंदे भारत त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**02252/02251 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 32 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 02252 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02251 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:35 | नई दिल्ली | 23:30 | ---- |
| 10:21 | 10:23 | अलीगढ़ जं. | 20:53 | 20:55 |
| 13:30 | 13:35 | कानपुर सेन्ट्रल | 17:50 | 17:55 |
| 15:45 | 15:50 | प्रयागराज जं. | 15:35 | 15:40 |
| 18:00 | 18:10 | प. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 13:10 | 13:20 |
| 19:26 | 19:28 | बक्सर | 11:25 | 11:27 |
| 20:10 | 20:12 | आरा जं. | 10:38 | 10:40 |
| 21:30 | ---- | पटना जं. | ---- | 10:00 |

**चलने के दिन: 02252 नई दिल्ली** से दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 (प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) तक एवं **02251 पटना जं.** से दिनांक 12.10.2025 से 16.11.2025 (प्रत्येक मंगलवार, वीरवार एवं रविवार) तक।
**स्थान:** वाता. एजिक्यूटिव श्रेणी एवं वाता. कुर्सीयान।

**02253/02254 पटना जं. - नई दिल्ली - पटना जं. आरक्षित वंदे भारत त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 33 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 02253 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02254 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:00 | पटना जं. | 21:30 | ---- |
| 10:38 | 10:40 | आरा जं. | 20:10 | 20:12 |
| 11:25 | 11:27 | बक्सर | 19:26 | 19:28 |
| 13:10 | 13:20 | प. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 18:00 | 18:10 |
| 15:35 | 15:40 | प्रयागराज जं. | 15:45 | 15:50 |
| 17:50 | 17:55 | कानपुर सेन्ट्रल | 13:30 | 13:35 |
| 20:53 | 20:55 | अलीगढ़ जं. | 10:21 | 10:23 |
| 23:30 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 08:35 |

**चलने के दिन: 02253 पटना जं.** से दिनांक 11.10.2025 से 17.11.2025 (प्रत्येक शनिवार, सोमवार एवं बुधवार) तक एवं **02254 नई दिल्ली** से दिनांक 12.10.2025 से 16.11.2025 (प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं वीरवार) तक।
**स्थान:** वाता. एजिक्यूटिव श्रेणी एवं वाता. कुर्सीयान।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3079/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से किया सम्मानित

# एनएसएस पुरस्कार पाना मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण : प्रीतिका रावत

**नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिष्ठित माय भारत-राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार (स्वयंसेवक श्रेणी) इस वर्ष दिल्ली की प्रीतिका रावत को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उनके समाज सेवा और सामुदायिक विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी), नई दिल्ली की एनएसएस इकाई से जुड़ी प्रीतिका ने महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक स्वास्थ्य, स्वच्छता अभियान, बाल शिक्षा, युवा सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल की हैं।**

उनके प्रयासों ने कई समुदायों में ठोस बदलाव लाया और एनएसएस के मूल मंत्र स्वयं से पहले आप को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में उनके नेतृत्व और समर्पण को सराहा गया। सम्मान प्राप्ति पर प्रीतिका ने कहा कि एनएसएस पुरस्कार पाना मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण है। यह केवल मेरा नहीं बल्कि यह हर उस स्वयंसेवक का सम्मान है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करता है।

मैं आशा करती हूं कि यह और युवाओं को सेवा और समर्पण के मार्ग पर प्रेरित करे। उन्होंने बताया की वे विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण सरोहा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हैं, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएसएस पुरस्कार देश में स्वयंसेवकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है, जो समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में असाधारण समर्पण को मान्यता देता है। प्रीतिका की यह उपलब्धि देशभर के युवाओं को सामुदायिक सेवा और सामाजिक उत्थान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी।



■ राष्ट्रपति भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में प्रीतिका के नेतृत्व व समर्पण को सराहा गया



### उत्तराखंड के चमोली जिले की निवासी हैं प्रीतिका

हालांकि वर्तमान में दिल्ली में निवास करने वाली प्रीतिका मूलतः उत्तराखंड के चमोली जिले की निवासी हैं। यह उपलब्धि उनके गृह राज्य और विश्वविद्यालय दोनों के लिए गर्व का क्षण है। उनके पिता बख्तावर सिंह व माता बूदी रावत ने बताया अपनी बेटी की उत्कृष्ट उपलब्धि से अत्यंत गर्वित हैं तथा उसके सुनहरे भविष्य की कामना करते हैं। प्रीतिका की यह उपलब्धि देशभर के युवाओं को सामुदायिक सेवा और सामाजिक उत्थान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

112 कंट्रोल रूम से सुबह करीब 7:45 बजे सूचना प्राप्त हुई कि राजनगर एक्सटेंशन में एक व्यक्ति का सिर में चोट लगा पड़ा है। सूचना पर नंदग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान चंद्रपाल उर्फ बनवारी निवासी नूर नगर सिहानी के रूप में हुई है : **उपासना पांडे, एसीपी नंदग्राम**

## राजनगर एक्सटेंशन की 30 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी जनसुविधा का मार्ग

- **3.40 किलोमीटर लंबी सड़क में 1200 मीटर का निर्माण पूर्ण, 700 मीटर पर कार्य प्रगति पर**
- **सड़क को 4 लेन में विकसित किया जा रहा**



**गाजियाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनगर एक्सटेंशन की 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण में तेजी आ गई है। केडीपी गोलचक्कर से भट्ठा संख्या-5 होते हुए 'हम-तुम रोड' तक जाने वाली 30 मीटर चौड़ी सड़क—अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। यह सड़क लगभग 3.40 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित है, जिसमें से 1200 मीटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 700 मीटर हिस्से पर तेजी से कार्य जारी है।

बता दें कि पहले यह परियोजना किसानों के विरोध के कारण कई वर्षों से ठप पड़ी थी। परंतु उपाध्यक्ष अतुल वत्स के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप और नियमित समीक्षा बैठकों के फलस्वरूप आपसी सहमति बनी और कार्य फिर से शुरू कराया गया।

वर्तमान में इस सड़क के साथ सीवर लाइन और नाली निर्माण कार्य भी समानांतर रूप से संचालित हैं। परियोजना पूर्ण होने के बाद यह सड़क न केवल राजनगर एक्सटेंशन की प्रमुख कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगी, बल्कि इसे आउटर रिंग रोड और जीडीए की हरनंदीपुरम योजना से भी जोड़ देगी।

इस सड़क के बनने से दिल्ली से आने वाला यातायात भट्ठा नंबर-5 होते हुए मेरठ रोड तक आसानी से पहुंच सकेगा, जिससे क्षेत्रीय ट्रैफिक दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही भोवापुर, सिक रोड, शाहपुर निज मोरटा और मोरटा जैसे आसपास के गांवों को भी सीधी कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

सड़क को 4 लेन में विकसित किया जा रहा है, जिसके बीच में 2 मीटर चौड़ा सेंट्रल वर्ज प्रस्तावित है। इस वर्ज पर हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) के रूप में पौधारोपण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन भी सुदृढ़ होगा। यह सड़क राजनगर एक्सटेंशन की एक जीवन रेखा सिद्ध होगी। इसके निर्माण से न केवल नागरिकों को आवागमन में सुलभता मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में नई परियोजनाओं और निवेश के अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## मुठभेड़ में दो वाहन चोर गिरफ्तार

गाजियाबाद, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना लिंकरोड व थाना साहिबाबाद पुलिस ने रविवार की रात में दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह चार-चार पहिया वाहनों की चोरी करता है। बदमाशों के कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 जिंदा कारतूस, 2 खोखा कारतूस, चोरी की 2 कार, कार चोरी करने के उपकरण, 4 गाड़ियों की चाबियां व थाना लिंकरोड से चोरी गई आल्टो 800 से संबन्धित कागजात तथा 2 नंबर प्लेट व फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुए हैं।

डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि मुखबिर के जरिए खबर मिली कि करीब दस दिन पहले थाना लिंक रोड क्षेत्र से अल्टो 800 गाडी को चोरी करने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह के सक्रिय दो कार चोर औधोगिक क्षेत्र साईट 4 की तरफ से चोरी की दो गाडियों को लेकर सुरक्षित स्थान पर पार्क करने के लिए अपने साथियो के साथ आने वाले हैं तथा उनके पास अवैध असलाह भी है।

सूचना पर पुलिस वाले सूर्य नगर रेलवे पुल के पास बैरियर लगाकर सघनता से



- **बदमाशों से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, चोरी की 2 कार, कार चोरी करने के उपकरण बरामद**

चैकिंग करने लगे तभी कुछ देर बाद दो गाड़ी एक साथ आती हुई दिखाई दी। दोनों गाड़ियों को रोकने का इशारा किया गया तो नही रुके तथा दोनों गाड़ियां बैरियरों में टक्कर मारते हुए तेज गति से चौकी सूर्यनगर की ओर भागने लगे। पुलिस पार्टी ने पीछा किया तो पीछे वाली गाड़ी में मौजूद कार चालक ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने पीछा करते हुए राधा कुन्ज के पीछे रेलवे ग्राउंड कडकड माडल में जाकर पीछे वाली गाड़ी के चालक ने अपनी गाड़ी से उतरकर असलाह से पुलिस वालों की तरफ जान से मारने की नीयत से पुन: फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश अनिल कुमार निवासी ग्राम जवां सिकन्दरपुर थाना जवां जिला अलीगढ घायल हो गया । उसके साथी अनिल उर्फ महाराज निवासी किराडी गांब(प्रेमनगर) सुल्तानपुरी नियर शिव मन्दिर थाना अमन विहार नोर्थ वेस्ट दिल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि हम दोनों का एक अन्य साथी अनिल भूषण जो कि फरीदाबाद का रहना वाला है तथा बलजीत सिंह उर्फ बोबी जो विकासपुरी दिल्ली में रहता है। हम सब मिलकर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से चार पहिया वाहन चुराते है। हम चोरी करने के बाद इन चोरी की गई गाड़ियों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर तथा इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर टैम्पर्ड करते है तथा चोरी की गाड़ियों को हमारा साथी बलजीत सिंह उर्फ बोबी बेच देता है तथा कुछ गाड़ियो को हम कटवा देते है।

## शराब की दुकान पर कार्यरत सेल्समैन की सिर कुचल कर हत्या

**गाजियाबाद।** राज नगर एक्सटेंशन में सोमवार को शराब की दुकान पर कार्यरत एक सेल्समैन को हत्या कर दी गई। रात में ही सेल्समैन की किसी व्यक्ति से विवाद विवाद हो गया था। माना जा रहा है कि इसी के चलते सेल्समैन की हत्या की गई है। मरने वाले सेल्समैन का नाम चंद्रपाल उर्फ बनवारी(38वर्ष) है। उसके पिता का नाम बुद्धा था। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने बताया कि 112 कंट्रोल रूम से सुबह करीब 7:45 बजे सूचना प्राप्त हुई कि राजनगर एक्सटेंशन में एक व्यक्ति का सिर में चोट लगा पड़ा है। सूचना पर नंदग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान चंद्रपाल उर्फ बनवारी निवासी नूर नगर सिहानी के रूप में हुई है। संभवत शव देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि सिर में कोई भारी वस्तु से हमला कर हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जान पड़ताल की जा रही है।

## सार संक्षेप

### चलती बस में लगी आग, दमकल की गाड़ी ने पाया आग पर काबू



**नोएडा।** एलिवेटेड रोड के नीचे सेक्टर-28 के पास एक बस में आग लग गई। बस निजी आपरेटर की है जो नोएडा से गाजियाबाद जा रही थी। जिस दौरान बस में आग लगी सिर्फ चालक और परिचालक थे। आग लगते ही बस को साइड में किया और कूद गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल की एक गाड़ी ने करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग के दौरान यातायात को रोक दिया गया। आग बुझाने के साथ ही यातायात को दोबारा से चालू किया गया। गनीमत रही कि बस में कोई सवारी नहीं थी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने के लिए दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया था। आग से कोई जनहानि नहीं है बल्कि बस जलकर राख हो गई।

### युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को 'सूत्र सम्मान 2025' देने का निर्णय

**नोएडा।** लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष युवा कविता के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 'सूत्र सम्मान' वर्ष 2025 के लिए कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को दिए जाने का निर्णय सूत्र समिति द्वारा लिया गया है। कवि डॉ. सुनीलकुमार शर्मा को छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव में 25 अक्टूबर 2025 को 'सूत्र एवं ककसाड़, साहित्यिक पत्रिका' के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान-2025' प्रदान किया जाएगा। युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा, हिन्दी के संभावनाशील कवि हैं। सुनील की कविताओं में जो अनगढ़ जीवन है, वह उम्मीद की तरह है। डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम करते हुए आधुनिक तकनीक को रचना के स्तर आगे बढ़ाया है। वाणी प्रकाशन से एक कविता संग्रह के अलावा प्रौद्योगिकी पर डॉ. शर्मा के शोधपूर्ण किताबें प्रकाशित हैं।

### युवक पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**नोएडा।** सदरपुर कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को अमर पासवान नाम का युवक बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया। वह किशोरी को लेकर होटल गया और कई बार दुष्कर्म किया। उसने किशोरी की अश्लील वीडियो बनाई। आरोपी लगातार किशोरी पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। किशोरी ने जब ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया। विरोध करने पर उसने किशोरी और उसके परिवार के लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

## कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित

**खोड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आदर्श नगर स्थित श्रीजी गेस्ट हाउस में रविवार को नगर अध्यक्ष विशंभर सिंह नेगी की अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया



गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा साथ में जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष द्वारा संगठन के विस्तार को लेकर लोगों को प्रोत्साहित करते हुए बड़ी संख्या में यूथ को पार्टी से जोड़ने के लिए सुझाव दिया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा नव निर्वाचित सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मौके पर खोड़ा नगर उपाध्यक्ष लालाराम लोधी, सत्यनारायण भरत लोधी महासचिव प्रमोद पांडे, अखिलेश त्रिपाठी, बाबू चौधरी, जमुना प्रसाद, वीरेंद्र शाकिया, राकेश चौहान , आशा तुली, काजल, कोषाध्यक्ष भास्कर यादव, मंडल अध्यक्ष रितिक बावरिया, राकेश पहाड़ी, पवन कुमार, नकुल राहुल और अन्य कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी द्वारा दिए गए उत्तरदायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने की शपथ ली गई।

मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अख्तर अली को दी गई। जिला अध्यक्ष द्वारा दिनेश प्रताप ठाकुर पार्टी का महासचिव अंसारी पीएससी एसएन राय आदि कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों दी गई। पूर्व में पार्टी के लिए बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## नई कंपनी करेगी गोल्फ कोर्स का बचा हुआ काम पूरा

- **40 करोड़ का काम है बचा, एनआईटी अप्रूवल के बाद जारी होगा टेंडर**

**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-151ए में नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया गया है। साथ ही उसकी जमा की गई धरोहर राशि को भी जमा कर लिया गया है। अब बचे 40 करोड़ के काम के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करने जा रहा है। इसके लिए नोटिस इवाइटिंग टेंडर (एनआईटी) जारी की जा रही है। इसके लिए प्राधिकरण सीईओ से अप्रूवल लेने की प्रक्रिया जारी है।

प्राधिकरण ने बताया कि इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के निर्माण के लिए 1 जुलाई 2021 को कंपनी कश्यपी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट किया गया। जिसका काम 30 जून 2022 तक पूरा होना था। कार्यस्थल पर कई बाधाओं के कारण समय-समय पर सक्षम स्तर से निर्माण कार्य पूरा करने के लिए टाइम एक्सटेंशन दिया गया।

इस डेट को भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका। यही नहीं इस बीच 18 नवंबर 2024 और 24 जून 2025 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। आपके द्वारा दिया गया उत्तर संतोषजनक नहीं मिला। ऐसे में एग्रीमेंट की शर्तो का उल्लघंन करने के एवज में जमा की गई धरोहर राशि को जमा किया गया और दो साल के लिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया।

बता दे परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 40 करोड़ का काम अभी बचा है। जिसे पूरा करने के लिए नई कंपनी को काम अवार्ड किया जाएगा। सिविल कार्य में करीब 80 करोड़, इंटीरियर से लेकर होर्टिकल्चर का काम होना है। योजना का कुल एरिया करीब 113.87 एकड़ है।

113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स, 94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया, 6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया, 7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया, 4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया, 9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट व 4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

## सफाई कर्मी को पीटने वाला गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक फाच्यूर्नर कार सवार युवक साफ-सफाई कर्मी को पिस्टल दिखाकर



पहले पीटता है फिर गाली गलौज करते हुए वहां से फरार हो जाता है। ये घटना 4 अक्टूबर की है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया। सफाई कर्मी की शिकायत पर आरोपी को सोमवार को सेक्टर-50 बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया। इसका नाम योगेश यादव है। साथ में इसकी फाच्यूर्नर कार को भी जब्त किया गया है। 4 अक्टूबर को एक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होता है। जिसमें होशियारपुर की एक गली में सफाई कर्मी अपनी कूड़ा गाड़ी लेकर जा रहा था। इस दौरान फाच्यून्नर कार में कूड़ा गाड़ी टच होती है। इस बात को लेकर योगेश यादव पहले कार से उतरता है। मारपीट करता है फिर तमंचा निकलाकर जान से मारने की धमकी देता है।

## बारिश होने से लोगों को उमस से मिली राहत

**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। सोमवार दोपहर से ही आसमान पर घने काले बादलों का डेरा रहा और रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं लोगों को सड़क पर वाहन चलाने में दिक्कत हुई। यहां कई सड़कों पर हल्का जलभराव भी हुआ। कुछ एक स्थानों पर क्रासिंग की लाइट भी खराब हो गई। जिससे लोगों को जाम मिला। दोपहर बाद बारिश थम गई हालांकि बादल छाए रहे। जिससे तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। आईएमडी मुताबिक 2 दिनों तक हल्की बारिश होने की उम्मीद है। इसके बाद ही बारिश में कमी आएगी, हालांकि आसमान में बादल बने रहेंगे। सात अक्टूबर को हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ रहेगा। धूम निकलेगी और तापमान में कमी रहेगी। बारिश के बाद 30 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं नमी की मात्रा 80 प्रतिशत रिकार्ड की गई। इस बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली।

- **रुक-रुक कर होगी बारिश, कल से खिलेगी धूप**

**बारिश के बीच सड़कों पर दौड़ते वाहन**

नोएडा के हरौला, सलारपुर, भंगेल, बरौला के अलावा ग्रेटरनोएडा के कुलेसरा में कई स्थानों हल्का जलभराव हुआ है। वहीं सेक्टर-62, 63,58 फेज-2 में भी कुछ एक स्थानों के सड़कों के किनारों पर पानी भरा। हालांकि बारिश के बाद पानी उतर गया।

## 50 से ज्यादा ब्रेजा कार चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

- **मैगनेट से खोलते है लॉक, दिल्ली नोएडा, बरेली में मुकदमे दर्ज**



**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मैगनेट के जरिए ब्रेजा कार चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन लोगों को थाना फेज-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम हेमंत कुमार, अमित और बलजीत उर्फ बाबी है। ये लोग कार चोरी कर अपने एक साथी को 50-50 हजार में बेच देते है। इनके पास से 4 नंबर प्लेट, एक लोहे की टी, एक चकोर मैगनेट कार चोरी करने वाले उपकरण बरामद किया गया है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि पुलिस सेक्टर 82 पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की स्कूटी के पास खड़े तीन लोगों को पुलिस ने रोका। तलाशी और पूछताछ की गई। इन तीनों को गिरफ्तार किया गया। इसमें हेमंत के पास से 10 हजार रुपए , अमित के पास से 10 हजार और बलजीत के पास से 30 हजार रुपए बरामद किए गए। इन तीनों पर करीब 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

पुलिस पूछताछ में बताया कि हेमंत व अमित बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा स्कूटी से रात में रेकी करते है। ये लोग सिर्फ ब्रीजा कार की ही रेकी करते है। कार चोरी करने के बाद अपने साथी बॉबी उर्फ बलजीत को 50000-50000 रुपए में बेच देते है। हेमंत ने बताया कि वह 'लोहे की टी' से गाड़ी की खिड़की का लॉक खोलता है। अमित मैग्नेट को गाड़ी के स्टेरिंग के नीचे लगाकर स्टेरिंग लॉक खोलता है। एक बार लॉक खुलने पर डुप्लीकेट चाबी से कार स्टार्ट कर लेते है। इसके बाद कार चोरी कर फरार हो जाते है।

इनके पास से बरामद चार नंबर प्लेट मिली है उसमें रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 बीएन 3301 की ब्रेजा कार को सेक्टर 110 नोएडा से चोरी की थी। वहीं रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 सीडब्ल्यू 1899 की ब्रेजा कार सेक्टर 22 नोएडा से चोरी की थी।

इन तीनों पर बरेली, गौतमबुतद्धनगर , मेरठ, दिल्ली, बुलंदशहर में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि तीनों की जानकारी इन जनपदों के अलावा अन्य जनपद भेजी जा रही है। वहां से जानकारी की जा रही है।

## टप्पेबाजी करने वाले तीन गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में टप्पेबाजी कर महिलाओं से कीमती सामान चोरी करने वाले 3 लोगों को थाना सेक्टर-24 गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 कान की टाप्स पीली धातु, एक लॉकेट पीली धातु, लाल सफेद मोती की माला और 9780 रुपए नकद बरामद किए गए है। इनके नाम कमल, दिलशेर और वाजिद हुई है। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-22 से की गई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को पीड़िता मयूर विहार फेज-3 जाने के लिए 12/22 चौराहे पर खड़ी थी। इस दौरान तीन व्यक्ति पास आए और बोले आपके भाइयों में झगड़ा चल रहा है। अगर आप चाहती है सभी प्यार से रहे तो हम मंदिर में पूजा करवाकर सही करवा देंगे। उनकी बातों में आकर आई ब्लाक सेक्टर-22 के मंदिर उनके साथ चली गई। वहां उन्होंने मंत्र पढ़े और कहा कि आप अपनी ज्वैलरी उतारकर



- **महिलाओं से लूटी ज्वेलरी बरामद**

अपने पर्स में रख लो। तीनों ने मुझे बातो में फंसाया और पर्स लेकर चले गए। जब तक मै समझी तीनों वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस से शिकायत की।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। इन तीनों पर बुलंदशहर, नोएडा, मुजफ्फर नगर, खतौली में मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हत्या करने के मामले में पूर्व पार्षद समेत दो को आजीवन कारावास

**गाजियाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना सिहानी गेट क्षेत्र में 21 साल पहले बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव के भाई की गोली मारकर हत्या के मामले में अदालत ने पूर्व पार्षद समेत दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। साथ ही दोनों पर35-35 हजार रुपए का अर्थदंड की किया है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता नवीन त्यागी के मुताबिक अशोक नगर निवासी नरेश यादव और उनका भतीजा जितेंद्र यादव 14 नवंबर 2004 को रामनगर स्थित अपने ऑफिस पर बैठे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से घायल हुए नरेश यादव और जितेंद्र यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने नरेश यादव को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई विजयपाल यादव ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पूर्व पार्षद मनीष पंडित उर्फ पप्पू और उसके साथी मनोज फौजी का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। तभी से मामले की सुनवाई कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 12 कोर्ट जुनैद मुजफ्फर की कोर्ट ने सुनवाई के बाद पूर्व पार्षद मनीष पंडित उर्फ पप्पू और उसके साथी मनोज फौजी है को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## दिवाली से पहले शहर में वृहद सफाई अभियान चला रहा नगर निगम

- **सजाई जा रही हैं आंतरिक गालियां व प्रमुख स्थान**

**गाजियाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापर्व दीपावली से पूर्व गाजियाबाद नगर निगम शहर की सफाई के साथ-साथ शहर के सौंदर्यकरण को भी बढ़ाने में लगा हुआ है। जिसके लिए आंतरिक वार्डों में भी वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

वहां इंटरलॉकिंग लगाकर स्थान को ऊंचा करके गमले तथा बेंच लगाई गई है तथा कूड़ा विलोपित स्थान बनाया गया है।

वार्ड संख्या 84 राजनगर, वार्ड संख्या 9 पटेल नगर मुकुं नगर, वार्ड संख्या 4 विजयनगर, वार्ड संख्या 14 सेक्टर 9 विजय नगर,




वार्ड संख्या 85 राजेंद्र नगर, वार्ड संख्या 88 गांधीनगर, वार्ड संख्या 83 श्याम पार्क मोहन नगर, वार्ड संख्या 9 शिब्बन पूरा, वार्ड संख्या 62 कवि नगर हरसाव में स्वास्थ्य विभाग दअभियान के रूप में न केवल सफाई कराई गई बल्कि कूड़ा घर विलोपित किया गया। घरों के पीछे वाली गली को भी सजाते हुए पेंटिंग का इस्तेमाल किया गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि प्रतिदिन घरों से निकलने वाले कूड़े को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन एकत्र कर रहा है। शहर वासियों से अपने वार्ड के बाहर कहीं भी पूरा न डालने के लिए अपील की जा रही है जहां पूरा दिखाई दे रहा है वहां से गाजियाबाद नगर निगम कूड़ा हटाते हुए सौंदर्य करण का कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है। इसी क्रम में वसुंधरा क्षेत्र के वार्ड संख्या 79 अभय खंड, वार्ड संख्या 81 शक्ति खंड, वार्ड संख्या 40 साहिबाबाद डिपो, वार्ड संख्या 79 न्याय खंड मकनपुर विस्तार की और भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

> **प्रतिदिन घरों से निकलने वाले कूड़े को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन एकत्र कर रहा है। शहर वासियों से अपने वार्ड के बाहर कहीं भी पूरा न डालने के लिए अपील की जा रही है : डॉ. मिथिलेश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी**

## यूनीफाइड पॉलिसी में संशोधन पर चर्चा के बाद शासन को भेजा प्रस्ताव

**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। तीनों प्राधिकरण के आवंटन , निरस्तीकरण , लीज डीड में एकरूपता लाने के लिए यूनीफाइड रेगुलेशन 2025 को लागू किया गया था। इस पॉलिसी में अब संशोधन किया जा रहा है। संशोधन से संबंधित पाइंट को बोर्ड में रखा गया। इस पर चर्चा की गई। मिनट्स तैयार कर शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

यूनीफाइड पॉलिसी के तहत औद्योगिक प्लाट आवंटन में उद्यमियों की डिमांड पर कुल 17 क्लॉज में बदलाव किया जा रहा है। इंटरव्यू बेस पर अलॉटमेंट, स्क्रीनिंग कमेटी, ई ऑक्शन प्रोसेस के अलावा संस्थागत में नर्सिंग होम और हॉस्पिटल, नेट वर्थ , लिक्विडिटी, नॉन प्रॉफिट मेकिंग कंपनी, आईटी

- **मंजूरी मिलते ही लागू कर दिया जाएगा**

आईटीईएस कंपनी के अलॉटमेंट संबंधित भूखंड आवंटन में संशोधन किया जा रहा है।

वहीं वाणिज्यिक होटल आवंटन मामले में एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में एक्सपीरियंस, लीड मेंबर और कंसोर्टियम इसके अलावा वाणिज्यिक में कुल तीन क्लाज में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव है। वहीं वाणिज्यिक में छोटे भूखंड 18 ये 300 वर्गमीटर योजना निकाली गई थी। जिसके बाद योजना में हिस्सा लेने वाले लोगों ने सुझाव दिए। इन्ही सुझावों के आधार पर 6 क्लॉज में संशोधन किया जा रहा है। इसके अलावा तकनीकी और वित्तीय अर्हता में भी संशोधन किया जाएगा।

उवाच

वर्क सर्किल-8 के अंतर्गत आने वाले डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, कासना आदि गांवों में किसान आबादी के सेक्टरों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह काम अगले कुछ माह में पूरा कर लिया जाएगा : **नागेंद्र सिंह, प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक**

# कैपिटल ज़ोन

# उद्घाटन की दहलीज पर जेवर एयरपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जिसे जेवर एयरपोर्ट के नाम से भी जाना जाता है) अब अपने उद्घाटन के करीब पहुंच चुका है। यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र को एक नई उड़ान देने की तैयारी में है, जहां निर्माण कार्य की अंतिम चरण में तेजी देखी जा रही है। विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) और टाटा प्रोजेक्ट्स के सहयोग से चल रहे इस मेगा प्रोजेक्ट में करीब 10,000 मजदूर दिन-रात काम कर रहे हैं। एयरपोर्ट का पहला चरण 1,334 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने की राह पर है, जो दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बढ़ते बोझ को कम करने में मदद करेगा।



■ **15 नवंबर से कुछ विमानों का उड़ान संभव**

■ **एयरपोर्ट का सभी कार्य 30 अक्टूबर तक पूरा करने का निर्देश**

### निर्माण कार्य में अंतिम स्पर्श : रनवे और टर्मिनल तैयार

एयरपोर्ट के रनवे और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। अब टर्मिनल बिल्डिंग, पार्किंग क्षेत्र और अन्य सुविधाओं में फिनिशिंग का काम जोरों पर है।

हाल ही में नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने साइट का निरीक्षण किया, जहां यापल ने आश्वासन दिया कि 30 अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। टाटा प्रोजेक्ट्स की देखरेख में चल रहे इस प्रोजेक्ट में स्विट्जरलैंड की ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की तकनीकी भागीदारी है, जो इसे विश्व स्तरीय बनाने में योगदान दे रही है। पहला चरण 12 मिलियन पैसेंजर्स की सालाना क्षमता के साथ तैयार हो रहा है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं जैसे ऑटोमेटेड चेक-इन, बैगेज हैंडलिंग सिस्टम और पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन शामिल हैं।

### लाइसेंस और संचालनः डीजीसीए की हरी झंडी का इंतजार

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरपोर्ट का निरीक्षण पूरा कर लिया है और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अधिकारियों का कहना है कि सभी सुरक्षा मानकों की जांच हो चुकी है। उद्घाटन के बाद कमर्शियल फ्लाइट्स का संचालन दिसंबर से शुरू होने की संभावना है, हालांकि 15 नवंबर से पहले कुछ परीक्षण उड़ानें संभव हैं।

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने घोषणा की है कि 30 अक्टूबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा, और शुरुआती फ्लाइट्स बेंगलुरु तथा हैदराबाद के लिए उड़ान भरेंगी। यह दीवाली पर एक बड़ा तोहफा साबित होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद उद्घाटन करेंगे।

### कनेक्टिविटी और विस्तारः एनसीआर की नई धुरी

एयरपोर्ट को दिल्ली-एनसीआर से जोड़ने के लिए रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम का काम भी तेजी से चल रहा है। एनसीआरटीसी ने गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले 60 किमी लंबे कॉरिडोर का जियो-टेक्निकल सर्वे पूरा कर लिया है, जो 180 किमी/घंटा की स्पीड से चलेगा। यह कॉरिडोर जेवर एयरपोर्ट से सीधे जुड़ेगा, जिससे यात्रा समय काफी कम हो जाएगा। इसके अलावा, फेज 2 और 3 के लिए 14 गांवों में भूमि अधिग्रहण शुरू हो चुका है, जो एयरपोर्ट की क्षमता को 70 मिलियन पैसेंजर्स तक बढ़ाएगा। यह प्रोजेक्ट नोएडा को भारत का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट हब बना देगा, जिसमें मेट्रो, हाईवे और रेल कनेक्टिविटी शामिल होगी।

### आर्थिक प्रभावः रोजगार और विकास की नई उड़ान

यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर को दुनिया का सबसे व्यस्त शहरी क्षेत्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। निर्माण चरण में ही हजारों रोजगार सृजित हो चुके हैं, और संचालन शुरू होने पर लाखों नौकरियां पैदा होंगी। रियल एस्टेट, टूरिज्म व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बूम की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ते ट्रैफिक को संभालेगा और क्षेत्र की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कुल मिलाकर, जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की एक मिसाल बनेगा, जो 2025 के अंत तक पूरी तरह चालू हो जाएगा।

# ग्रेनो में किसान आबादी के सेक्टरों में विकास कार्य तेज

■ **रामपुर फतेहपुर में 1400 मीटर लंबी नाली का किया जा रहा निर्माण**

■ **जल निकासी की व्यवस्था होगी दुरुस्त**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसान आबादी के सेक्टरों में बिजली, जलापूर्ति, सीवर लाइन व सड़क का निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य तेज कर दिए हैं। इस समय रामपुर-फतेहपुर, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, इटेड़ा व खैरपुर गुर्जर समेत 15 से अधिक गांवों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक रामपुर फतेहपुर में 14 सौ मीटर लंबी नाली का निर्माण किया जा रहा है। इससे जल निकासी की व्यवस्था बेहतर हो जाएगी। वहीं खैरपुर गुर्जर को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। सेक्टरों की तर्ज पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। प्राधिकरण ने किसान आबादी के सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने की योजना बनाई है। शासन के दिशा निर्देश पर प्राधिकरण इस काम को प्राथमिकता के आधार पर कर रहा है। जमीन अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों को छह फीसदी विकसित भूखंड देने का नियम है। जमीन की उपलब्धता होने पर गांव के आसपास ही भूखंड आवंटित किए जाते हैं। उक्त सेक्टर में बिजली, पेयजल, सीवर लाइन व सड़क सहित सभी मूलभूत सुविधाएं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा मुहैया कराई जाती हैं। किसान आबादी के भूखंडों को आवंटित किए जाने के काम में तेजी लाई गई है।

**किसान आबादी के सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं विकसित किए जाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जलापूर्ति, सीवर, सड़क, बिजली आदि विकास कार्यों के लिए निविदा जारी की गई है। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर कई गांवों में काम शुरू भी करा दिया गया है। जल निकासी के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है : एके सिंह, महाप्रबंधक, परियोजना, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि वर्क सर्किल-8 के अंतर्गत आने वाले डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, कासना आदि गांवों में किसान आबादी के सेक्टरों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह काम अगले कुछ माह में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं वर्क सर्किल-7 के अंतर्गत आने वाले रामपुर फतेहपुर गांव में छह फीसदी आबादी वाले भूखंड में विकास कार्यों के तहत लगभग 1400 मीटर लंबी नाली का भी निर्माण कराया जा रहा है। वहीं छपरौला गांव में 6 फीसदी आबादी वाले भूखंडों की सड़कों की मरम्मत के लिए निविदा जारी की गई है।

# यूपी रेरा ने आठ रियल एस्टेट परियोजनाओं को दी मंजूरी

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की 185 वीं बैठक लखनऊ मुख्यालय में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की।

बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में 8 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं में रुपए 1,948 करोड़ का निवेश होगा और इनके माध्यम से कुल 3,005 नई इकाइयां बनाई जाएंगी। इनमें फ्लैट्स, अपार्टमेंट्स, विला, प्लॉट्स, दुकानों तथा अन्य वाणिज्यिक स्थलों का समावेश है। यह नई मंजूरी प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास को गति देने के साथ-साथ निवेशकों और घर खरीदारों की आवश्यकताओं को पूरा करने में एक और अहम कदम साबित होगी। मंजूर की गई परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के लखनऊ (3 परियोजनाएं), प्रयागराज, आगरा, झाँसी, नोएडा और फिरोजाबाद (प्रत्येक 1 परियोजना) में फैली हुई हैं। यह वितरण न केवल बड़े शहरों में रियल एस्टेट की निरंतर प्रगति को दर्शाता है, बल्कि झांसी और फिरोजाबाद जैसे उभरते शहरी केंद्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि रियल एस्टेट विकास अब केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश या महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में संतुलित और व्यापक रूप से फैल रहा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

■ **रेरा में 1,948 करोड़ के निवेश से 3,005 नई आवासीय व वाणिज्यिक इकाइयां जुड़ेंगी**

इन 8 परियोजनाओं के अंतर्गत बनने वाली 3,005 नई इकाइयां राज्य में आवास उपलब्धता को सशक्त बनाएंगी। इनमें किफायती आवास, मध्यम आय वर्ग के फ्लैट्स, विला और प्लॉट्स शामिल हैं। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि 185 वीं बैठक में 8 परियोजनाओं की मंजूरी से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र लगातार सशक्त और भरोसेमंद दिशा में आगे बढ़ रहा है। रुपए 1,948 करोड़ का निवेश और 3,000 से अधिक नई इकाइयों की स्वीकृति राज्य की आर्थिक प्रगति और आवासीय विकास दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

# शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए मिला बेस्ट मैनेजमेंट कॉलेज फॉर प्लेसमेंट इन इंडिया अवार्ड

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, जीआईएमएस ने दिल्ली में एलाइट चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से आयोजित एजुकेशन कॉनक्लेव 2025 सह नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सह वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी ने बेस्ट मैनेजमेंट कॉलेज फॉर प्लेसमेंट इन इंडिया अवार्ड से नवाजा। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से वाइस प्रेसिडेंट सीआरसी जितेंद्र वशिष्ठ समिल हुए और मुख्य अतिथि सुरेश पचौरी के द्वारा इस अवार्ड को प्राप्त किया।



संस्था के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड से जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज संस्थान को सम्मानित किया गया, हम सब के लिए बहुत ही गर्व की बात है और उन्होंने इसका श्रेय समस्त फैकल्टी, स्टाफ के अलावा संस्थान में अध्यन्नरत विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने बताया कि संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है और इसी कड़ी में संस्था द्वारा इस तरह के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं तथा आगे भी इस तरह का प्रयास हमेशा जारी रहेगा। संस्था के चौयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता एवं वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता ने समस्त जीएनआईओटी परिवार को धन्यवाद प्रेषित करते हुए आगे भी विद्यार्थियों के हित के लिए कठिन कार्य करते रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया की हमारी संस्था जीएनआईओटी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने विगत मात्र पांच वर्षों में देश के नामचीन मैनेजमेंट संस्था की श्रेणी में शामिल होकर शिक्षा के क्षेत्र में जीएनआईओटी समूह का नाम रोशन किया है।

# स्वच्छता अभियान को मजबूत बनाने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद मे स्वच्छता अभियान को और बेहतर बनाने के लिए विकास भवन में बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की। जिसमें गांवों और शहरों में सफाई, सार्वजनिक और निजी शौचालय की स्थिति पर चर्चा की गई। उन्होनें कहा कि स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना मे से एक है, इसलिए इसे सही तरीके से लागू करना जरूरी है। इसके अलावा कहा कि सभी सार्वजनिक शौचालय समय पर खुले रहें और उनके बाहर खुलने-बंद होने का समय की देखरेख करने वाले का नाम और मोबाइल नंबर लिखा हो।



■ **जिले में सफाई व शौचालयों की स्थिति की समीक्षा**

■ **गांवों में फॉगिंग और सफाई अभियान जारी**

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी पात्र लोगों को समय पर शौचालय मिलें और गांवों में सफाई को मजबूत बनाए जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गांवों में मौसमी बीमारियों और मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए फॉगिंग अभियान और विशेष सफाई अभियान लगातार चलें। झाड़ियों और नालियों की सफाई हो और एंटी-लार्वा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाए, ताकि लोग स्वस्थ रहें। इस बैठक के कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## यीडा ने 1911 औद्योगिक आवंटियों को जारी किया नोटिस

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भूखंड आवंटन के बाद निर्माण कार्य नहीं करने वाले 1911 आवंटियों को यमुना प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया है। ऐसे आवंटियों से निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। प्राधिकरण ने तय समय पर आवंटियों से जवाब मांगा है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-24, 28, 29, 32 व सेक्टर-33 में उद्योगों के लिए आवंटन किया है। इन सेक्टर्स में मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, ट/वाय पार्क, एमएसएमई पार्क आदि विकसित किए जा रहे हैं। इनमें तमाम ऐसे आवंटी हैं, जिन्होंने अलॉटमेंट के बाद कोई कार्रवाई नहीं की है। अब यमुना अथॉरिटी ने ऐसे आवंटियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

अथॉरिटी ने ऐसे 1911 आवंटियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि अब तक काम क्यों नहीं शुरू किया गया है। इसको लेकर नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है। अगर तय समय पर जवाब नहीं आया तो अथॉरिटी कार्रवाई कर सकती है।

# ग्रेनो के स्वास्थ्य विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक किया जब्त



**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर गामा 2 की मार्केट में अभियान चलाया। प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए पॉलीथिन / प्लास्टिक कंटेनर्स को जब्त भी कर लिया। दुकानदार और ग्राहकों को प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। ज्यादातर दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकान से प्लास्टिक स्वास्थ्य विभाग की टीम को दे दिया। साथ ही भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प भी लिया। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने ग्रेटर नोएडावासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में सहयोग करने की अपील की।

## सड़कों के किनारे से 12 अवैध ठेली-पटरी जब्त

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगने वाले खोखा, ठेली- पटरी पर प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफसे सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक से एक मूर्ति चौक तक अवैध रूप से लग रही ठेली-पटरी, झुग्गी व अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। करीब 12 ठेली-पटरी को जब्त कर लिया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में मैनेजर शुभांगी तिवारी, सहायक मैनेजर नरेश गुप्ता सहित अर्बन सर्विसेस विभाग की पूरी टीम शामिल रही। उन्होंने बताया कि सड़कों के किनारे अवैध ठेली-पटरी लगने से यातायात बाधित होता है। इसे ध्यान में रखते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सड़कों के किनारे ठेली-पटरी लगाकर यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम सालारपुर में उप जिलाधिकारी गाजियाबाद से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 243/2992/अह. राजस्व-एस.डी.ओ. गाजि./2022/2025 दिनांक 18.11.2022, 25.07.2025 के अनुसार मृतक जयपाल सिंह पुत्र स्व० श्री बुद्ध सिंह की मृत्यु दिनांक 24.08.2022 व स्व० मनोज कुमार पुत्र स्व० जयपाल सिंह की मृत्यु दिनांक 04.06.2025 को हो चुकी है। व जिनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है –

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु | विवाहित अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सालारपुर | 209 609 199 243 | स्व0 जयपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री बुद्ध सिंह व स्व0 मनोज कुमार पुत्र स्व0 श्री जयपाल सिंह नि0 ई- 25 गणेश पुरी साहिबाबाद गाजियाबाद। | विमलेश देवी | पत्नी | 77 वर्ष | विधवा |
| | | | | रोहित कुमार भाटी | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुमन देवी | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | | विनिता | पुत्री | 36 वर्ष | विवाहित |
| | | | | किरण पत्नी मनोज कुमार | पुत्रवधु | 41 वर्ष | विधवा |
| | | | | तुषार भाटी पुत्र मनोज कुमार | पौत्र | 24 वर्ष | विवाहित |
| | | | | चारू पुत्री मनोज कुमार | पौत्री | 21 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम अन्तर धनराशि दिये जाने संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट न०-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी०एच०एस 11 आवासीय योजना के अन्तर्गत भवन संख्या-373 एफएफ, ब्लॉक-जी, सैक्टर-म्यू-01, आकार-30 वर्गमीटर आवंटन संख्या-बी०एच०एस1192196, श्री राजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री लालता प्रसाद के नाम हस्तांतरण था। आवंटी श्री राजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री लालता प्रसाद की मृत्यु दिनांक 31.01.2024 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन को वारिसान के आधार पर उनके पुत्र SH. TUSHAR SHARMA S/O LATE SH. RAJEEV SHARMA R/O.- H.NO-23, NAVRANGPURI, PILKHUA DEHAT, GHAZIABAD, U.P.-245304 द्वारा उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भवन का वारिसान के आधार पर नामांतरण श्री राजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री लालता प्रसाद के स्थान पर उक्त भवन को उनके पुत्र SH. TUSHAR SHARMA S/O LATE SH. RAJEEV SHARMA R/O.- H.NO-23, NAVRANGPURI, PILKHUA DEHAT. GHAZIABAD, U.P.-245304 के नाम प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

**विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित भूखण्ड संख्या-6, क्षेत्रफल-2500 वर्ग मीटर श्री रघुवर सिंह पुत्र स्व० श्री लाखा, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित/नामान्तरित किया गया था। आवंटी श्री रघुवर सिंह पुत्र स्व० श्री लाखा की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री जिले सिंह पुत्र स्व० श्री रघुवर सिंह व श्रीमती गोडा देवी पत्नी स्व० श्री महेन्द्र सिंह, सतीश पुत्र स्व० श्री महेन्द्र सिंह व अमित पुत्र श्री सरदाराम व शैलेष, मनीष पुत्रगण स्व० श्री श्रीपाल पुत्र/पौत्र/पुत्रबधू स्व० श्री रघुवर सिंह व श्रीमती महेन्द्री देवी (विवाहित) व श्रीमती बलेसरी (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री रघुवर सिंह व श्रीमती मीनू देवी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री महेन्द्र सिंह व श्रीमती सुनीता (विवाहित), श्रीमती गीता (विवाहित), श्रीमती बबली (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री सरदाराम व श्रीमती पूनम (विवाहित) पुत्री स्व० श्री श्रीपाल, पौत्रियों स्व० श्री रघुवर सिंह निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री जिले सिंह पुत्र स्व० श्री रघुवर सिंह व श्रीमती गोडा देवी पत्नी स्व० श्री महेन्द्र सिंह, सतीश पुत्र स्व० श्री महेन्द्र सिंह व अमित पुत्र श्री सरदाराम व शैलेष, मनीष पुत्रगण स्व० श्री श्रीपाल पुत्र/पौत्र/पुत्रबधू स्व० श्री रघुवर सिंह, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री जिले सिंह पुत्र स्व० श्री रघुवर सिंह व श्रीमती गोडा देवी पत्नी स्व० श्री महेन्द्र सिंह, सतीश पुत्र स्व० श्री महेन्द्र सिंह व अमित पुत्र श्री सरदाराम व शैलेष, मनीष पुत्रगण स्व० श्री श्रीपाल पुत्र/पौत्र/पुत्रबधू स्व० श्री रघुवर सिंह, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहःआवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**



पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दशावतार की थीम पर दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल सिग्मा-1, में दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों ने मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक गौरव गुप्ता, संस्थापिका नम्रता गुप्ता, प्रधानाचार्या मंजू कौल रैना, उपप्रधानाचार्या मेहर अफशांजी, सीनियर विंग की संयोजिका सविता सिंह, सीबीएसई संयोजिका सुरभि तनेजा, शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि की भूमिका आशुतोष शर्मा, एसडीएम सदर एवं विशिष्ट अतिथि की भूमिका में धारिनी अरुण, रीजनल डायरेक्टर नोएडा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह के मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रेरित किया कि असफलताओं से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर सफलता की ओर बढ़ना चाहिए। विद्यालय ने अपने दूसरे दिन के वार्षिकोत्सव में दशावतार की थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। इस वार्षिकोत्सव में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने दशावतार नाटक का मंचन कर यह दिखाया कि जब मानव अधर्म और अन्याय के दलदल में फस जाता है, तब भगवान विष्णु दशावतार लेकर उसका उद्धार करते हैं। इस नाटक के माध्यम से नैतिक और आध्यात्मिक संदेश भी दिया गया।

इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियां रंगारंग व आकर्षक थीं, जिन्होंने दर्शकों को आकर्षित किया। यह आयोजन विद्यालय के सामूहिक प्रयास, परिश्रम और सांस्कृतिक संवेदना का प्रतीक था। वार्षिकोत्सव के अंत में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या मेहर अफशां ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं अभिभावकों का हार्दिक आभार प्रकट किया तथा बच्चों को नैतिक उत्थान के लिए प्रेरित किया।



# बारिश से शहर की सड़कों पर लगा जाम



■ **टूटी सड़कों व जलभराव से लोगों की मुश्किलें बढ़ीं**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में हुई बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। कई इलाकों में जलभराव हो गया जिससे जगह-जगह जाम लग गया। सड़कों पर पानी भरने के कारण गाड़ियां धीरे-धीरे चल रही थीं और कई जगह वाहन बंद भी हो गए। सबसे ज्यादा दिक्कत उन इलाकों में हुई जहां सड़कें पहले से टूटी हुई हैं। गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से वाहन चालकों को सड़क का सही रास्ता समझ नहीं आ रहा था, जिससे गिरने की घटनाएं भी हुईं। पैदल चलने वालों को भी कीचड़ और पानी के बीच रास्ता तय करना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार बारिश में यही हाल होता है, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं देता। कई जगह नालियां जाम हैं, जिसकी वजह से पानी निकल नहीं पा रहा है। कुछ इलाकों में तो घरों और दुकानों के अंदर तक पानी चला गया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द सड़कों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था सुधारी जाए ताकि आने वाले दिनों में ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 07 अक्टूबर 2025
संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मुख्य न्यायाधीश पर हमला, संयोग या प्रयोग

सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना भी कभी नहीं की गई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा लगा रहा था। उसके नारे से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कट्टर दक्षिणपंथी मानसिकता का है, जिसके लिए संविधान मायने नहीं रखता, बल्कि धर्मांधता को वह तरजीह देता है। अब इस मामले की पूरी जांच होगी, तब पता चलेगा कि मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता उछालने का दुस्साहस आखिर उसने क्यों किया। हो सकता है 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में जस्टिस गवई की मां ने जाने से इंकार कर दिया, इस बात से आरोपी नाराज हो। कारण जो भी यह घटना आजाद भारत के इतिहास में एक बड़ा कलंक बन गई है और इसका जिम्मेदार सीधे-सीधे नरेन्द्र मोदी की सरकार को कहा जा सकता है।

भाजपा पहले भी केंद्र की सत्ता में रही है, और हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाने का काम उसने पहले भी किया है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना, गुजरात दंगे इसके उदाहरण हैं। लेकिन समाज में नफरत के इजहार को लेकर एक झिझक और संकोच था। सहिष्णुता का एक महीन सा आवरण समाज पर डला हुआ था, जो अब पूरी तरह तार-तार हो चुका है। नफरत करना और उतनी ही बेशर्मी से उसका इजहार करना अब गर्व की बात हो चुकी है। संघ से प्रेरित लोग काफी अरसे से नारा देते आए हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। पहले इस नारे को लगाने में लोग हिचकते थे। मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफरत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है।

देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफरत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। हालांकि संविधान के हिसाब से न्याय की आसंदी पर बैठे व्यक्ति की धार्मिक आस्था मायने नहीं रखती है। लेकिन जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ राम मंदिर के लिए दिए फैसले से पहले देवी के सामने बैठने की बात कहते हैं, अपने घर में गणपति पूजा के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बुलाकर उसका सार्वजनिक इजहार करते हैं, तब समाज भी इस तथ्य को मानने लगता है कि न्यायपालिका में धार्मिक आस्था के लिए जगह बन चुकी है। अगर जस्टिस गवई की जगह कोई सवर्ण हिंदू इस समय मुख्य न्यायाधीश के पद पर होता, तब शायद इस तरह जूता उछालने का दुस्साहस नहीं किया जाता। लेकिन वे दलित हैं, क्या इसलिए उन पर हमले की कोशिश की गई, यह सवाल गंभीरता से विचार की मांग करता है।

इस घटना पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि दलित और अल्पसंख्यक होना इस देश में गुनाह बना दिया गया है, उनकी इस टिप्पणी को खारिज नहीं किया जा सकता। क्योंकि दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ ही रहे हैं। अभी एनसीआरबी के ताजा आंकड़े भी यही बता रहे हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आई है। अभी उत्तरप्रदेश में ही मानसिक तौर पर विक्षिप्त एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। बरेली में आई लव मुहम्मद कहने पर ऐसा बवाल चल रहा है कि जुमे की नमाज के बाद लोगों से सीधे घर जाने की अपील की गई। ओडिशा में देवी विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। ये सारी घटनाएं भले छिटपुट दिखें और इनमें व्यापक तौर पर जान-माल का नुकसान न हो, लेकिन समाज को जो दीर्घकालिक नुकसान हो चुका है, अब उसकी भरपाई होनी चाहिए। इस तरह के नुकसान का सिलसिला अगर बढ़ता रहे तो फिर वाकई वैसा ही हिंदुस्तान बन जाएगा, जिसकी कोशिश में पिछले सौ सालों से संघ लगा हुआ है। मोहन भागवत हिंदू समाज की एकजुटता की बात कहें या मुसलमानों को साथ लेकर चलने की बात कहें, असल में संघ एक सवर्ण मानसिकता में पगा हुआ मनुवादी भारत बनाने की कोशिश में है। जिसमें अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ी जाति के लोग, महिलाएं सब सवर्ण पुरुषों के रहमोकरम पर रहें। अगर उन्होंने अच्छा व्यवहार किया तो इसे सौभाग्य समझें और अगर उत्पीड़न सहना पड़े तो पिछले जन्म के कर्मों का फल, इस तरह का देश बनाने की कोशिश में संघ लगा है। अब समाज को सोचना होगा कि उसे संविधान वाला देश चाहिए या फिर ऐसा देश जहां मुख्य न्यायाधीश की गरिमा भी दांव पर लगा दी गई है।

# संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल



राजेंद्र शर्मा

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी।

दो दिनों में फैले आरएसएस के शताब्दी वर्ष के केंद्रीय आयोजनों ने जितने बलपूर्वक उसके बुनियादी तौर पर एक राजनीतिक संगठन और वर्तमान सत्ता की राजनीति करने वाला संगठन होने की सचाई को उजागर किया है, उतने बलपूर्वक दूसरे किसी घटनाक्रम ने नहीं किया होगा। पहले दिन, 1 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी ने, आरएसएस के वफादार स्वयंसेवक और धर्मनिरपेक्ष, जनतांत्रिक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बीच का अंतर पूरी तरह से मिटाते हुए, आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर विशेष डाक टिकट तथा सौ रु. का विशेष सिक्का जारी करने के जरिए और इस मौके पर अपने विस्तृत संबोधन से यह काम किया। और दूसरे दिन, 2 अक्टूबर को आरएसएस के सरसंघचालक, मोहन भागवत ने अपने सालाना दशहरा संबोधन में, इस समय की अपनी सबसे बड़ी चिंता को स्वर देते हुए, वही काम किया। कहने की जरूरत नहीं है कि आरएसएस के प्रचार की असली धुरी, उसका यह बड़ा झूठ रहा है कि वह तो राजनीति से निरपेक्ष रहकर, राष्ट्र की सेवा करने वाला संगठन है!

पहले दिन, प्रधानमंत्री ने आरएसएस के लिए एक विस्तृत प्रशस्तिपत्र पढ़ने के साथ, उसके 100 वर्ष होने के उत्सव के रूप में 100 रु. का विशेष सिक्का जारी किया। बेशक, यह पहली बार नहीं था जबकि इस तरह विशेष सिक्का जारी किया जा रहा था। दुर्लभ ही सही, ऐसे मौके पहले भी आए हैं, जिनके सेलिबरेशन के तौर पर विशेष सिक्के जारी किए गए हैं। फिर भी, इस सिक्के के जारी किए जाने में कुछ ऐसा था, जो पहली बार किया जा रहा था। और यह कितने सुचिंतित तरीके से किया जा रहा था, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में, इसके पहले स्वतंत्र भारत में पहली ही बार किये जाने को अलग से रेखांकित करना जरूरी समझा। और जो पहली बार किया जा रहा था, वह था सरकार द्वारा जारी इस सिक्के पर, जहां एक तरफ राष्ट्र चिन्ह, अशोक स्तंभ उकेरा गया है, वहीं दूसरी ओर, एक समानांतर राष्ट्र चिन्ह के रूप में, तथाकथित ''भारत माता'' का चित्र उकेरा गया है।

पुन: यह कथित भारत माता, हाथ में भारत के राष्ट्रध्वज के बजाए, आम तौर पर हिंदू धार्मिक परंपराओं और मंदिरों से जुड़ा हुआ, बीच में कटाववाला मुखर रूप से हिंदू-ध्वज लिए हुए है। और चित्र में आरएसएस की पहचान कराने वाली वेशभूषा में तीन स्वयंसेवक, इस हिंदू ध्वजाधारी भारत माता को आरएसएस का खास हस्त प्रणाम कर रहे हैं, जो वास्तव में विदेशी नाजी परंपराओं से आया है। यह पूरा का पूरा चित्र, स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जिस आरएसएस के 100 साल होने का उत्सव, एक सरकारी आयोजन के जरिए भारत के प्रधानमंत्री मना रहे थे, वास्तविक भारतीय राष्ट्रीय चिन्हों को नकार कर, उनकी जगह वैकल्पिक बहुसंख्यक-धार्मिक परंपरा के और वास्तव में बहिष्करणवादी चिन्हों को, राष्ट्रीय चिन्हों के रूप में स्थापित करने का एक सचेत प्रोजैक्ट है। यह दूसरी बात है कि इस सचाई को पेश करते हुए भी, इस पर राष्ट्रवाद का पर्दा डालने की कोशिश भी की जाती है और संस्कृत में कथित रूप से आरएसएस का आप्त वाक्य भी इस चित्र के साथ डाल दिया जाता है—सब राष्ट्र का, मेरा कुछ नहीं।

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी। लेकिन, अवनींद्र नाथ की कल्पना की भारत माता वास्तव में 'भारत माता ग्राम वासिनी' थी—अपने रूप, भाव और सज्जा में, देवियों की तमाम हिंदू संकल्पनाओं से बहुत भिन्न।

इस भारत माता का वेष एक साध्वी का है, जिसके पीछे बंकिम चंद्र चैटर्जी की रचना, आनंद मठ की प्रेरणा मानी जाती है। चार हाथ वाली इस भारत माता के एक हाथ में, भारत की कृषि प्रधानता को रेखांकित करते हुए, धान का एक छोटा सा गट्ठर भी दिया गया था। शेष तीन हाथों में एक में अगर रुद्राक्ष माला है, तो एक हाथ में पोथी है और तीसरे हाथ में कपड़े का टुकड़ा है। वास्तव में यह भारत माता भी मूल रूप में 'बंग माता' थी, जिसे जन स्वीकृति ने 'भारत माता' के आसन तक पहुंचाया था। इसके बरक्स आरएसएस लंबे अर्से से, एक शेर की सवारी करने वाली देवी की, लोक जीवन से बहुत दूर की कल्पना को, 'भारत माता' की संकल्पना के रूप में स्थापित करने में लगा हुआ था। और अब स्वयंसेवक के प्रधानमंत्री होने के बल पर, कम से कम समारोही सरकारी सिक्के में तो, इसे स्थापित करने में कामयाब भी हो गया है।

और उसी वृहत्तर प्रोजैक्ट के हिस्से के तौर पर, राजसत्ता तक पहुंच हासिल होने के 100 साल के इसी हासिल के बल पर, इसी मौके पर जारी किए गए डाक टिकट के जरिए, स्वतंत्र भारत की जानी-मानी वास्तविकता से अलग, एक समानांतर इतिहास रचने का प्रयास भी किया गया है। डाक टिकट पर प्रकाशित चित्र में 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में, अपनी पहचान कराने वाली पोशाक में ही, आरएसएस के स्वयंसेवकों को परेड करते दिखाया गया है। यह चुनाव भी कितने सचेत रूप से किया गया, इसका अंदाजा भी इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में, इस चित्र की कथा की ओर विशेष रूप से ध्यान खींचा है, ताकि इस चित्र को आधिकारिक राष्ट्रीय जीवन में आरएसएस की स्वीकार्यता का अकाट्य साक्ष्य बनाया जा सके।

यह इसके बावजूद है कि इसी सिलसिले में आरएसएस द्वारा समय-समय पर किए जाते रहे दावों को चुनौती देते हुए, ये तथ्य प्रमाणों के साथ सामने आ चुके हैं कि भारत-चीन सीमा झड़प के समय आरएसएस की किसी भूमिका को देखते हुए, जवाहरहाल नेहरू द्वारा आरएसएस को 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किये जाने का दावा, कोरी गप्प है। इसके बरक्स, सचाई यह है कि 1963 की गणतंत्र दिवस परेड, एक सैनिक परेड के बजाए मूलत: एक जन परेड के रूप में आयोजित की गयी थी, जिसमें आम जनता को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था और एक लाख से ज्यादा लोग शामिल भी हुए थे। अलबत्ता इस मौके का बेनिफिट लेते हुए, आरएसएस ने संगठित तरीके से अपने कार्यकर्ताओं को अपनी खास पोशाक में इसमें हिस्सा लेने के लिए कहा था, जबकि सरकार ने भी जनता को आम नियंत्रण देने के बाद, किसी को भी रोकने की जरूरत नहीं समझी। जाहिर कि संघ की राष्ट्रीय स्वीकार्यता का यह झूठ भी, अब केंद्र में सत्ता पर नियंत्रण के जरिए, सरकारी डाक टिकट के जरिए, देश से मनवाने की कोशिश की जा रही है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन में आरएसएस का विरुद गायन करने के लिए, जिस तरह लगातार और बार-बार शुद्ध झूठ का सहारा लिया गया है, उसके ब्यौरे में जाना इस टिप्पणी में हमारे लिए संभव नहीं है। यहां इतना कहना ही काफी होगा कि उनके संघ के संबंध में झूठे दावों की सूची बनाने बैठें तो पूरा लेख उसी में खत्म हो जाएगा। यहां हम सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि 15 अगस्त के लाल किले के अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री ने, आरएसएस का सरासर झूठा महिमा मंडन करने के लिए, इतिहास को साफ तौर पर तोड़ने-मरोड़ने की जो शुरूआत की थी, उसे अब उन्होंने उत्कर्ष पर पहुंचा दिया है। यह तोड़-मरोड़ 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में आरएसएस की मौजूदगी की दुर्व्याख्या तक ही सीमित नहीं रहती है। उसमें स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की 'भूमिका' के झूठे अतिरंजित दावों से लेकर, आरएसएस के 'सामाजिक समरसता' के पाखंड को उधार की विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए, गांधी से लेकर डा. आंबेडकर तक के मुंह से आरएसएस की प्रशंसा कराने तक के झूठ शामिल हैं।

और इसमें स्वतंत्र भारत में पचहत्तर साल में आरएसएस की भूमिका को लेकर झूठ भी, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या से लेकर, बाबरी मस्जिद के ध्वंस तक, अक्षम्य करतूतों के सिलसिले में आरएसएस पर स्वतंत्र भारत में लगायी गयी पाबंदियों को उस पर 'राजनीतिक अत्याचार' बताने का महाझूठ भी। और यह सिलसिला, आरएसएस के नंबर बढ़ाने के लिए, इतने हाल के इतिहास को नंगई से झुठलाने की हद तक जाता है कि 'आज भी पंजाब में बाढ़, हिमाचल तथा उत्तराखंड में तबाही तथा केरल में वायनाड में त्रासदी जैसी आपदाओं में स्वयंसेवक सबसे पहले मदद के लिए पहुंचने वालों में थे।' लेकिन, मीडिया की खबरों के मुताबिक भी सचाई यह है कि एकदम हाल की इन आपदाओं में से किसी में भी, आरएसएस कहीं दिखाई तक नहीं दिया है। झूठे प्रचार के बल पर, झूठ को सच और सच को झूठ बनाने में संघ और उसके स्वयंसेवकों के हिटलरी भरोसे का कोई ओर-छोर ही नहीं है।

और दूसरे दिन, आरएसएस सरसंघचालक भागवत, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर समेत, हर क्षेत्र में मोदी सरकार को कामयाबी के सार्टिफिकेट देकर और युवाओं तक के मामले में उसकी कारगुजारियों पर संतोष जताकर, मोदी शासन से अपनी अभिन्नता का तथा अपनी राजनीतिक वचनबद्धता का प्रमाण देते हैं, वह श्रीलंका, बांग्लादेश तथा नेपाल के हाल के घटनाविकास से वह बहुत ही चिंतित भी नजर आते हैं। ''श्रीलंका में, बांग्लादेश में और हाल ही में नेपाल में जिस प्रकार जन-आक्रोश का हिंसक उद्रेक होकर सत्ता का परिवर्तन हुआ है, वह हमारे लिए चिंताजनक है।'' अपने स्तर पर भागवत इशारों में वर्तमान शासन को आगाह भी करते नजर आते हैं कि, ''शासन प्रशासन का समाज से टूटा हुआ संबंध, चुस्त तथा लोकाभिमुख प्रशासकीय क्रिया कलापों का अभाव, यह असंतोष के स्वाभाविक तथा तत्कालिक कारण होते हैं।'' फिर भी षडयंत्र का डर दिखाने का आसान रास्ता लेते हैं: ''अपने देश में तथा दुनिया में भी, भारतवर्ष में इस तरह के उपद्रवों को चाहने वाली शक्तियां सक्रिय हैं।'' और इसके बाद फौरन, इस तरह के संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी वैचारिक तलवार लेकर कूद पड़ते हैं:''हिंसक उद्रेक में वांछित परिवर्तन लाने की शक्ति नहीं होती। प्रजातांत्रिक मार्गों से ही समाज ऐसे अमूलाग्र परिवर्तन ला सकता है।'' साफ है कि आरएसएस, जिसकी हमेशा से राजसत्ता पर ही नजर लगी हुई थी, सौ साल के हासिल के रूप में राजसत्ता तक अपनी पहुंच से जहां गद्‌गद्‌ है, वहीं इस हासिल के हाथ से फिसल जाने के खतरे से डरा भी हुआ है। झूठ पर खड़े उसके साम्राज्य के पांव जो नहीं हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने



राम पुनियानी

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं।

सांप्रदायिक हिंसा भारतीय राजनीति का अभिशाप रही है। यह एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। इस घटना के ज़्यादातर विद्वानों के अनुसार, यह हिंसा आमतौर पर सुनियोजित होती है। इस हिंसा के बाद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का उदय होता है। विद्वानों का यह भी मानना है कि 'दंगे जातीय ध्रुवीकरण पैदा करते हैं जिससे कांग्रेस की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों को फ़ायदा होता है'। उनका मानना है कि जहां हिंदू-मुस्लिम दंगे कांग्रेस के लिए चुनावी तौर पर महंगे होते हैं, वहीं ये दंगे वास्तव में 'कांग्रेस जैसी बहुजातीय पार्टियों की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों' को मज़बूत करते हैं। इस अवलोकन के अनुसार, हिंसा भड़काने और उसका चुनावी फ़ायदा उठाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा बहाने गढ़े जा रहे हैं।

इस लंबी सूची में नए बहाने जुड़ते जा रहे हैं, जैसे मस्जिद के सामने तेज़ संगीत बजाना, मंदिरों में गोमांस फेंकना और अफ़वाहें फैलाना, जो नफ़रत फैलाने की मुख्य प्रवृत्ति रही है। इसके अलावा, मुस्लिम राजाओं का दानवीकरण, उनके द्वारा मंदिरों का विध्वंस, तलवार के बल पर इस्लाम का प्रसार, उनके बड़े परिवारों के कारण इस देश में हिंदुओं के अल्पसंख्यक होने का ख़तरा, ये सब नफ़रत फैलाने के तरीक़ों में जुड़ गए हैं। पिछले कुछ दशकों में गाय, गोमांस भक्षण, लव जिहाद, और कई अन्य जिहाद भी जुड़े हैं, जिनमें सबसे प्रमुख हैं कोरोना जिहाद, ज़मीन जिहाद और सबसे नया 'पेपर लीक जिहाद'।

यह सब याद आता है, क्योंकि इस समय देश में 'आई लव मोहम्मद' जैसे एक मामूली नारे के इर्द-गिर्द हिंसा का माहौल है। इसकी शुरुआत कानपुर से हुई, जब मिलादुन्नबी के मौके पर पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के जश्न में निकले जुलूस में कुछ लोगों के 'आई लव मोहम्मद' के बैनर पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि इससे इस धार्मिक त्योहार में एक नई परंपरा जुड़ रही है। पुलिस के एक हिस्से ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया और ऐसे पोस्टर लगाने वालों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की। यह उन मानदंडों का पूर्णत: उल्लंघन है जिनके अनुसार इस पैगम्बर के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाला एक शांतिपूर्ण जुलूस किसी भी मानदंड का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हिंसा फैल गई।

कानपुर की घटना पहली घटना थी और उत्तर प्रदेश के बरेली, बाराबंकी और मऊ जिलों में, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में और कई अन्य जगहों पर भी इसकी पुनरावृत्ति हुई।

इसके बाद पोस्टर फाड़े गए और हिंसा हुई और माहौल बिगड़ गया। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के दस्तावेज़ों के अनुसार, 'आई लव मोहम्मद' से जुड़ी 21एफ़आईआर दर्ज की गईं, जिनमें 1324 लोग प्रभावित हुए और 38गिरफ़्तारियां हुईं। बरेली में कुछ दिनों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया और एक स्थानीय मुस्लिम नेता मौलाना तौकीर रज़ा खान को एक हफ़्ते के लिए नज़रबंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमानों को बेतरतीब ढंग से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कानपुर की घटना पर एक ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया था। इसमें वे ख़ुद शामिल नहीं हुए और हंगामा मचा दिया। इस गैरज़िम्मेदाराना हरकत के कारण कई मुसलमानों को गिरफ़्तार कर लिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम ने मुसलमानों के ख़िलाफ़ अंतर्निहित नफ़रत को भी उजागर किया। जैसा कि अक्सर होता है, शीर्ष सांप्रदायिक नेता बेतुके बयान देते हैं जिससे सांप्रदायिक तत्व अपने नफ़रत भरे अभियान को तेज़ कर देते हैं और हिंसा को जन्म देते हैं। श्री मोदी बार-बार ऐसा करते रहे हैं, ज़्यादातर चुनावों के समय। इस बार उनके अभियान 'घुसपैठिए' शब्द को सामने ला रहे हैं। यह परिघटना बिहार और खासकर असम में मुसलमानों के लिए अभिशाप बन गया है। बिहार के बाद, जहां 47 लाख से ज़्यादा मतदाता मताधिकार से वंचित हैं, पूरे देश में लागू किए जाने वाले ख़तरनाक मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के औचित्य में से एक यही है।

इस बार, उत्तर प्रदेश, जहां सबसे ज़्यादा घटनाएं हुई हैं, के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे बयान दिए जो राज्य के एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देते। उन्होंने कहा कि वे 'गज़वा-ए-हिंद' का नारा लगाने का सपना देखने वालों को 'जहन्नुम के टिकट' देंगे। यह गज़वा-ए-हिंद यहां कहां से आ गया? भारतीय मुसलमानों का एक वर्ग, गज़वा नहीं, बल्कि 'आई लव मोहम्मद' का नारा लगाता रहा है... यह गज़वा का नारा तालिबानी किस्म के लोगों द्वारा इस्तेमाल किया गया है और हिंदू दक्षिणपंथी पूरे मुस्लिम समुदाय पर इसके लिए आरोप लगा रहे हैं। इसलिए, कुरान में गज़वा-ए-हिंद का कोई स्थान नहीं है। एक संदिग्ध हदीस में यह शब्द आता है, लेकिन यहां हिंद का मतलब बसरा है, भारत नहीं। पाकिस्तान में कई ऐसे कट्टरपंथी हैं जो दावा करते हैं कि हर युद्ध भारत के खिलाफ गज़वा है...।

योगी ने आगे कहा कि 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर अराजकता फैलाने के लिए लगाये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से हिंदू विरोधी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सावधान रहने को कहा... (इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई संस्करण, 29 सितंबर, पृष्ठ 6) यह भारत के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ द्वेष पैदा करने का सबसे बुरा उदाहरण है। यह नारा अराजकता कैसे पैदा कर सकता है? यह नारा राष्ट्र-विरोधी कैसे है, यह समझ से परे है। उनके बयान लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करते हैं, जो हमें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अधिकार देते हैं।

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं। क्रिकेट में पाकिस्तान पर जीत के बाद, उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर का ही विस्तार था।

ऐसी स्थिति में मुस्लिम समुदाय क्या प्रतिक्रिया देता है? तेज़ संगीत बजाते डीजे वाले रामनवमी के जुलूस और कुछ उपद्रवियों द्वारा मस्जिदों पर जबरन भगवा झंडा फहराने के विपरीत, मुसलमानों द्वारा इस तरह के शांतिपूर्ण जुलूस निकालना बिल्कुल सामान्य है! हमारे कुछ हिंदू त्योहारों को हथियार बनाया जा रहा है! इरफ़ान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े की किताब 'हिंदू त्योहारों का हथियारीकरण' में ज़मीनी स्तर पर की गई जांच से पता चलता है कि ख़ास तौर पर रामनवमी के जुलूस का इस्तेमाल मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों के आसपास उपद्रव मचाने के लिए किया जा रहा है। इसके विपरीत मुस्लिम त्योहारों को बदनाम किया जा रहा है। 'आई लव मोहम्मद' वाला मिलादुन्नबी इसका दर्दनाक उदाहरण है।

मुस्लिम त्योहारों पर इस तरह की नफ़रत भरी प्रतिक्रियाएं, जैसा कि हाल ही में देखा गया है, दिलों के विभाजन, समुदाय के ध्रुवीकरण और भारतीय संविधान के अभिन्न अंग, हमारे भाईचारे के मूल्यों को कमज़ोर करने का काम करती हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान संवैधानिक नैतिकता के बिल्कुल विपरीत हैं। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समुदाय को यथार्थवादी होना चाहिए और हिंदू सांप्रदायिक तत्वों को उन पर हमला करने या उन्हें और बदनाम करने का कोई बहाना नहीं देना चाहिए।

## आपके पत्र

### आज की शिक्षा प्रणाली में सुधार की अपेक्षा

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा ही है। शिक्षण का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव में मानवता जागृत न हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त न हों, उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। वर्तमान में जो शिक्षा-पद्धति है, वह समीचीन नहीं है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकतापूर्वक प्रयास हो।

यह कटु सत्य है कि आज की शिक्षा प्रणाली सम्यक नहीं है। कहां हमारा ज्योतिर्मय अतीत एवं कहां अंधकारमय वर्तमान? यदि यही स्थिति रही तो भविष्य को धूमिल और अंधकारमय ही समझना चाहिए। जब हम अपने अतीत की ओर दृष्टिपात करते हैं तो मन गर्व से अभिभूत हो उठता है। बड़ों के प्रति विनय रखो, छोटों को स्नेह दो, किसी का दिल मत दु:खाओ, झूठ मत बोलो, हिंसा से बचो, अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी का शोषण मत करो, जीवन की यात्रा अनुशासनबद्ध होकर करो, प्रामाणिकता को कभी भी खण्डित मत होने दो। 'मातृ देवो भव', 'पितृ देवो भव' और 'अतिथि देवो भव' के आदर्श को एक पल के लिए भी विस्मृत मत करो। कितनी उदात्त शिक्षा थी हमारे भारतवर्ष की। इस शिक्षा के आधार पर व्यक्तिव का निर्माण होता था और आज?

शिक्षा के क्षेत्र में व्यापारीकरण की ज्वाला फुट रही है। पेपरलीक जैसी घटनाएं बन रही है। इसमें अयोग्य छात्र सरकारी नौकरियों में प्रवेश कर जाते हैं जबकि होशियार छात्र की राहें कठिन हो जाती है। शिक्षकों की व्यभिचारी प्रवृत्ति समय समय पर अखबार की सुर्खियां बटोरती है। यह समाज का काला सच कड़वे घूंट के रूप में हम सबको पीना पड़ता है। स्कूल में भारी बैग का वजन ढोने वाले विद्यार्थी की दशा पर तरस आता है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल पेटपूर्ति अथवा रोजगार मात्र नहीं है। शिक्षा वही शिक्षा है जो सुधार की समग्र दिशाओं को प्रशस्त करती है। हमें वही शिक्षा आत्मसात करनी है जिसे स्व-पर हित सम्यक प्रकार से सम्पादित हो। पाश्चात्य शिक्षा का यह प्रभाव हुआ है कि न हम पूरे अंग्रेज बन पाये और न पूरे भारतीय ही रह पाये। हमारा चित्त बन गया यूरोपियन और देह रह गई भारतीय। शरीर भारतीय है, क्योंकि उसे हम गोरा नहीं बना पाये पर हां, हमारी वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन, बोल-चाल सब कुछ यूरोपियन हो चुका है। स्कूलों में अंग्रेजी को अनिवार्य करके हमारी हिंदी भाषा से मुंह मोड़ने वाले क्या जताना चाहते है?

उद्दण्डता, उच्छृंलखता, अनुशासनहीनता एवं तोड़-फोड़ किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। अनुशासनहीनता और सद्‌गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है। विद्यार्थियों से परिवार, समाज और राष्ट्र को कई अपेक्षाएं हैं। आप मनोयोग के साथ अध्ययन कीजिए एवं अर्जित किये गये ज्ञान को जीवन के आचरण के रूप में लाइये। आचरण से ही जीवन उत्कृष्ट बनता है। आपको सदाचार का स्वागत करना है और सच्चे अर्थों में इनसान बनना है।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### राजनीति के नए रंग

*'भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत के साथ केन्द्र में तथा आम आदमी पार्टी को अभूतपूर्व बहुमत के साथ दिल्ली में मतदाताओं ने इस भावना के साथ विजय दिलवाई थी कि ये सरकारें लोकहित में बिना किसी अनुचित दबाव के काम कर सकेंगी, किन्तु यह विश्वास बहुत जल्दी बिखरते नज़र आ रहा है। पिछले सात-आठ दिन में राजनीतिक मंच पर जो दृश्य देखने मिले हैं वे बढ़ती हुई निराशा और मोहभंग की ओर ही संकेत करते हैं। लगभग दस माह पूर्व केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और उसके बाद भी जनता ने प्रदेश विधानसभाओं के चुनावों में भाजपा को शायद यही सोचकर समर्थन दिया था कि नरेन्द्र मोदी के हाथ जितने मजबूत होंगे उतनी ही गति से देश का विकास होगा, लेकिन अब लोग अपने ही फैसले पर शंका कर रहे हैं। ऐसी ही कुछ स्थिति दिल्ली के संदर्भ में आम आदमी पार्टी की भी बन गई है।'*

**( देशबन्धु में 12 मार्च 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/03/blog-post_11.html

## पावन प्रसंग

### दुर्जनों से शालीनता से निपटा जाए

जिस समाज-समुदाय के साथ हमारा संपर्क इच्छा या अनिच्छापूर्वक बनता रहता है, उसमें भले-बुरे सभी प्रकार के लोग होते हैं। वे सभी अपने-अपने ढंग से अपना-अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसमें कुछ ग्रहण करने योग्य होते हैं, कुछ त्यागने के योग्य। सभी से पूर्णरूपेण बच सकना अथवा घनिष्ठ बन सकना संभव नहीं। बिना संपर्क के एकाकी बने रहना भी संभव नहीं। इसलिए जो अवांछनीय है, उससे बचने के लिए कोई-न-कोई ऐसा उपाय सोचना चाहिए, जिससे आत्मरक्षा बन पड़े।

सर्वथा संपर्क- विहीन जीवन मनुष्य के लिए संभव नहीं। इसलिए प्रतिकूलताओं से आत्म-रक्षा करने की व्यवस्था बनाने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं। रास्ते में बिखरे कांटों और कंकड़ों को बीनकर रास्ता साफ-सुथरा बना लेना कठिन है। ऐसी स्थिति में सरल उपाय यही है कि पैरों में जूते पहन लिए जांए तो कांटे कंकड़ों को दबाते-कुचलते हुए अपनी राह चलते रहा जा सकता है। सभी सड़कें साफ-सुथरी नहीं होतीं। उन्हें पार करने वाले अपने वाहन को इस प्रकार संभालते हैं कि रास्ते में आने वाली कठिनाइयों से निपटते हुए अपनी राह चल सकना संभव हो सके।

सज्जनों के साथ संपर्क बना रह सके, ऐसे अवसरों की तलाश करते रहने पर कभी-न-कभी वैसा सुयोग भी मिलता रहता है। ऐसे संपर्क थोड़े समय के मिलें, तो भी उसमें कुछ-न-कुछ ऐसा जाना जा सकता है, जो आगे चलकर काम आए।

सज्जनों का साथ न मिले, तो कष्ट-पीड़ितों की सहायता करने के अवसर खोजे जाएं, इसके लिए जितना समय मिले, उतने समय का सदुपयोग कर लिया जाए; इसे भी एक प्रकार का सौभाग्य ही मानना चाहिए। दुष्ट जनों का दुर्व्यवहार सहना पड़े, तो क्रोध आना और दु:ख होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए अपना मन उस चिकित्सक जैसा बना लेना चाहिए, जिसे गंदगी में सने, बेहूदी बक-झक करने वाले और अपशब्दों का प्रयोग करने वाले रोगियों से पाला पड़ता ड़ता है। वे समझते हैं कि यह उनकी विवशता है। मस्तिष्क ठीक तरह काम न करने के कारण ही उन्हें अंट-शंट बकना पड़ता है। यदि उनकी मानसिक स्थिति सही रही होती, तो वे भी सभ्य जनों जैसा व्यवहार करते। बुद्धिमान चिकित्सक रोग को भगाने और रोगी को बचाने का प्रयत्न करते हैं। विक्षिप्त रोगियों से भी उनको द्वेष नहीं होता। उलटी-दस्त कर बैठने वाले रोगी की भी वे सफाई का इंतजाम करते हैं।

अवांछनीय जहां भी दीख पड़े, वहीं लड़ाई-झगड़ा आरंभ कर दिया जाए- यह आवश्यक नहीं। असहयोग, उपेक्षा आदि के सहारे भी चला जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर बच्चे द्वारा की जाने वाली उदंडता के अवसर पर धमका देने भर से भी काम चल सकता है। उनके प्रति बहुत कठोर नहीं होना चाहिए। दंड देने की अपेक्षा प्रयत्न इतना ही पर्याप्त है कि उदंडों को डरा देने की धमकी की कुशल व्यवस्था करके ही काम चलाया जाए। ठगों के साथ स्वयं ठगी की जाए, धूर्तों के साथ स्वयं भी धूर्तता करने की योजना बनाई जाए, यह उचित नहीं। नीतिमत्ता एवं शालीनता जैसे आधार अपनाए जाने पर भी दुर्जनों से निपटा जा सकता है। सज्जनों से तो निकट रहकर ही लाभ उठाना चाहिए।

**-युग निर्माण योजना**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## चीन के युन्नान में बाढ़ को लेकर अलर्ट, इमरजेंसी सेवा एक्टिव


**बीजिंग।** चीन के राज्य बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी युन्नान में बाढ़ नियंत्रण के लिए स्तर-4 इमरजेंसी रिस्पांस को एक्टिव कर दिया। चीनी मुख्यालय ने बाढ़ की स्थिति देखने और उससे प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक टीम तैयार की है। मौसम विभाग की ओर से साझा जानकारी के अनुसार मत्मो की वजह से आने वाले दिनों में युन्नान में भारी बारिश की संभावना है। वहीं कुछ क्षेत्रों में 190 एमएम की बारिश हो सकती है। चीन के इमरजेंसी रिस्पांस के चार स्तर हैं। इसका पहला स्तर सबसे ज्यादा गंभीर माना जाता है। ऐसे में अभी लेवल-4 के इमरजेंसी रिस्पांस को एक्टिव किया गया है।

# गाजा में युद्धविराम कराने की दिशा में ट्रंप की पहल प्रशंसनीय : अब्देल



**काहिरा,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने डोनाल्ड ट्रंप के 20 प्वाइंट गाजा प्लान की प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह क्षेत्र में स्थिरता की दिशा में एक नई शुरुआत साबित हो सकता है। सीसी ने सोमवार को अपने विचार मिस्र के 'ग्लोरियस विक्ट्री दिवस' कार्यक्रम के दौरान रखे। इजरायल और मिस्र के बीच 1973 के युद्ध की 52वीं वर्षगांठ के समारोह में वो बोल रहे थे। अपने संबोधन में, सीसी ने कहा कि मैं दो साल के युद्ध, नरसंहार, हत्या और विनाश के बाद गाजा में युद्धविराम की दिशा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल की केवल प्रशंसा और सराहना ही कर सकता हूं। उन्होंने फिलिस्तीन को मान्यता का जिक्र करते हुए आगे कहा कि युद्धविराम, कैदियों और बंदियों की वापसी, गाजा का पुनर्निर्माण और एक शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया की शुरुआत, जो फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना और मान्यता की ओर ले जाती है, इसका मतलब है कि हम स्थायी शांति और स्थिरता के सही रास्ते पर हैं। बता दें, गाजा युद्ध को समाप्त करने के लिए ट्रंप के अल्टीमेटम को स्वीकार करने के लिए हमास को मनाने की कोशिश मिस्र और कतर कर रहे हैं।

## ट्रम्प ने कहा कि गाजा योजना से जुड़ा पहला चरण एक सप्ताह में होगा पूरा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष सुलझाने तथा हमास बंधकों को मुक्त करने की उनकी योजना का पहला चरण एक सप्ताह में पूरा हो जायेगा। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि तकनीकी दल सोमवार को मिस्र में फिर से मिलेंगे, जो सभी अंतिम फैसलों पर काम करेंगे। मुझे बताया गया कि पहला चरण इस सप्ताह पूरा हो जाएगा और मैं सभी से इसे जल्दी करने को कह रहा हूं। मैं दशकों पुराने इस संघर्ष पर लगातार नजर बनाये रखूंगा।

## हमास ने कैदी विनिमय के लिए शांति वार्ता की शर्तें रखीं

**बीजिंग।** फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने इजरायली बंदियों और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई से जुड़े अपने '20-सूत्रीय योजना' के क्रियान्वयन के लिए कड़े शर्तें रखीं हैं। इनमें पूर्ण युद्धविराम, गाजा पट्टी के घनी आबादी वाले इलाकों से इजरायली सेना की वापसी और अन्य सुरक्षा संबंधी मांगें शामिल हैं। 6 अक्टूबर को मिस्र में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित इस '20-सूत्रीय योजना' के तहत हमास और इजरायल के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता प्रारंभ होने जा रही है, जिसमें युद्ध विराम, कैदियों की रिहाई, और इजरायली सैनिकों की प्रारंभिक वापसी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होगी। हमास के सूत्रों के अनुसार, कैदी विनिमय के लिए वे प्रमुख शर्तें रख रहे हैं, जिनमें पूर्ण युद्धविराम का कड़ाई से पालन होना, जनवरी में हुए पिछले युद्धविराम समझौते के दौरान इजरायली सेना का अपने पूर्व ठिकानों पर वापस लौटना, और इजरायली वायुसेना द्वारा प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे तक लड़ाकू विमानों व ड्रोन की उड़ानें रोकना शामिल है।

## फ्रांस में प्रधानमंत्री सेबास्टियन ने मात्र 27 दिनों बाद दिया इस्तीफा

■ लेकोर्नु इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बने



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। फ्रांस के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार की सुबह इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। श्री लेकोर्नु ने अपनी नयी सरकार के गठन के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफ़ा देकर देश को एक बार फिर से राजनीतिक अनिश्चितता में धकेल दिया। इस तरह 27 दिनों के कार्यकाल के बाद श्री लेकोर्नु फ्रांसीसी संसदीय इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गये हैं। उग्र-वामपंथी ला फ्रांस इनसोमिसे (एलएफआई) पार्टी के नेता जीन-ल्यूक मेलेंचन ने राष्ट्रपति मैक्रों को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की मांग की। एलएफआई की एक प्रमुख सदस्य मथिल्डे पैनोट ने श्री लेकोर्नु के इस्तीफे के बाद श्री मैक्रों के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उलटी गिनती शुरू हो गई है। मैक्रों को जाना ही होगा। सितंबर की शुरुआत में श्री मैक्रों ने गहराते राजनीतिक संकट को कम करने के प्रयास में 39 वर्षीय लेकोर्नु को अपने कार्यकाल का सातवां प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। फ्रांसीसी राजनीति तब से उथल-पुथल में है जब से श्री मैक्रों ने अपनी सत्ता मजबूत करने की उम्मीद में पिछली गर्मियों में अचानक चुनाव कराने का दांव खेला था। यह कदम उल्टा पड़ गया, जिससे संसद तीन प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित हो गई। रविवार शाम को श्री लेकोर्नु ने राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा अपनी नियुक्ति के लगभग चार हफ्ते बाद अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के नामों घोषणा की।

## सुडोकू 7056

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 7 अक्टूबर, 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश मेंध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भागीदारी से लाभ होगा।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन एवं यूएवी मार गिराए

■ इनमें से 40 क्रीमिया गणराज्य में मार गिराए



**मॉस्को,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 251 यूक्रेनी ड्रोन और यूएवी को नष्ट किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। बयान में कहा गया कि रविवार की रात से अब तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 251 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों और ड्रोन को रोका और नष्ट किया। इनमें से 40 सिर्फ क्रीमिया गणराज्य में मार गिराये गये। बयान में कहा गया कि कुर्स्क के हवाई क्षेत्र में 34, बेलगोरोद क्षेत्र में 30, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में 20, वोरोनिश क्षेत्र में 17, क्रास्नोडार क्षेत्र में 11, ब्रांस्क और तुला में आठ-आठ यूएवी और ड्रोन मार गिराये गये। इसके अलावा चार यूएवी को रियाज़ान क्षेत्र में, दो को व्लादिमीर, इवानोवो, कलुगा, तांबोव और ओरयोल क्षेत्रों में मार गिराया गया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर भी 62 और आजोव सागर के ऊपर पांच यूएवी नष्ट कर दिए गए।

## मोटेगी को जापान का अगला विदेश मंत्री नियुक्त कर सकती हैं ताकाइची

**टोक्यो,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की नेता चुनी गईं पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची जल्द ही प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकती हैं। संभावना जताई जा रही है कि वो एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोटेगी को विदेश मंत्री के तौर पर नियुक्त कर सकती हैं। क्योडो न्यूज ने सोमवार को बताया कि ताकाइची पूर्व रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा को मुख्य कैबिनेट सचिव नियुक्त कर सकती हैं। प्रमुख समाचार एजेंसी ने कहा ि मोटेगी भी ताकाइची के साथ अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल थे। ताकाइची अपने अन्य प्रतिद्वंदियों को भी कैबिनेट या पार्टी की नई कार्यकारिणी में शामिल कर सकती हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मोटेगी 69 वर्षीय वरिष्ठ प्रतिनिधि सभा सदस्य हैं, जिन्होंने 2019 से 2021 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया है और उद्योग मंत्री का पद भी संभाला है।


## यहूदी धार्मिक स्थलों पर आतंकवादी हमलों को रोका : रूसी सुरक्षा एजेंसी

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार कहा कि उसने क्रास्नोयार्स्क और स्टावरोपोल क्षेत्रों में यहूदी धार्मिक स्थलों पर आतंकवादी हमलों को रोका है। एफएसबी ने अपने बयान में कहा कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने क्रास्नोयार्स्क और स्टावरोपोल क्षेत्रों में यहूदी धार्मिक स्थलों पर आतंकी हमलों को रोक दिया गया है जिसकी योजना रूस में प्रतिबंधित एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन के समर्थकों ने बनायी थी। बयान में कहा गया है कि क्रास्नोयार्स्क में उठाये गये कदमों के मद्देनजर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें से एक मध्य एशिया के देशों का रहने वाला है। वे शहर के प्रार्थनास्थल के क्षेत्र में एक विस्फोटक उपकरण से धमाका करने की तैयारी कर रहे थे। एफएसबी ने कहा कि एक रूसी नागरिक को भी प्यातिगोर्स्क शहर में यहूदी धार्मिक समुदाय की इमारत में मोलोटोव कॉकटेल का इस्तेमाल करके आग लगाने की योजना बनाने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। उसके पास से दो चाकू और टेलीग्राम मैसेंजर पर आपराधिक गतिविधि के एक विदेशी समन्वयक के साथ बात करने वाले संचार उपकरण भी जब्त किये गये हैं।

## स्प्रिंगर नेचर ने आईसीएसएसआर, दिल्ली में 'इंडिया रिसर्च टूर' के तीसरे संस्करण को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के सबसे महत्वपूर्ण अनुसंधान अभियानों में से एक, 'इंडिया रिसर्च टूर 2025', को आज नई दिल्ली स्थित भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) में औपचारिक रूप से आरंभ किया गया। अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी इस यात्रा का आयोजन स्प्रिंगर नेचर द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। इस वर्ष की यात्रा कई महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित होगी, जिनमें ओपन एक्सेस और ओपन साइंस के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शोध में अखंडता को मजबूत करना, ई-बुक अपनाने को प्रोत्साहित करना, संपादकीय बोर्ड के सदस्यों की भर्ती में सहयोग करना, और शोध में विविधता एवं समावेशन को बढ़ावा देना शामिल है। इस पहल ने पिछले दो वर्षों में हज़ारों शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विचारकों को जोड़ा है और अब यह भारत के शोध परिवेश में अखंडता, समावेशिता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त मंच बन चुकी है।

# भारत के खिलाफ बांग्लादेश में एक्टिव हुई आईएसआई, भारतीय एजेंसियां अलर्ट



■ शेख हसीना के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी अच्छे थे

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच वहां की सेना और आईएसआई की नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। इसके बाद भारतीय एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समय भारत और बांग्लादेश के बीच काफी तनाव देखने को मिला था। शेख हसीना के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी अच्छे थे और पाकिस्तान के साथ दूरी बनी हुई थी, लेकिन अब वहां के हालात बदल चुके हैं।

हाल ही में आईएसआई के कई अधिकारियों ने बांग्लादेश के कई दौरे किए। इस दौरान आईएसआई की ओर से आतंकी मॉड्यूल को अपनी संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया। आईएसआई ने भारत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई आतंकवादी समूहों को अपना समर्थन देने की बात कही। बांग्लादेशी आतंकियों को ट्रेनिंग देने के लिए पाकिस्तान से लोगों को यहां भेजा जाएगा। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद इन आतंकवादियों की मदद से ही भारत पर हमले कराने की साजिश रची जा रही है। बांग्लादेश में अस्थिरता का असर भारत पर भी पड़ने की आशंका बनी हुई है। दरअसल, शेख हसीना की सरकार गिरने के दौरान बांग्लादेश में जिस तरह की स्थिति थी, उस समय में बांग्लादेशी सेना ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत शांति बहाली की मांग की थी। ऐसे में बांग्लादेश और भारत के संबंधों में सुधार की एक गुंजाइश दिख रही थी।

## वर्ग पहेली 7056

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र(उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत(उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब(उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा.
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. डरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगोंद्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुन: आना
१२. बंधक, रेहन(उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन करने का काल
१५. इमारत, पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया(उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठ व्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

### वर्ग पहेली-7055

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | र | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्वा | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408


## आज का इतिहास


1586 - मुग़ल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया।
1737 - बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत।
1840 - विलेम द्वितीय नीदरलैंड का राजा बना।
1868 - अमेरिका में कोर्नोल विश्वविद्यालय खुला। इसमें 412 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जो उस समय की सबसे बड़ी संख्या थी।
1919 - गांधीजी की 'नवजीवन' पत्रिका प्रकाशित।
1942 - अमेरिका और ब्रिटिश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की घोषणा की।
1950 - मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की थी।
1952 - चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी बनी।
1959 - सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।
1977 - सोवियत संघ ने चौथे संविधान को अंगीकार किया।
1992 - भारत में त्वरित कार्यवाइ बल का गठन किया गया था। इसका गठन विशेष रूप से सांप्रदायिक दंगों से सहानुभूति पूर्वक और विशेषज्ञतापूर्वक निबटने के लिए हुआ था। प्रकृतिक आपदाओं से निबटने में भी यह बल नागरिक प्रशासन की मदद करता है। रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना की गई।
1997 - सूर्य बहादुर थापा द्वारा नेपाल के नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण, भारत और रूस सुरक्षा सहयोग 2010 तक बढ़ाने के लिए सहमत।

**अलर्ट** एआईसी सर्वेक्षण में भाग लेने वाले लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के शिकार हुए

# ऑस्ट्रेलिया : एक साल में 40 फीसदी लोग साइबर अपराध के हुए शिकार

■ सभी पीड़ितों में से 6.6 प्रतिशत लोग सभी चार प्रकार के साइबर अपराधों के शिकार हुए





**कैनबरा,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में साइबर अपराध को लेकर एक सरकारी रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में 40 प्रतिशत से अधिक लोग एक साल में कई अलग-अलग साइबर अपराध के शिकार हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई अपराध विज्ञान संस्थान (एआईसी) की तरफ से सोमवार को 'ऑस्ट्रेलिया में साइबर अपराध 2024' रिपोर्ट प्रकाशित की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार सभी पीड़ितों में से 42.1 प्रतिशत लोग एक ही साल में कई प्रकार के साइबर अपराधों के शिकार हुए। रिपोर्ट में साइबर अपराध के चार प्रमुख प्रकारों के बारे में बताया गया है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके अनुसार ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न, मैलवेयर, पहचान संबंधी अपराध और दुरुपयोग, धोखाधड़ी एवं घोटाले पर ज्यादा फोकस रखा गया। रिपोर्ट के अनुसार 47.4 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने 2024 में किसी न किसी साइबर अपराध का शिकार होने की सूचना दी। एआईसी सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 10,335 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में से 26.8 प्रतिशत लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीड़न (साइबर अपराध) के शिकार हुए, इसके बाद पहचान संबंधी अपराध और दुरुपयोग के शिकार हुए। सभी पीड़ितों में से 6.6 प्रतिशत लोग सभी चार प्रकार के साइबर अपराधों के शिकार हुए।

ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) के साइबर कमांडर ग्रीम मार्शल ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि साइबर अपराध की रोकथाम ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एक बार के प्रयास के बजाय एक दैनिक आदत होनी चाहिए। रिपोर्ट को लेकर उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी एक हमले के बाद यूं ही आगे नहीं बढ़ जाते। अगर उन्हें कोई कमजोरी नजर आती है, चाहे वह कमजोर पासवर्ड हो, पुराना सॉफ्टवेयर हो या कोई हैक किया गया ईमेल हो, तो वे बार-बार अलग-अलग तरीकों से ऐसा करने की कोशिश करेंगे। सर्वे में शामिल लोगों में 9.5 फीसदी लोग ऐसे थे जो धोखाधड़ी और घोटाले जैसे साइबर अपराध के शिकार हुए, लेकिन सभी पीड़ित इसे लेकर सबसे ज्यादा संवेदनशील थे।

## दुनिया को जानें

### चीनी वैज्ञानिकों ने चांद के पिछले भाग के लूनर मैंटल की ठंडक का रहस्य खोला

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्राधिकरण और चीनी परमाणु ऊर्जा प्राधिकरण ने 6 अक्टूबर को घोषणा की कि उन्होंने चंद्रयान छांग'अ-6 से प्राप्त चाँद के पिछले भाग के नमूनों के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है। इस अध्ययन में पहली बार यह पता चला है कि चाँद के पिछले भाग का लूनर मेंटल (चंद्रीय अंतर्भाग) चाँद के सामने के भाग की तुलना में अधिक ठंडा है। यह खोज चाँद के चंद्रीय द्विभाजन के ज्ञान को गहरा करती है और चंद्रमा के विकास तथा इसकी भूगर्भीय संरचना की समझ के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े प्रदान करती है। विशेष रूप से, छांग'अ-6 द्वारा एकत्र किए गए बेसाल्टिक चट्टान के नमूने का क्रिस्टलीकरण तापमान 1100 डिग्री सेल्सियस पाया गया, जो चाँद के सामने के भाग के समान नमूनों की तुलना में लगभग 100 डिग्री सेल्सियस कम है। शोधकर्ताओं ने यह भी ज्ञात किया कि चाँद के पिछले भाग का मैंटल पोटेंशियल तापमान सामने के भाग के मुकाबले कम है। यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल 'नेचर जियोसाइंस' की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है, जो चाँद के भौतिक और भूगर्भीय विशेषताओं के अध्ययन में एक नई दिशा प्रदान करता है।

# प्रादेशिकी

## तकनीकों तथा शोध निष्कर्षों को अंतिम उपयोगकर्ता तक पहुंचाएं : भूपेंद्र

**देहरादून।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) की तकनीकों तथा शोध निष्कर्षों को अंतिम उपयोगकर्ता तक पहुंचाया जाना चाहिए। श्री यादव ने यह बात सोमवार को उत्तराखंड के देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में आईसीएफआरई की 31वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। श्री यादव ने इस अवसर पर, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर आधारित वेब पोर्टल का शुभारंभ किया तथा चार प्रकाशनों का विमोचन भी किया। बैठक के दौरान, वर्ष 2023-24 की आईसीएफआरई वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत किए गए। इन पर चर्चा के बाद सोसायटी ने सर्वसम्मति से इन्हें अनुमोदित कर दिया। अब यह विवरण संसद के दोनों सदनों में पटल पर रखा जाएगा।

# हर साल 920 एथलीट होंगे प्रशिक्षितः धामी

- खेलों को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड सरकार कर रही हर प्रयास
- प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी

■ अमरनाथ तिवारी



यह जानकार अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने पुरूष खिलाडियों के साथ-साथ महिला खिलाडियों के क्रिकेट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है : पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जहां सीएम धामी ने फाइनल मुकाबले में जीती हरिद्वार एलमास को जीत की ट्रॉफी दी तो वहीं कई घोषणाएं भी की।

यूपीएल 2 के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वे सभी टीमें और खिलाड़ी, जो इस बार जीत से कुछ कदम दूर रह गए हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि खेल में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन जो बात सबसे महत्वपूर्ण है वो है आपकी खेल भावना। परिश्रम और निरंतर आगे बढ़ने का जज्बा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि खेल के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुणों का भी विकास होता है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की मजबूत नींव रखी। हमारी सरकार उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में स्थापित करने उद्देश्य से राज्य में शीघ्र ही एक स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

सीएम धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन के उनकी सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और पुरूषों के साथ ही महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जानकार अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने पुरूष खिलाडियों के साथ-साथ महिला खिलाडियों के क्रिकेट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। महिला खिलाड़ियों की चार टीमों ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस लीग में महिलाओं की भागीदारी भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की बालिकाओं द्वारा बीसीसीआई के तत्वाधान में आयोजित अंडर 19 वर्ग की प्रतियोगिता में दो बार चौम्पियन ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया गया है, ये उनके राज्य के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि पर्वतीय राज्य की तीन बालिकाएं राघवी बिष्ट, प्रेमा रावत और नंदनी कश्यप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही है। उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से वर्तमान में न्यूजीलैंड में होने वाली सीरीज में भारतीय टीम में जगह बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यह भी सोचने का विषय है कि उत्तराखंड का टैलेंट बाहर क्यों जा रहा है? हम जब देखते है कि हमारे पहाड़ी मूल के खिलाड़ी आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन वे अपने राज्य से नहीं बल्कि दूसरे राज्यों की टीम से खेल रहे है।

## प्रदेश में बनेगी 23 खेल अकादमियां

**देहरादून।** देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। अब हमारे प्रदेश में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन भी होने लग गए हैं। हमारी सरकार उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में स्थापित करने उद्देश्य से राज्य में शीघ्र ही एक स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने एक नवीन खेल नीति भी लागू की है। इस नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही हमारी सरकार मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना और खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है।

# जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण : बर्द्धन




जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है : सचिव बर्द्धन

**रुड़की,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा, जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

सोमवार को यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने अंतरराष्ट्रीय जल विज्ञान संघ (आईएएचएस)की बारहवीं वैज्ञानिक सभा का उद्घाटन किया। इस सभा में दुनिया भर के प्रमुख वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं नीति निर्माता सतत जल संसाधन प्रबंधन, जल विज्ञान संबंधी नवाचारों एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशीलता पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए। इस सभा में 49 देशों के 627 से अधिक प्रतिभागी और 682 वैज्ञानिक योगदान शामिल हैं, जो इसे आईएएचएस के इतिहास की सबसे बड़ी सभाओं में से एक बनाता है। सप्ताह भर चलने वाला यह कार्यक्रम जल स्थिरता एवं जलवायु अनुकूलन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक चर्चाओं, कार्यशालाओं व नेटवर्किंग के माध्यम से वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचिव उत्तराखण्ड, आनंद बर्द्धन ने सत्र का उद्घाटन किया और जल विज्ञान अनुसंधान और इसके सामाजिक अनुप्रयोगों को आगे बढ़ाने में उनके वैश्विक योगदान के लिए आईआईटी रुड़की एवं आईएएचएस की सराहना की। मुख्य सचिव बर्द्धन ने कहा, जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान वैश्विक ज्ञान को स्थानीय समाधानों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो समुदायों और नीति निर्माताओं दोनों को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं आईआईटी रुड़की कुलगीत के साथ हुई, जिसके बाद प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने अपने संबोधन दिए, जिनमें आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत, आईएएचएस के अध्यक्ष प्रो. साल्वातोरे ग्रिमाल्डी, आईएनएसए के उपाध्यक्ष एवं सीएसआईआर-एनईआईएसटी के निदेशक डॉ. वी.एम. तिवारी, आईएएचएस एसए 2025 के अध्यक्ष प्रो. सुमित सेन तथा संयोजक प्रो. अंकित अग्रवाल शामिल थे। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह छह दिवसीय सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाचारों को प्रेरित करेगी, जो जल विज्ञान एवं समाज दोनों के लिए सार्थक योगदान देंगी।'

## सार संक्षेप

### पंजाब में 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान, 72 नशा तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत राज्य से नशों का पूरी तरह सफाया करने के लिए चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 219वें दिन प्रदेश की पुलिस ने सोमवार को राज्यभर में 335 स्थानों पर छापेमारी की और 72 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, पिछले 219 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 32,054 तक पहुँच गई है। अभियान के दौरान 68 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमें ने पूरे राज्य में 335 स्थानों पर छापेमारी की।

### अग्रोहा धाम में विशाल वार्षिक मेला आज होगा शुभारंभ

**सिरसा।** अग्रोहा धाम में विशाल वार्षिक मेला 7 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। इस मेले में हरियाणा पंजाब राजस्थान दिल्ली चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु पहुंचेंगे । उपरोक्त जानकारी देते हुए अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष अंजनी कनोडिया, जिलाध्यक्ष पुरुषोतम गोयल, प्रधान अनिल सर्राफ, महासचिव अश्वनी बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मुख्य संरक्षक अग्रोहा धाम डा. सुभाष चंद्रा व राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग शिरकत करेंगे। वहीं शुभ आशीर्वाद देने के लिए परम पूज्य महामंडलेश्वर महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी पहुंचेंगे।

### पंजाब रोडवेज के अधीक्षक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो (वीबी) ने जालंधर में पंजाब रोडवेज डिपो-1 में तैनात अधीक्षक बलवंत सिंह को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि यह मामला पंजाब रोडवेज के एक सेवानिवृत्त ड्राइवर की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया है कि उपरोक्त अधीक्षक ने उसकी सेवानिवृत्ति से पहले लंबित ओवरटाइम बिल तैयार करने के बदले 50 हजार रुपये की मांग की है।

### सुडोकू 7055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया शूटिंग का शुभारंभ

**भिवानी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्टेज ऐप के लिए बन रही बहुप्रतीक्षित हरियाणवी फिल्म महापुनरजन्म की शूटिंग का आगाज भिवानी जिला के बापोड़ा गांव से हो गया है। इस फिल्म का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना है और हरियाणा के ग्रामीण परिवेश, संस्कृति और बोली को राष्ट्रीय पटल पर एक मजबूत पहचान दिलाना है। फिल्म शूटिंग का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने क्लैप देकर किया। इस अवसर पर उन्होंने फिल्म से जुड़े कलाकारों और क्रू मेंबर्स को शुभकामनाएं दीं और इसे हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने फिल्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल अत्यंत सराहनीय है।



उन्होंने कहा कि इस फिल्म से ना केवल स्थानीय कलाकारों को अभिनय और तकनीकी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका मिलेगा, बल्कि यह हमारी ग्रामीण संस्कृति और अनूठी हरियाणवी जीवनशैली को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देते हैं और युवा फिल्म निर्माताओं और कलाकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं। फिल्म महापुनरजन्म का निर्माण अधिकारी ब्रादर मुंबई के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से भिवानी जिले के साथ-साथ आस-पास के गांवों के प्राकृतिक और वास्तविक लोकेशंस पर की जाएगी, ताकि कहानी और हरियाणवी ग्रामीण जीवन का चित्रण पूरी प्रामाणिकता के साथ हो सके।

# राजधानी में बड़े स्तर पर हुए निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के तबादले

## डोईवाला, ऋषिकेश, कैंट व मसूरी कोतवाली प्रभारियों के बदले कार्य क्षेत्र

■ थाने राजपुर में भेजे गए निरीक्षक प्रदीप रावत




**देहरादून,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली से पहले राजधानी देहरादून में बड़े स्तर पर थाना और चौकी प्रभारियों के बंपर तबादले किए गए हैं। रविवार देर रात को ही एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने थाना और चौकी प्रभारियों समेत सब इंस्पेक्टर व इंस्पेक्टर का बड़े स्तर पर ट्रांसफर किया। एसएसपी देहरादून अजय सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में तैनात चौकी और थाना इंचार्ज बदले गए। देहरादून के सबसे बड़े वीवीआईपी और संवेदनशील क्षेत्र राजपुर थाने की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर प्रदीप रावत को सौंपी है। दरअसल, पिछले दिनों थाना राजपुर प्रभारी शेंकी चौधरी नशे की हालत में तीन गाड़ियों को टक्कर मारने के बाद उनको निलंबित कर दिया गया था। निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट को प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश भेजा गया। निरीक्षक प्रदीप सिंह राणा को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डोईवाला भेजा गया। निरीक्षक कमल कुमार लुंटी को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डोईवाला से प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट भेजा गया। निरीक्षक संतोष कुंवर को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मसूरी से प्रभारी एसआईएस शाखा पुलिस कार्यालय भेजा गया। निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान को प्रभारी एसआईएस शाखा पुलिस कार्यालय से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मसूरी भेजा गया। निरीक्षक प्रदीप रावत को प्रभारी निरीक्षक थाना बसंत विहार से प्रभारी निरीक्षक थाना राजपुर भेजा गया। उपनिरीक्षक विनय मित्तल को थाना अध्यक्ष त्यूणी से चौकी प्रभारी लालतप्पड़ कोतवाली डोईवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक अशोक राठौड़ को वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली विकास नगर से थानाध्यक्ष वसंत विहार बनाया गया।

### जोगी वाला चौकी प्रभारी भी हटाए गए

**देहरदून।** उपनिरीक्षक सुनील नेगी को चौकी प्रभारी जोगीवाला थाना नेहरू कॉलोनी से कोतवाली डोईवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक विजय प्रताप राही को चौकी प्रभारी हाथीबड़कला कोतवाली डालनवाला से चौकी प्रभारी जोगीवाला थाना नेहरू कॉलोनी भेजा गया। उपनिरीक्षक सतवीर भंडारी को चौकी प्रभारी आराघर कोतवाली डालनवाला से चौकी प्रभारी हाथीबड़कला कोतवाली डालनवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक नरेंद्र कोठियाल को चौकी प्रभारी कुठाल गेट थाना राजपुर से चौकी प्रभारी आराघर कोतवाली डालनवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक अशोक कुमार को थाना बसंत विहार से चौकी प्रभारी कुठालगेट थाना राजपुर भेजा गया। उपनिरीक्षक जैनेंद्र राणा को चौकी प्रभारी हरिपुर कला थाना रायवाला से चौकी प्रभारी बस अड्डा कोतवाली ऋषिकेश भेजा गया। उपनिरीक्षक कविंद्र राणा को थाना सहसपुर से चौकी प्रभारी हरिपुर कला थाना रायवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक जयवीर सिंह को चौकी प्रभारी लालतप्पड़ कोतवाली डोईवाला से थाना प्रेम नगर भेजा गया। उपनिरीक्षक वैभव गुप्ता को साइबर शाखा पुलिस कार्यालय से चौकी प्रभारी बाजार,कोतवाली पटेल नगर भेजा गया। उपनिरीक्षक सुमित चौधरी को चौकी प्रभारी जौलीग्रांट कोतवाली डोईवाला से चौकी प्रभारी श्यामपुर कोतवाली ऋषिकेश भेजा गया। उपनिरीक्षक नवीन डंगवाल को चौकी प्रभारी बस अड्डा कोतवाली ऋषिकेश से चौकी प्रभारी जौलीग्रांट कोतवाली डोईवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक मिथिलेश बिष्ट को चौकी प्रभारी एम्स कोतवाली ऋषिकेश से कोतवाली ऋषिकेश भेजा गया।

## कारीगरों को दी गई फ्री इलेक्ट्रिक चाक व टूल किट



**भिवानी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण महिला एवं युवा विकास संस्थान ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से स्थानीय वार्ड नंबर-25 में हनुमान गेट के नजदीक प्रजापति समाज के 20 कारीगरों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए। इस अवसर पर वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति मुख्यातिथि थे। यह वितरण केंद्र और राज्य सरकार की ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत किया गया। ग्रामीण महिला एवं युवा विकास संस्थान से प्रदीप सिवाच ने बताया कि उनकी संस्था खादी आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेती है। प्रशिक्षण के बाद प्रजापति समाज के इन 20 लोगों को मुफ्त बिजली चालित चाक व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रमाण पत्र के आधार पर वे प्रधानमंत्री गारंटी योजना के तहत लोन भी ले सकते हैं। इस मौके पर मुख्यअतिथि वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मोदी और नायब सरकार की एक महत्वपूर्ण स्कीम है, जिसके तहत कारीगरों को निशुल्क ट्रेनिंग और टूल वितरित किए जाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इस योजना में बीपीएल और बेरोजगार परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है।

## जय रुहिल ने जीता स्टेट स्कूल गेम्स में गोल्ड मेडल

■ कराटे में फरीदाबाद को दिलाया प्रदेश में प्रथम स्थान



**फरीदाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। फरीदाबाद के सेक्टर 89 के मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल के छात्र जय रुहिल ने हरियाणा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की कराटे प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता है। कैथल में आयोजित इस प्रतियोगिता के अंडर 17 आयुवर्ग की 62 किलोग्राम कैटेगरी के फाइनल में जय रुहिल ने जींद जिले से खेल रहे प्रतिभागी को 6-0 हराया। गौरतलब है कि 11वीं के छात्र जय रुहिल के पिता धर्मेंद्र रुहिल दक्षिण हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम में कार्यकारी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। जय रुहिल कराटे में राष्ट्रीय स्तर पर उभरता हुआ सितारा है। पिछले साल दिल्ली में आयोजित नेशनल गेम्स में भी उसने सिल्वर मेडल जीतकर फरीदाबाद जिले और हरियाणा प्रदेश का नाम ऊंचा किया था। जय रुहिल के वर्तमान फॉर्म को देखते हुए पूरी उम्मीद है कि इस बार नेशनल गेम्स में कराटे में हरियाणा का गोल्ड मेडल पक्का है। जय रुहिल के पिता धर्मेंद्र रुहिल का कहना है कि जय कि रुचि बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी थी। कराटे में उसने अपने जोहर दिखाने शुरू कर दिए देखते ही देखते वह अपने से भी बड़ी उम्र के बच्चों को कराटे के दांव में चित करने लगा। इस बार भी वह पहले ब्लॉक लेवल पर फिर डिस्ट्रिक्ट लेवल पर और अब स्टेट लेवल तक लगातार अपने विपक्षियों को पछाड़कर जीतता ही चला गया। जिस तरह से उसकी परफॉर्मेंस चल रही है, उससे नेशनल गेम्स में तो गोल्ड मेडल जीतने की उम्मीद है। यहां तक कि वह इंटरनेशनल लेवल पर भी पदक जीत सकता है।

# परिवार टूटने से बचा गई डीएम की सूजबूझ, परिजनों को स्मरण कराए एक-दूसरे के कर्तव्य

■ अमरनाथ तिवारी



■ 70 वर्षीय बुजुर्गों से अपने तीन नौनिहालों वाले बेटे बहु को बेदखल न करने का डीएम ने किया आग्रह

**देहरादून,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी सविन बंसल के सम्मुख एक बुजुर्ग दम्पति ने अपने पुत्र एवं पुत्र वधु को बेदखली करने की फरियाद लगाई कि उनको अपने घर से बेदखल करने का डीएम से अनुरोध किया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने 2 सुनवाई में ही कैस समझते हुए परिजनों के आपसी विवाद जो परिवार के विखण्डन का कारण बन रहा था को अपनी सूजबूझ से बुजुर्ग दंपत्ति को समझाते हुए अपने तीन नौनिहालों वाले बेटे बहु को बेदखल न करने का आग्रह किया। दोनों पक्षों को समझाया जिससे परिवार को टूटने से बचाने का प्रयास किया है। जहां जिलाधिकारी ने परिजनों को एक-दूसरे के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों का स्मरण कराया वहीं परिजनों को आपस में साथ रहने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने परिजनों को साथ-साथ रहने का अनुरोध किया था निर्धन बेटा-बहु को बुजुर्गों को साथ रखने तथा बुजुर्ग दम्पति को इस अवस्था में पुत्र एवं उसके परिवार का साथ नही छोड़ने के प्रेरित किया। बजुर्ग दम्पति ने बेटे-बह से नाराज होकर न्यायालय जिला मजिस्टेड्ट कोर्ट में भरणपोषण अधिनियम में वाद दर्ज कराया था। 22 अगस्त 2025 को खुड़बुड़ा निवासी बुजुर्ग दम्पति जसंवत सिंह व उनकी पत्नी जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में उनसे मिलकर जिल पुत्र तथा पुत्रवधु द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत की तथा पुत्रवधु को बेदखल करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी सविन बसंल ने दोनो पक्षों को सुना तथा परिजनों का आपसी मनमुटाव दूर कराते हुए आपस में मिलजुलकर रहने की सलाह दी है। जिला प्रशासन की इसकी निरंतर मॉनिटिरिंग करेगा तथा दोनो पक्षों को आपस में मिलजुलकर रहने तथा एक-दूसरे के अधिकारों का अतिक्रमण नही करने का आग्रह किया गया। निर्धन पुत्र व पुत्रवधु एवं बुजुर्ग माता-पिता में सुलह से एक परिवार टूटने से बचने का प्रयास किया। बुजुर्ग दंपति के 4 पुत्र है जिनमें दो पुत्र अपने परिवार संग अलग रहते हैं, तथा एक दिव्यांग पुत्र तथा पुत्र बंसी जिसके विरुद्ध दंपति ने भरण पोषण अधिनियम में केस दर्ज किया था, उसके 3 नाबालिग बच्चे हैं, जिनमें 2 बालिका तथा 1 बालक है, बेटे का कपड़े का अल्प व्यवसाय है तथा आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

## केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए उमड़ रहा भक्तों का हुजूम

■ हर रोज दस हजार से अधिक यात्री कर रहे हैं दर्शन

**रुद्रप्रयाग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की अंतिम चरण की यात्रा ने एक बार फिर से तेज रफ्तार पकड़ दी है। इन दिनों धाम पहुंचने वाले यात्रियों का आंकड़ा दस हजार पार है। जबकि अभी तक 16 लाख 35 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। धाम में दर्शनों के लिये यात्रियों की लंबी लाइन लग रही हैं। हालांकि भक्तों को मंदिर के गर्भ गृह में जाकर दर्शन कराए जा रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में यात्रियों का हुजूम उमड़ रहा है। हर रोज हजारों की संख्या में भक्त बाबा के धाम पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं। इन दिनों पैदल यात्रा मार्ग सहित केदारपुरी भक्तों के जयकारों से गुंजायमान है। दर्शनों के लिये हर समय भक्तों की कतारे लग रही हैं। अब बाबा केदार के कपाट बंद होने में कुछ ही दिनों का समय शेष बचा हुआ है। 23 अक्टूबर को बाबा केदार के कपाट बंद होने हैं, लेकिन कपाट बंद होने से पहले भक्त भारी संख्या में दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। अभी तक 16 लाख 35 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। यात्री हेलीकाप्टर सेवा के अलावा पैदल यात्रा मार्ग से धाम की यात्रा कर रहे हैं।

# प्रादेशिकी

## किशोरी से अश्लील हरकत करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में एक किशोरी के साथ अश्लील हरकत और उसके परिजनों से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले निवासी व्यक्ति की बेटी 12 और 13 सितम्बर की रात घर की छत पर सो रही थी, तभी गांव का युवक रवि देर रात करीब 1 बजे छत पर चढ़ आया। आरोपी ने किशोरी के कपड़े उतारने की कोशिश करते हुए अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। शोर सुनकर परिवार के लोग जाग गए, जिन्हें देख आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता के परिजनों ने घटना की शिकायत आरोपी रवि के परिवार से की, लेकिन उल्टा रवि के परिजनों ने पीड़िता के पिता से मारपीट कर दी और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# नारी गरिमा के साथ स्वावलंबन का भी हो रहा कार्य : योगी आदित्यनाथ

■ 250 छात्राओं को प्रमाण पत्र, सिलाई-कढ़ाई मशीनें व लैपटॉप किए वितरित



हमारी संस्कृति में नारी की गरिमा व सम्मान को है सर्वोच्च स्थान प्राप्त : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/वाराणसी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में नारी गरिमा के साथ उनके स्वावलंबन का कार्य भी हो रहा है। दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे योगी ने शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट के अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में आयोजित समारोह में लगभग 250 छात्राओं को प्रमाण पत्र, सिलाई-कढ़ाई मशीनें और लैपटॉप वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी की गरिमा और सम्मान को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। भारत में धरती को मां और पवित्र गंगा नदी को माता का दर्जा दिया गया है। मां अन्नपूर्णा का प्रसाद ही अन्न के रूप में प्राप्त होता है। भाजपा सरकार में कोयले और गोबर के उपलों से माताओं-बहनों को मुक्ति मिली है। काशी में आज पाइपलाइन के जरिए गैस पहुंच रही है। गांवों में महिलाओं के नाम पर जमीन दी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हर क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाया जा रहा है। नारी गरिमा के साथ स्वावलंबन का कार्य भी हो रहा है। एक सिलाई मशीन पूरे परिवार का भरण-पोषण कर सकती है। कृषि के बाद वस्त्र उद्योग सबसे बड़ा क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि मां अन्नपूर्णा की कृपा और बाबा विश्वनाथ की धरा पर 108 वर्षों की पावन विरासत के मार्गदर्शन में मेरा सौभाग्य है। आज के कार्यक्रम में 250 से अधिक बेटियों और बहनों को सिलाई मशीनें और कंप्यूटर प्रदान किए गए। सभी बधाई के पात्र हैं। सनातन धर्म ही सबकी सुरक्षा और शांति का मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, शौचालय और मकान जैसे अभियानों के माध्यम से माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया, एक जनपद एक उत्पाद योजना के जरिए इतने ऑर्डर आते हैं कि आपूर्ति करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। यहां की महिलाएं कपड़े बनाएंगी और दुनिया उन्हें पहनेगी। सरकार वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कबीरदास जी के नाम पर पार्क विकसित कर रही है, जहां प्रशिक्षण सहित सभी कार्य होंगे। योगी ने संस्कृत भाषा पर जोर देते हुए कहा कि देववाणी संस्कृत के लिए अभियान चल रहा है। संस्कृत और सनातन धर्म ही दुनिया को जोड़ेगा।

### मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों पर की पुष्प वर्षा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर यहां लगभग 500 सफाई कर्मी स्वच्छता मित्रों सेफ्टी किट और अंगवस्त्रम वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों पर पुष्पवर्षा की और अपने हाथों से उन्हें भोजन भी परोसा। सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे योगी ने पिपलानी कटरा स्थित सरोजा पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि ऐसी व्यवस्था किया जा रहा हैं कि 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह सीधे स्वच्छता कर्मियों के बैंक में जायेगा। कोई भी किसी तरह सफाई कमियों का शोषण अब नहीं कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबके स्वास्थ्य की चिंता करने वाले सफाई कर्मियों की चिंता उनकी सरकार कर रही हैं। सभी स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपए निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाया जायेगा। इससे स्वच्छता कर्मियों के परिवार का हर वर्ष पांच लाख रुपए के निःशुल्क इलाज की गारंटी होगी।

## जमीनी विवाद को लेकर दो घायल

**फर्रुखाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमृतपुर थाना क्षेत्र के कस्बा अमृतपुर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से भिड़ गए और धारदार हथियार चल गए। संघर्ष में आशीष अवस्थी और प्रदीप अग्निहोत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कस्बा अमृतपुर निवासी आशीष अवस्थी पुत्र रामकिशोर और प्रदीप अग्निहोत्री के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी और गाली-गलौच हुई, इसके बाद विवाद बढ़कर हाथापाई और फिर मारपीट में बदल गया। संघर्ष में आशीष अवस्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया। वहीं प्रदीप अग्निहोत्री का राजेपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। आशीष अवस्थी के भाई निशांत अवस्थी ने आरोप लगाया कि प्रदीप अग्निहोत्री और उनके परिवारजनों ने धारदार हथियारों से हमला कर आशीष को बुरी तरह घायल कर दिया। दूसरे पक्ष के प्रांशु अग्निहोत्री ने बताया कि आशीष अवस्थी फावड़े से गड्ढा खोद रहे थे, जब इसका विरोध किया गया तो उन्होंने फावड़े से प्रहार कर दिया, जिससे प्रदीप घायल हो गए। फिलहाल दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

## किसानों ने जनहित की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन



■ समस्याओं के जल्द निस्तरण की रखी मांग

**फर्रुखाबाद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारती कृषक एसोसिएशन ने जनहित में जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है जब से जेई (अवरअभियंता) जावेद अहमद खान की नियुक्ति हुई है तब से हर 10 मिनट में बिजली आती जाती है वही लाइनमैन नावेद विद्युत सही करने के 200 लेता है जब मर्जी आए शट डाउन ले लेता है और कह देता है लाइन फाल्ट है दोनों को कस्बा कायमगंज से हटाया जाए।

कस्बा कायमगंज में आगरा बाजार से नकली अंग्रेजी दवाइयां मंगाकर मेडिकल स्टोर संचालक बेच रहे हैं। सरकारी अस्पताल के पास के मेडिकलों की जांच कराई जाए।उक्त दवाइयां बिक्री पर रोक लगाई जाए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी फर्रुखाबाद जनपद के राजकीय और यूनानी चिकित्सालयों में दवाओं की सप्लाई को रोक रहा है जिससे मरीजों को दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। दवाओं को चिकित्सालयों में भेजा जाए और क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी को हटाया जाए। बाढ़ से गंगा नदी किनारे के किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी है किसानों को फसल का मुआवजा दिया जाए। गंगा तराई क्षेत्र में बाढ़ की वजह से मच्छर पनप रहे हैं दवाई का छिड़काव करा जाए। ढाई घाट गंगा नदी पर मेल वर्षों से फर्रुखाबाद के क्षेत्र में लगता था जो अब शाहजहांपुर जनपद के प्रशासन की व्यवस्था में चला गया पुनः मेले की व्यवस्था जनपद फर्रुखाबाद के शासन प्रशासन को दी जाए।

बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र की पुलियों का निर्माण कर ऊंचा किया जाए। बाढ़ के समय में जिन किसानों की गंगा में डूब कर मौत हो गई उन किसानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए।

## सार संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्र में की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिलाओं की सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने दौराला ब्लॉक के महलका आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की, इसके साथ ही छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने आंगनवाड़ी में आशा बहनों से संवाद किया, उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आशा और आंगनबाड़ी बहनों का किया गया कार्य सराहनीय है। आशा और आंगनबाड़ी बहने उत्तर प्रदेश सरकार की रीड की हड्डी है, इस अवसर पर उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी बहनों की समस्याओं को भी सुना, कार्यक्रम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट से प्रतिमा सिंह, वन स्टॉप सेंटर से खुशबू शर्मा, सुबोध कुमार सुपरवाइजर आंगनबाड़ी ब्लॉक दौराला, निधि शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंजू, ललिता, सविता, राजबाला, बीरी सरोज, ललित, राजवती, अंजुम आदि मौजूद रही।

### गणेशपुर में रोडवेज बस पेड़ से टकराई

**मवाना।** हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में सोमवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। मवाना रोड पर स्थित गणेशपुर के पास सुबह करीब 3:00 बजे उत्तराखंड परिवहन निगम (रोडवेज) की कोटद्वार डिपो से संचालित बस अचानक सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। बस मेरठ से कोटद्वार के लिए रवाना हुई थी, जिसमें कई यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि ड्राइवर से वाहन अचानक नियंत्रित होकर दूसरी दिशा में मुड़ी और जोरदार टक्कर पेड़ से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला बोनेट और फ्रंट शीशे चकनाचूर हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई यात्रियों को साइड के शीशे तोड़कर बस से बाहर निकलना पड़ा। सभी यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आईं, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जिन यात्रियों को चोट आई थी, उन्हें इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल भेजा गया और अब सभी सुरक्षित हैं। हस्तिनापुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि हादसा देर रात करीब 3:00 बजे हुआ। गनीमत रही कि बस में सवार किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई, वरना दुर्घटना बड़ी हो सकती थी। प्रस्तावित शीर्षक गणेशपुर में रोडवेज बस पेड़ से टकराई, यात्रियों में अफरा-तफरी, बड़ा हादसा टला।

### सूचना

मेरा पुत्र तनिष्क शर्मा मेरे व मेरी पुत्री कु.सजल शर्मा के कहने में नहीं है आए दिन मेरे व मेरी पुत्री के साथ बेवजह लड़ाई झगड़ा और मारपीट करता है और इसका व्यवहार व चाल चलन सही नहीं है और समझाने पर मानता नहीं है। इसलिए मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र तनिष्क शर्मा को बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। आज के बाद मेरे पुत्र तनिष्क शर्मा के द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन व कार्य से मेरा व मेरी पुत्री का कोई सम्बन्ध वास्ता नहीं होगा। **श्रीमति पूनम शर्मा पत्नी स्व. मनीष कुमार शर्मा निवासी मकान नं. 125, किशनपुरी, बागपत गेट, थाना ब्रहमपुरी, मेरठ शहर।**

### सूचना

मेरी पुत्री अंशु ने परिवार के विरुद्ध जाकर अपनी इच्छा से शादी कर ली है। जिसके चलते मैंने अंशु को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है।

**-तेजपाल पुत्र अतर सिंह, ग्राम अझौता थाना दौराला (मेरठ)।**

## कुलपति कार्यालय का घेराव करने पहुंचे छात्र

**मेरठ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्र नेता विजित तालियान के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र एकत्रित हुए। छात्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए कुलपति कार्यालय की ओर अग्रसर हुए। छात्रों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों ने कुलपति कार्यालय का द्वार बंद कर दिया, जिसके उपरांत छात्र वहीं धरने पर बैठ गए और नारेबाजी जारी रखी। करीब आधे घंटे के पश्चात विश्वविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी



(चीफ प्रॉक्टर) एवं पंजीयक (रजिस्ट्रार) मौके पर पहुंचे और छात्रों से संवाद स्थापित किया। छात्रों ने अपनी मांगों को उनके समक्ष प्रस्तुत किया। जिनमें विश्वविद्यालय में स्पेशल बैक परीक्षा आयोजित कराने, एल.एल.एम. प्रवेश प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच कराने तथा प्राइवेट कॉलेजों में छात्रों के साथ हो रही मनमानी एवं अव्यवस्थाओं की जांच हेतु समिति गठन प्रमुख मांग थीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों की मांगों पर विचार-विमर्श के लिए कुलपति कार्यालय के अंदर बैठक की। लगभग आधे घंटे के बाद वे लौटकर छात्रों से चर्चा करने लगे, किंतु छात्र नेता विजित तालियान ने कहा कि कुलपति स्वयं बाहर आकर छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद करें। अधिकारियों ने इसे अनुचित बताते हुए असहजता व्यक्त की, परंतु छात्र अपनी मांग पर अडिग रहे। लगभग एक घंटे बाद कुलपति स्वयं नीचे आकर छात्रों के बीच पहुंचीं और उनसे संवाद किया।

## किसना ने मेरठ में खोली नई शाखा

■ एक्सक्लूसिव शोरूम का हुआ शुभारंभ
■ लांच के अवसर पर लगाया लगाया रक्तदान शिविर
■ संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक ने किया उद्घाटन



**मेरठ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना ने मेरठ में अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। यह शोरूम शहर के प्रमुख स्थान पर स्थित है और ब्रांड के लिए उत्तर प्रदेश में 19वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। यह लॉन्च किसना की राज्य में निरंतर बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है। इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हारी कृष्णा ग्रुप, ने उपस्थित होकर शोरूम का उद्घाटन किया। घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बाजार है। मेरठ में शोरूम का शुभारंभ हमारे इस संकल्प को और मजबूत करता है कि हम हर घर तक किसना की विश्वसनीय और आकर्षक ज्वेलरी पहुंचाएं। हमारी सोच 'हर घर किसना' भारत के हर परिवार को डायमंड ज्वेलरी से जोड़ने की दिशा में एक कदम है। किसना के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा कि मेरठ में शोरूम की शुरुआत हमारे सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। त्योहारों के इस सीजन में हम ग्राहकों को आकर्षक और किफायती ज्वेलरी डिजाइनों के साथ सर्वोत्तम सेवा देने के लिए तत्पर हैं। फ्रेंचाइजी पार्टनर्स घनश्याम मित्तल और अर्जुन मित्तल ने कहा कि किसना जैसी प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। त्योहारों के अवसर पर यह शुभारंभ बेहद खास है, और हम मेरठ के ग्राहकों को ऐसी ज्वेलरी प्रदान करेंगे जो उनके हर उत्सव में चमक बढ़ाए। ग्राहक शोप विन कैंपेन में भाग लेकर स्कूटर और कारें जीतने का मौका भी पा सकते हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**मेरठ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगरीय प्रा. स्वा. केंद्र पुलिस लाईन से विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025) का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शुभारंभ रैली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगरीय मलेरिया अधिकारी सहित संबंधित विभागे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुभारती विवि में कला व सामाजिक मुद्दों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित



■ शिक्षकों व छात्रों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

**मेरठ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में दो अलग-अलग विभागों द्वारा महत्वपूर्ण अकादमिक व्याख्यानों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कला, संस्कृति, और सामाजिक समानता जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई, जिसमें विशेषज्ञों, शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहला व्याख्यान नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट एंड फैशन डिजाइन के ललित कला विभाग द्वारा शिव अनुग्रह प्रतिमाओं विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शांति स्वरूप सिन्हा थे, जिन्होंने भगवान शिव की कल्याणकारी मूर्तियों के प्रतीकात्मक, सौंदर्य और दार्शनिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। डीन प्रो. पिंटू मिश्रा ने अतिथि को अंगवस्त्र एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा गुप्ता ने पादप भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वंदना तोमर ने किया तथा इसे सफल बनाने में डॉ. सोनल भारद्वाज, डॉ. पवनेंद्र तिवारी, डॉ. अंशु श्रीवास्तव, डॉ. आशीष मिश्रा, लकी त्यागी व प्रियंका सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में डॉ. वंदना तोमर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दूसरा व्याख्यान लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा जेंडर एंड सोसाइटी ब्रेकिंग स्टीरियोटाइप्स एंड बिल्डिंग इक्वैलिटी विषय पर आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति गौर ने अपने संबोधन में लैंगिक समानता को समावेशी विकास के लिए एक आवश्यक शर्त बताया और युवाओं से सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका कौशिक ने किया। इस आयोजन में डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ. अजय कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

## शोभित में वन्यजीव सप्ताह पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**मेरठ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शोभित विवि के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज द्वारा द्वारा वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खुशबू उपाध्याय, रेंजर, हस्तिनापुर रेंज, मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के



कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी के स्वागत एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से हुई। उन्होंने बताया, वन्यजीव सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम पर्यावरण और जैव विविधता के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। इसके बाद प्रो वाइस चांसलर प्रो. जयानन्द तथा, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज की निदेशिका प्रो. दिव्या प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संवेदनशीलता के साथ प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभिन्न संकाय सदस्य, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. संजुक्ता, रुपेश कुमार, डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. मानसी और शुभ्रा शर्मा उपस्थित रहे।

## वैष्णवी सिंघल बनीं एक दिन की जिलाधिकारी



■ डीएम ने सौंपा प्रतीकात्मक कार्यभार

**मवाना,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सशक्तिकरण की दिशा में एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। एंग्लो संस्कृत इंटर कॉलेज (एएस इंटर कॉलेज), मवाना की कक्षा 11 की अंग्रेजी माध्यम की होनहार छात्रा कुमारी वैष्णवी सिंघल को मिशन शक्ति अभियान के तहत श्एक दिन की जिलाधिकारी बनाया गया। इस विशेष अवसर पर मेरठ के जिलाधिकारी डॉ. बी.के. सिंह ने स्वयं वैष्णवी को प्रतीकात्मक रूप से कार्यभार सौंपा, जिससे जिले भर में छात्राओं के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य युवा बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक कौशल और आत्मविश्वास जगाना है। वैष्णवी, जो हाल ही में यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में 96.33 प्रतिशत अंकों के साथ मेरठ जिले की टॉपर रहीं, ने इस अवसर पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी की कुर्सी संभाली।

उन्होंने आगंतुकों की शिकायतें सुनीं, फइलों पर हस्ताक्षर किए और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान वैष्णवी ने कहा कि यह मेरे लिए एक स्वप्निल अनुभव है।

**आयोजन** — *वेंकटेश्वरा संस्थान में 'पोषण संचेतना अभियान माह' का हुआ समापन*

## अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे अहम रोल : निधि गुप्ता

**मेरठ, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं संस्थान में उत्तर प्रदेश शासन जुबिलियेंट भरतिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक माह से चले आ रहे 'पोषण संचेतना अभियान' का शानदार समापन हो गया। लगातार एक माह चले इस 'पोषण संचेतना अभियान-2025' में जनपद के 148 स्कूलों के लगभग 6000 बच्चों को कुपोषण से बचाने का सघन अभियान चलाया। 'पोषण संचेतना अभियान' के समापन के अवसर पर जिलाधिकारी आई.ए.एस. निधि गुप्ता वत्स ने सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।**

■ विश्वस्तरीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध : सुधीर गिरि
■ स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शिक्षण संस्थानों की भूमिका सर्वोच्च : डा. राजीव त्यागी



वेंकटेश्वरा संस्थान के डा. सी.वी.रमन सभागार में 'पोषण संचेतना अभियान-2025' के समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आई.ए.एस. निधि गुप्ता वत्स, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सी.डी.ओ. अश्वनी मिश्र, जुबिलियेंट भरतिया फाउंडेशन के डा. सुजीत फोगाट, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आई.ए.एस. निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य मानव जीवन की बुनियादी जरूरतें है। यदि हमारी नई पीढ़ी के बच्चों शिक्षित नही होंगे, एवं यदि वो कुपोषित होंगे, यानि उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं होगा तो स्वस्थ भारत का सपना अधूरा है, और अच्छी शिक्षा व अच्छे स्वास्थ्य के बिना विकसित यूपी का सपना अधूरा एवं विकसित यूपी के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। इसलिए राष्ट्र विकास में स्वस्थ भारत सबसे अहम है। इस अवसर पर जुबिलियेंट भरतिया फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड डा. सुजीत फोगाट, कुलसचिव प्रो. (डा.) पीयूष पांडेय, डा. एस.एन.साहू, डा. नीतू पंवार, डा. मनीष शर्मा, डा.मंजरी राणा, डा. सुमन कुमारी, डा.चन्द्रकान्त, डा. राम गुप्ता, अनुषा कर्णवाल एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहें।


## खिलाड़ियों का किया सम्मान

**मेरठ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंख हौसलों की उड़ान संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना शर्मा के संयोजन में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के विभिन्न स्कूलों कालेजों में 22 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई, खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो खो, सूटिंग, कुश्ती, दौड, स्केटिंग, करांटे,जंप रोप, मार्शल आर्ट, जूडो, योगा, बालीबाल, चैस, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, ताइक्वंडो, हाकी, टग आफ वार के अलावा नृत्य और गायन, कला, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालक बालिकाओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं का आयोजन राम सहाय इंटर कालेज मे किया गया।

# [अर्थ जगत]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 2.96 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.62 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.61 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.01 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.98 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.88 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.23 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 1.07 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.97 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 0.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,16,954 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,47,176 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7906.25 |
| मसूर काली | 8172.79 |
| उड़द दाल | 10501.61 |
| मूंग दाल | 10155.41 |
| अरहर दाल | 10574.97 |

## वैश्विक अस्थिरता के बीच सरकारी क्षेत्र के बैंकों की स्थिति मजबूत

■ निजी बैंकों का कम हुआ मार्केट कैप
■ इंडसइंड बैंक का तीसरी तिमाही में सबसे खराब प्रदर्शन




**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक अस्थिरता के बीच सरकारी क्षेत्र के बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है और जुलाई-सितंबर तिमाही में पब्लिक सेक्टर बैंक (पीएसबी) के मार्केटकैप में इजाफा इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ समान अवधि में निजी क्षेत्र के बैंकों के मार्केटकैप में कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के मुताबिक, जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केटकैप 4.8 प्रतिशत कम हो गया है, जबकि इसी दौरान आईसीआईसीआई बैंक के मार्केटकैप में 6.7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। दोनों निजी क्षेत्र के बैंकों के मार्केटकैप में अप्रैल-जून तिमाही में मजबूती देखने को मिली थी। इसकी वजह जून तिमाही में केंद्रीय बैंक द्वारा बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाना और रेट कट करना है।

डेटा के मुताबिक, अन्य निजी क्षेत्र के बैंकों जैसे कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के मार्केट में भी जुलाई-सितंबर तिमाही में गिरावट हुई है। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने तीसरी तिमाही में सबसे खराब प्रदर्शन किया। इसके बाजार पूंजीकरण 15.7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि शीर्ष सात बैंकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपनी बाजार पूंजीकरण रैंकिंग बरकरार रखी है।

दूसरी तरफ सरकारी क्षेत्र के बैंकों के मार्केटकैप में जुलाई-सितंबर तिमाही में इजाफा हुआ है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मार्केटकैप में सितंबरतिमाही में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मार्केट कैप में 3.9 प्रतिशत और पंजाब नेशनल बैंक के मार्केट कैप में 2.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। केनरा बैंक के मार्केटकैप में 8.3 प्रतिशत और इंडियन बैंक के मार्केटकैप में 16.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

सरकार ने जीएसटी की दरों में कटौती की और उम्मीद है कि आगामी त्योहारी मांग और सामान्य बरसात के मौसम से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत में सितम्बर में कारोबारी गतिविधियों में हुआ इजाफा

■ सर्विसेज पीएमआई 60.9 रहा

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विसेज सेक्टर में सितंबर में मजबूत बढ़त देखी गई है, जिससे एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेंसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 60.9 रहा है। यह जानकारी एसएंडपी ग्लोबल की ओर से सोमवार को जारी किए गए डेटा में दी गई। जब भी पीएमआई 50 से ऊपर रहता है तो कारोबारी गतविधियों में वृद्धि मानी जाती है। रिपोर्ट में कहा गया कि पीएमआई के आंकड़ों से भारत की सर्विस इकोनॉमी में निरंतर स्थिरता का संकेत मिला, जिसे मजबूत मांग, नई व्यावसायिक गतिविधियों और कंपनियों के बीच सकारात्मक दृष्टिकोण का समर्थन प्राप्त था। यह क्षेत्र इस वर्ष भारत के समग्र आर्थिक प्रदर्शन में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक रहा है। एचएसबीसी के चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट, प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के सर्विसेज सेक्टर में व्यावसायिक गतिविधि अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुई। अधिकांश ट्रैकर्स में सुधार हुआ, लेकिन सर्वेक्षण में ऐसा कुछ भी नहीं दिखा जिससे पता चले कि सर्विसेज में वृद्धि की गति में कोई बड़ी गिरावट आई है। फ्यूचर एक्टिविटी इंडेक्स मार्च के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो सर्विस प्रोडवाइडर कंपनियों में व्यावसायिक संभावनाओं को लेकर बढ़ती आशावादिता का संकेत देता है।

## भारत 6जी, एआई व सैटेलाइट कम्युनिकेशन में निभाएगा अहम भूमिका : सिंधिया



■ सिंधिया ने की आईएमसी एस्पायर प्रोग्राम की घोषणा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025, 8 अक्टूबर से शुरू होगा और इसमें ग्लोबल टेलीकॉम लीडर्स, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और नीति निर्माता एक छत के नीचे आएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि चार-दिन चलने वाले इस मेगा इवेंट में 6जी टेक्नोलॉजी के भविष्य, एआई नेटवर्क, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अगली पीढ़ी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सिंधिया ने कहा कि आईएमसी 2025 ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भारत के नेतृत्व को साबित करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर लिखा कि चार दिवसीय मेगा इवेंट ग्लोबल टेलीकॉम लीडर्स, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और नीति निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करेगा और 6 जी, एआई-नेटिव नेटवर्क, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अगली पीढ़ी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए रोडमैप को आकार देगा, जिससे ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भारत के नेतृत्व की पुष्टि होगी।

इस वर्ष स्टार्टअप्स पर केंद्रित कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, सिंधिया ने आईएमसी एस्पायर प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की, जो उद्यमियों को निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से जोड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पहली बार, इस कार्यक्रम में लगभग 500 स्टार्टअप्स और 300 वेंचर कैपिटलिस्ट, प्राइवेट इक्विटी प्रमोटर और निवेश बैंकर शामिल होंगे। आईएमसी 2025 स्टार्टअप्स और वेंचर फाइनेंसिंग के बीच एक सेतु का काम करेगा।

## सोने-चांदी के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोने की कीमतें सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर 3,900 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई है। इसकी वजह निवेशकों की ओर से सोने की लगातार खरीद करना है।

अमेरिकी फेड के द्वारा ब्याज दरों में कमी की संभावना के चलते सोने की मांग में लगातार उछाल देखा जा रहा है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोने की कीमत 1.22 प्रतिशत बढ़कर 3,956.70 डॉलर प्रति औंस पर थी। इसका डे-हाई 3,969 डॉलर प्रति औंस पर है। सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.25 प्रतिशत बढ़कर 1,19,595 रुपए पर पहुंच गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। कॉमेक्स पर चांदी की कीमत 0.68 प्रतिशत बढ़कर 48.29 डॉलर प्रति औंस पर है। अब तक इसका डे-हाई 48.49 रहा है। एमसीएक्स पर चांदी के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.98 प्रतिशत बढ़कर 1,47,176 रुपए हो गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बीते एक हफ्ते में बढ़कर 1,16,954 रुपए हो गई है।

## रेलवे के डाटाबेस के लिए सुरक्षा तंत्र तैयार करेगी एयरटेल




■ प्रतिदिन 13 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करती है रेलवे

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एयरटेल भारतीय रेलवे के डाटाबेस के लिए नये सिरे से एक बहुस्तरीय साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार करेगी ताकि यात्रियों की पहचान, उनके भुगतान के विवरण तथा टिकटिंग, माल ढुलाई और सिग्नलिंग से संबंधित संवेदनशील डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

एयरटेल बिजनेस को रेलवे के डाटाबेस की साइबर सुरक्षा के लिए भारतीय रेलवे सुरक्षा परिचालन केंद्र (आईआरएसओसी) से एक बहु-वर्षीय अनुबंध मिला है।

कंपनी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रेलवे प्रतिदिन 13 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करती है जिसमें दो करोड़ से अधिक यात्री सफर करते हैं। रोजाना लाखों की संख्या में ट्रांजेक्शन होते हैं और ट्रेनों में हर साल 1.5 अरब टन से अधिक माल की ढुलाई होती है। इन सब गतिविधियों से बहुत बड़े पैमाने पर डाटा भी सृजित होता है जिसकी सुरक्षा जरूरी है।

एयरटेल बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक शरत सिन्हा ने कहा कि आज के समय में जब बढ़ते साइबर जोखिम परिचालन निरंतरता, डाटा की अक्षुण्णता और यात्री सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, उन्नत सुरक्षा तंत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें विशाल रेलवे नेटवर्क और डाटाबेस वाले देश के सबसे जटिल और वृहत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आईआरएसओसी द्वारा विश्वसनीय भागीदार के रूप में चुने जाने पर गर्व है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि परिसंपत्तियों के संचालन, रखरखाव, उत्पादन और खरीद के लिए डिजिटल सूचना और संचार तकनीकों पर बढ़ती निर्भरता के कारण साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### सार संक्षेप

#### भुगतान नेटवर्क ट्विड ने शुरू किया यूपीआई ऐप

**बेंगलुरु।** अग्रणी रिवॉर्ड-आधारित भुगतान नेटवर्क ट्विड ने सोमवार को ट्विड यूपीआई ऐप की शुरुआत की घोषणा की। ट्विड की तरह ही उसके यूपीआई ऐप पर भी उपभोक्ताओं को रिवॉर्ड का लाभ मिलेगा। उपयोगकर्ता एक ही प्लेटफॉर्म पर कई बैंकों, ब्रांडों और कार्यक्रमों से अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को आसानी से लिंक और प्रबंधित कर सकते हैं। उपयोगकर्ता चेकआउट के समय अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को यूपीआई भुगतानों के साथ जोड़ सकते हैं, उन्हें तुरंत बचत में बदल सकते हैं और जेब से होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं। ट्विड ऐप पर प्रत्येक यूपीआई लेनदेन के साथ उपयोगकर्ता ट्विड स्टार्स अर्जित करेंगे, जिससे एक सुसंगत भुगतान अनुभव मिलेगा। ट्विड स्टार्स को विभिन्न व्यापारी भागीदारों के साथ एकत्रित किया और भुनाया जा सकता है। ट्विड के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कौशल ने कहा कि ट्विड में हमारा मिशन रिवॉर्ड्स को एक वास्तविक लोकप्रिय मुद्रा में बदलना है।

#### फ्लाई 91 ने पेश किया स्मार्ट टिकट


**पणजी।** देश की प्रमुख क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 ने सोमवार को स्मार्ट टिकट की सुविधा लांच करने की घोषणा की। मुख्य रूप से दक्षिण और पश्चिम भारत में परिचालन करने वाली कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ग्राहक 1,991 रुपए का अतिरिक्त भुगतान कर स्मार्ट टिकट खरीद सकते हैं। इसके बाद वे यात्रा की तारीख में असीमित बार बदलाव कर सकते हैं, टिकट रद्द कराने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और उन्हें प्राथमिकता के आधार पहले बोर्डिंग की सुविधा दी जाएगी। साथ ही उन्हें यात्रा के दौरान कॉम्प्लिमेंट्री स्नैक्स और पेय पदार्थ मिलेगा। इसके अलावा 499 रुपये का वाउचर भी दिया जाएगा जिसका इस्तेमाल वे भविष्य की बुकिंग के लिए कर सकते हैं। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उन्हें पांच किलोग्राम अतिरिक्त बैगेज की सुविधा भी दी जाएगी। फ्लाई91 के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज चाको ने कहा कि आजकल यात्री किफायती किराये के साथ दिमागी शांति भी चाहते हैं।

#### उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को दी धुएं से मुक्ति : पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि उज्ज्वला योजना रसोई गैस भर से बढ़कर खाना पकाने के दौरान महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने और पीएम मोदी के जन-केंद्रित नेतृत्व में परिवारों के लिए सम्मान लाने में अहम रही है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर लिखा कि इस नवरात्रि उज्वला योजना 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन का एक स्पेशल गिफ्ट लेकर आई। इतनी बड़ी पहुंच के साथ यह योजना अब देश के 10.60 करोड़ परिवारों के भविष्य को चमकाएगी। उन्होंने आगे कहा कि उज्ज्वला योजना को दुनिया के सबसे बड़े क्लीन फ्यूल मिशन के रूप में लांच किया गया था।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

■ सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत चढ़कर 81,790.12 अंक पर रहा
■ निफ्टी 0.74 प्रतिशत उछलकर 25,077.65 अंक पर बंद
■ एफएमसीजी व धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं




**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक (0.72 प्रतिशत) चढ़कर 81,790.12 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी-50 सूचकांक भी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत उछलकर 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी देखी गई और एनएसई में आईटी समूह का सूचकांक 2.28 फीसदी मजबूत हुआ। वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य, ऑटो और रियलिटी सेक्टरों में भी अच्छी तेजी रही। वहीं, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियां दबावों में रहीं।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में कुल 3,216 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,386 के शेयरों में तेजी और 1,730 में गिरावट रही जबकि 100 कंपनियों के शेयरों के भाव अतत: पिछले दिवस के स्तर पर ही रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में तेजी रही। टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा का शेयर 2.62 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.61 और इटरनल का 2.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस का शेयर 1.98 फीसदी, बजाज फाइनेंस का शेयर 1.95 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा का 1.89, बजाज फिनसर्व का 1.74, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.49, मारुति सुजुकी का 1.26 और सनफार्मा का 1.22 प्रतिशत की तेजी में रहा। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे।

टाटा स्टील में सबसे अधिक 1.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर 1.23 फीसदी और पावर ग्रिड का 1.07 फीसदी टूट गया। टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 4.75 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.06 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

## टियर 2 व टियर 3 शहर कर रहे हायरिंग में तेजी का नेतृत्व




■ ई कॉमर्स, आतिथ्य व गिग भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि

**बेंगलुरु,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के टियर 2 और टियर 3 शहर सितंबर में हायरिंग में तेजी का नेतृत्व कर रहे हैं। इन शहरों ने मेट्रो मार्केट से आगे निकलते हुए सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करवाई है।

जॉब्स एंड टैलेंट प्लेटफॉर्म फाउंडइट की मंथली रिपोर्ट के अनुसार, कुल हायरिंग एक्टिविटी मजबूत रही हैं। फेस्टिव सीजन ने कंज्यूमर-फेसिंग सेक्टर में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया है, जिसमें 2024 की तुलना में अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। ई कॉमर्स, आतिथ्य और गिग भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।

फाउंडइट की मार्केटिंग उपाध्यक्ष अनुपमा भीमराजका ने कहा कि सितंबर में भर्ती की गति फेस्टिव डिमांड और टियर 2 तथा टियर 3 शहरों के लॉन्ग-टर्म टैलेंट हब के रूप में स्ट्रक्चरल उत्थान के एक पावरफुल कॉम्बिनेशन को दर्शाती है। भीमराजका ने आगे कहा कि हालांकि मेट्रो मार्केट लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन गैर-महानगरीय क्षेत्र इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह बदलाव एक विकेंद्रीकृत, डायवर्स और मजबूत रोजगार परिदृश्य को दर्शाता है, जो नौकरी चाहने वालों के लिए अवसर पैदा करता है और देश भर के नियोक्ताओं के लिए रणनीतिक लाभ प्रदान करता है।

आईटी, बीएफएसआई और मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर ने दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता जैसे टियर-1 शहरों में नियुक्तियों को बढ़ावा दिया।

## प्रतिभूति बाजार ईमानदारी व पारदर्शिता पर चले यह हमारी साझा जिम्मेदारी : पांडे




■ देश के विकास इंजन हैं प्रतिभूति बाजार

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ने बाजारों को हमारे लिए काफी आसान बना दिया है, लेकिन इसने धोखेबाजों को निवेशकों को धोखा देने के लिए नए टूल्स से भी लैस कर दिया है।

सेबी प्रमुख ने कहा कि प्रतिभूति बाजार हमारे देश के विकास इंजन हैं और यह सुनिश्चित करना हमारी साझा जिम्मेदारी है कि यह इंजन ईमानदारी और पारदर्शिता की मजबूत नींव पर चले। 6 से 12 अक्टूबर तक चलने वाले वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2025 आयोजन के शुभारंभ पर सेबी चेयरमैन पांडे ने कहा कि मुझे आज भारत में वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2025 के सप्ताह भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करने के लिए यहां उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह आईओएससीओ द्वारा इंवेस्टर एजुकेशन और प्रोटेक्शन के महत्व को उजागर करने के लिए एक ग्लोबल कैंपेन है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत के लिए आयोजन की थीम फ्रॉड एंड स्कैम्स, प्रिवेंशन एंड बेसिक्स ऑफ इंवेस्टिंग रखी गई है। सेबी चेयरमैन पांडे ने जानकारी देते हुए कहा कि हमने हाल ही में एक इंवेस्टर सर्वे के निष्कर्ष जारी किए हैं, जिसे सेबी ने एएमएफआई, एनएसई, बीएसई, एनएसडीएल और सीडीएसएल के सहयोग से करवाया था।

सेबी प्रमुख ने कहा कि 90,000 से अधिक परिवारों को शामिल करते हुए यह विशाल सर्वे हमें भारत के निवेश परिदृश्य की एक स्पष्ट, डेटा-ड्रिवन तस्वीर प्रदान करता है। इस सर्वे से प्राप्त जानकारी हमारे लिए मार्गदर्शक होगी क्योंकि हम अपने बाजारों को अधिक समावेशी और सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय निवेशकों के उदय की सराहना की गई है। बढ़ी हुई पहुंच, सरल ऑनबोर्डिंग और व्यापक जागरूकता के कारण प्रतिभूति बाजार इकोसिस्टम में यूनिक निवेशकों की संख्या बढ़कर 134 मिलियन हो गई है।

## परंपरागत कृषि विकास योजना भारत में ऑर्गेनिक फार्मिंग को दे रही बढ़ावा



■ लाखों किसानों को बना रही सशक्त
■ लगभग 15 लाख हेक्टेयर भूमि पर हो रही ऑर्गेनिक फार्मिंग

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जैसे-जैसे भारत कृषि परिवर्तन के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है, परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को मेनस्ट्रीम एग्रीकल्चर मूवमेंट में बदल दिया है। इसी क्रम में इस वर्ष जनवरी 30 तक पीकेवीवाई के तहत 2,265.86 करोड़ रुपए रिलीज किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत पीकेवीवाई के लिए लगभग 205.46 करोड़ रुपए जारी किए गए।

आंकड़ों के अनुसार, लगभग 15 लाख हेक्टेयर भूमि पर ऑर्गेनिक फार्मिंग हो रही है, 52,289 क्लस्टर बनाए गए हैं और इस वर्ष फरवरी तक 25.30 लाख किसान को इसका लाभ मिला है। 2023-24 में अपनाए गए मौजूदा 1.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में काम जारी है; 2024-25 में 1.98 लाख हेक्टेयर नए क्षेत्र को तीन-वर्ष के कन्वर्जन के तहत रखा गया है। 2023-24 में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 50,279 हेक्टेयर और पश्चिम बंगाल में 4,000 हेक्टेयर भूमि को लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत अडॉप्ट किया गया है। डेटा के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 तक 10,000 एफपीओ के फॉर्मेशन और प्रमोशन के तहत केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत 9,268 एफपीओ का रजिस्ट्रेशन हुआ। कार निकोबार और नानकॉरी आइलैंड में 14,491 हेक्टेयर भूमि को एलएसी के तहत ऑर्गेनिक सर्टिफाइड किया गया है।

लक्षद्वीप में कुल 2,700 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि अब सर्टिफाइड ऑर्गेनिक है। सिक्किम में लगभग 60,000 हेक्टेयर भूमि को एलएसी के तहत 96.39 लाख रुपए की सहायता दी गई; अब सिक्किम एलएसी के तहत दुनिया का एकमात्र 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक राज्य है। दिसंबर 2024 तक, जैविक खेती पोर्टल पर 6.23 लाख किसान, 19,016 स्थानीय समूह, 89 इनपुट सप्लायर और 8,676 खरीदार रजिस्टर्ड हो चुके थे। सरकार के अनुसार, पिछले एक दशक में, पीकेवीवाई भारत के ऑर्गेनिक फार्मिंग मूवमेंट की आधारशिला बन गया है।

# खेल जगत

## चोटिल मोहम्मद सलीम बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ग्रोइन (एडक्टर) की चोट के कारण अबू धाबी में बंगलादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सलीम पुनर्वास के लिए एसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में रिपोर्ट करेंगे। सलीम की जगह दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज बिलाल सामी को बंगलादेश के खिलाफ होने वाले एकदिवसीय मैचों के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। तेईस वर्षीय सलीम ने अब तक दो एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने ये दोनों मैच जुलाई 2023 में बंगलादेश के खिलाफ खेले थे। उन्होंने आखिरी बार अफगानिस्तान के लिए अपना एकमात्र टेस्ट मैच फरवरी 2024 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।



# कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी : हरमनप्रीत कौर

### भारत की बेटियों ने पाकिस्तान से अपना लगातार 12वां अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच जीत फिर अपना डंका बजाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने वुमैन ऑफ द' मैच नौजवान तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा द्वारा स्पिन का जाल बुन चटकाए तीन तीन विकेट की बदौलत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को कोलंबो (श्रीलंका) के प्रेमदासा स्टेडियम में आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप के दूसरे मैच में रविवार रात 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज कर उसके खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखा। भारत की अब तक हुए महिला वनडे विश्व कप मे पाकिस्तान पर यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत की बेटियों ने पाकिस्तान से अपना लगातार 12 वां अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच जीत फिर अपना डंका बजाया।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप में लगातार अपनी टीम की लगातार दूसरी जीत पर कहा, ' सच कहूं कि कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। हम ज्यादा से ज्यादा वक्त क्रीज पर बिता कर यह देखना



चाहते थे कि हम इस पर कितने रन बना सकते हैं। हमारी टीम जब मई में कोलंबो में त्रिकोणीय वनडे खेले थे तब पिचें अलग थीं। पिछले दो दिन से हुई बारिश के कारण पिच पर गेंद कुछ रुक कर आ रही थी । हमारे लिए अहम था आखिर तक

■ **हमारी गेंदबाजों, खासतौर पर क्रांति ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की**

विकेट बचाए रखना, जिससे कि हम अपनी योजना को अमली जामा पहना सके। हमारी गेंदबाजों ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की। खासतौर पर तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने वाकई धारदार गेंदबाजी कर पाकिस्तान की बल्लेबाजों को परेशान किया। अनुभवी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने दूसरे छोर से दबाव बना कर क्रांति को विकेट चटकाने में मदद की। हमने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कई कैच टपकाए पर अंत में जब आप मैच जीतते हैं तो बढ़िया महसूस होता है। निचले क्रम में ऋचा घोष ने 30 रन से ज्यादा की अहम पारी खेली।' भारत को अपने अगले दो मैच दक्षिण अफ्रीका (9 अक्टूबर) और ऑस्ट्रेलिया को विशाखापट्टनम में खेलते हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत चाहती हैं कि भारतीय टीम जीत का लुत्फ उठाए और फिर अपना ध्यान आगे के मैचों पर लगाने के साथ सकारात्मक ढंग से सोचे।

### पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच में क्रांति ने रचा इतिहास



**कोलंबो।** महिला विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर शिकस्त दी। कोलंबो में रविवार को खेले गए मुकाबले में क्रांति गौड़ मैच की 'नायिका' रहीं। उन्होंने 3 विकेट लेने के अलावा बल्ले से 8 रन का योगदान दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में क्रांति गौड़ ने 10 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 47 डॉट बॉल फेंकी। यह 2020 के बाद से महिला वनडे मैच में किसी भारतीय तेज गेंदबाज की ओर से फेंकी गई सबसे ज्यादा डॉट बॉल रहीं। उनके अलावा, रेणुका सिंह ने 45 डॉट गेंदें डालीं। रेणुका ने इस मैच में 10 ओवर फेंके, जिसमें 29 रन दिए। हालांकि, वह कोई विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इन दोनों ही गेंदबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज मैच में मिलकर 92 डॉट बॉल फेंकी।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा अमीन को लगी फटकार

**कोलंबो।** पाकिस्तान की बल्लेबाज सिदरा अमीन को रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके लिए उन्हें औपचारिक रूप से फटकार लगाई है और उनके नाम एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।अमीन इस मैच में पाकिस्तान के लिए 106 गेंदों में 81 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं थी। अमीन ने आउट होने के बाद अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा था। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो कि अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है।इस लेवल 1 के अपराध में खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं। अमीन ने अंपायरों द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद मैच रेफरी शैंड्रे फ्रिट्ज द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान को इस मैच में भारत से 88 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। उसे टूर्नामेंट में अभी तक जीत हासिल नहीं हुई है, इससे पहले वह बंगलादेश से हार गया था और अब उसका अगला मुकाबला आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल

# प्रमोद भगत ने भारत को जिताए 3 गोल्ड

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 में भारत के शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत ने अपना दबदबा दिखाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में देश को 3 गोल्ड मेडल दिलाए हैं।

प्रमोद भगत ने हमवतन मंटू कुमार को एक खिताबी मुकाबले में 21-7, 9-21, 21-9 से शिकस्त देकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल में पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लॉस्टौनौल और डायना रोजास गोलाक को सीधे सेटों में 21-13, 21-17 से शिकस्त देकर एक और गोल्ड अपने नाम किया। प्रमोद भगत ने मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीता। यहां उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर रोमांचक फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।

भारत के लिए तीन गोल्ड जीतने के बाद भगत ने कहा कि हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत का नाम रोशन



तीन गोल्ड जीतने के बाद भगत ने कहा कि हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है : प्रमोद भगत

करना हमेशा खास होता है। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों पर गर्व है। डबल्स में भगत के साथी सुकांत कदम ने भी उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ और मजबूत होती गई है। यह जीत हमें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बहुत आत्मविश्वास देती है। भगत और कदम के शानदार प्रदर्शन के अलावा, कई भारतीय शटलर ने विभिन्न श्रेणियों में प्रभावित किया। रणजीत सिंह ने तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते। उनके अलावा, नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में सिल्वर जीता, जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में सिल्वर अपने नाम किया।

आरती पाटिल और उमा सरकार की जोड़ी ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। भारत के शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत का यह शानदार प्रदर्शन और भारत के पदकों की संख्या पैरा बैडमिंटन में देश के बढ़ते प्रभुत्व को दर्शाती है, जिससे आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए आत्मविश्वास से भरा एक शानदार माहौल तैयार होता है।

# विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड

**विशाखापत्तनम,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एसीए-वीडीसीए विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम में दो स्टैंड का नाम भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर 'मिताली राज' और 'रवि कल्पना' के नाम पर रखा जाएगा। इन स्टैंड के उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 अक्टूबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वर्ल्ड कप मैच के साथ किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश के साथ अगस्त 2025 में 'ब्रेकिंग बाउंड्रीज' कार्यक्रम में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया है। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि स्मृति मंधाना की अपील पर अमल करते हुए, मंत्री नारा लोकेश ने तुरंत आंध्र क्रिकेट संघ से परामर्श किया, जिसके परिणामस्वरूप विशाखापत्तनम स्टेडियम में महिला क्रिकेट की महान हस्तियों के नाम पर स्टैंड का नामकरण करके उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है। इस विचार को तत्काल अमल में लाना लैंगिक समानता और महिला क्रिकेट के अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण को दर्शाता है। आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच से



स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है : नारा लोकेश

पहले 12 अक्टूबर को 'मिताली राज स्टैंड' और 'रवि कल्पना स्टैंड' का उद्घाटन करेगा। स्टैंड का नाम बदलने से महिला क्रिकेटर्स को सम्मानित करने के साथ खेल में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इससे देश की बच्चियों को महिला क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने अपने करियर में 12 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 1 शतक और 4 अर्द्धशतकों के साथ 699 रन बनाए। दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश में जन्मीं रवि कल्पना ने बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज राज्य स्तर पर अपनी चमक बिखेरी। उन्होंने भारत की तरफ से 7 वनडे मैच भी खेले।

## श्रीयांशी ने अपना पहला बीडब्ल्युएफ सुपर 100 खिताब जीता

**अबू धाबी,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन तस्नीम मीर को हराकर अल ऐन मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने रविवार को खलीफा बिन जायद स्टेडियम में 49 मिनट तक चले फाइनल में तस्नीम मीर को 15-21, 22-20, 21-7 से हरा कर खिताब जीता। यह श्रीयांशी की 20 वर्षीय पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी पर तीन मुकाबलों में पहली जीत और बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला सुपर 100 खिताब है। बाद में, भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया के पाचवीं वरीयता प्राप्त रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में, तस्नीम ने तुर्किये की नेस्लिहान एरिन को 9-21, 21-17, 21-10 से तथा श्रीयांशी ने इंडोनेशिया की चियारा मारवेला हांडोयो को 21-11, 21-12 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी।

## 1 दिसम्बर से लंका प्रीमियर लीग की शुरुआत, भारतीय खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का छठा संस्करण 1 से 23 दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ी भी हिस्सा लेने जा रहे हैं। ऐसे में फैंस इस टी20 लीग से जबरदस्त रोमांच की उम्मीद कर रहे हैं। पहली बार लंका प्रीमियर लीग में भारतीय क्रिकेटर हिस्सा लेंगे, जिनके नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। माना जा रहा है कि भारतीय खिलाड़ियों के जुड़ने से इस लीग की लोकप्रियता में इजाफा होगा। लंका प्रीमियर लीग के इस संस्करण में कुल 24 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान 20 लीग मैच और 4 नॉकआउट मुकाबले होंगे। यह सभी मुकाबले कोलंबो के



आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने हैं। इस टूर्नामेंट में पांच फ्रेंचाइजी हिस्सा लेने जा रही हैं। लीग चरण के दौरान सभी फ्रेंचाइजी दो बार आमने-सामने होंगी। राउंड-रॉबिन चरण के बाद, शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। पहला प्लेऑफ मैच यानी क्वालीफायर 1 शीर्ष दो टीमों के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मुकाबले में भिड़ेंगी। एलिमिनेटर मैच की विजेता टीम क्वालीफायर 1 में हारने वाली टीम से क्वालीफायर 2 में भिड़ेगी। क्वालीफायर 2 जीतने वाली टीम फाइनल में अपना स्थान बनाएगी, जहां उसका सामना क्वालीफायर 1 की विजेता टीम से होगा। लंका प्रीमियर लीग की टूर्नामेंट निदेशक सामंथा डोडनवेला ने कहा कि इस संस्करण का समय सावधानीपूर्वक चुना गया है, ताकि खिलाड़ियों को वैश्विक क्रिकेट वर्ष की शुरुआत में अधिकतम अनुभव और उच्च-गुणवत्ता वाला मैच अभ्यास मिल सके।

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जूलियन का निधन

**केपटाउन।** वेस्टइंडीज की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का उत्तरी त्रिनिदाद के वाल्सेन शहर में शनिवार को निधन हो गया।

वह 75 वर्ष के थे। वह वेस्टइंडीज की 1975 की विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा थे और उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 24 टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच खेले। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बर्नार्ड जूलियन के परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज इस दुःख की घड़ी में आपके साथ है, और हम आशा करते हैं कि बर्नार्ड को यह एहसास था कि जिस क्रिकेट परिवार को उन्होंने आकार देने में मदद की, वह उन्हें महत्व देता था और प्यार करता था, और उन्हें यह जानकर शांति मिली होगी कि उनका योगदान हमेशा अमर रहेगा। आज से 50 साल पहले, पहले एकदिवसीय विश्व कप में, जूलियन ने ग्रुप चरण में श्रीलंका के खिलाफ 20 रन देकर 4 विकेट लिए थे और इसके बाद सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट लिए थे और फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली थी।

### जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स 2025 के तीसरे दौर से बाहर

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स 2025 के तीसरे दौर के मैच में नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ गंभीर ऐंठन के कारण चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

इटली के स्टार जैनिक सिनर कल शंघाई मास्टर्स 2025 में डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ कड़े मुकाबले में गंभीर ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। जिस समय सिनर चोटिल होकर मुकाबले से हटे उस समय ग्रीकस्पूर 6-7 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे। शुरुआती सेट बराबरी का था, जहां ग्रीक्सपूर की तेज सर्विस ने इतालवी खिलाड़ी के लिए हर तरह की मुश्किलें खड़ी कर दीं। कोई भी ब्रेक पॉइंट हासिल नहीं कर सका, जिससे पहला सेट टाईब्रेकर में चला गया और सिनर ने बढ़त हासिल कर ली और गर्मी और उमस भरे मौसम में 1-0 की बढ़त बना ली।

### द्वितीय फ्रेंड्स कप गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य शुभारंभ

**नई दिल्ली।** द्वितीय फ्रेंड्स कप गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ आज यहां अंबेडकर स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा किया गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर की एनजीओ और वंचित वर्ग की 16 बालिका टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के माध्यम से सशक्तिकरण, समानता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन से पहले दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों स्वर्गीय भाटिया जी और स्वर्गीय रईस जी को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया और दिल्ली में फुटबॉल के विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया।

# लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में करेंगे भारत का नेतृत्व

■ **श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से फिनलैंड के वंता में शुरु हो रहे आर्कटिक ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करेंगे।

वंता स्थित एनर्जिया एरिना में आज से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ में सेन के साथ श्रीकांत सहित पांच अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी शामिल हैं। पेरिस 2024 के



सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन में 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के अपने पहले फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन चाइना मास्टर्स में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें साल में नौवीं बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी। जून में यूएस ओपन जीतने वाले और इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी भी वंता में खेलेंगे। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपने पहले मुकाबले में पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुणालवुत वितिदसर्न से भिड़ेगा। एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुरुआत में प्रवेश सूची में थे, लेकिन अब टूर्नामेंट से हट गए हैं। वहीं महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में उभरते सितारे तान्या हेमंत और अनमोल खरब भारत का नेतृत्व करेंगी।

## एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम अलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शामिल भारतीय टीम का मुकाबला 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। दोनों मैच डोलेन मुर्जाकोव स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप विजेता टीमें अगले साल चीन में होने वाले 12 टीमों के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।



अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने गोवा में स्थानांतरित होने से पहले बेंगलुरु में अपना प्रशिक्षण शिविर जारी रखा। वे पहले मैच से छह दिन पहले मंगलवार को बिश्केक पहुचेंगे, ताकि किर्गिजस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल खुद को ढाल सकें।

एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम

■ **क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा**

इस प्रकार है।

**गोलकीपर :** मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, थमीना फातिमा।


**डिफेंडर :** एलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइड्रोम, रितु बदाइक, तानिया देवी टोनम्बम।

**मिडफील्डर :** अभिस्ता बसनेत, अनीता डुंगडुंग, बोनिफिलिया शुलाई, जुलान नोंगमाईथेम, प्रीतिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की।

# जहीर खान वो गेंदबाज, जिसने 'इंजीनियर' नही, 'स्विंगर' बनकर देश का नाम रोशन किया

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने अपनी स्विंग और सटीक लाइन-लेंथ से देश को कई मैच जिताए। भारत को साल 2011 में विश्व कप खिताब जिताने में अहम योगदान देने वाले जहीर खान गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने की क्षमता रखते थे।

7 अक्टूबर 1978 को महाराष्ट्र के श्रीरामपुर में जन्मे जहीर खान का सपना इंजीनियर बनना था, लेकिन पिता की एक नसीहत ने उनकी तकदीर ही बदल दी। जहीर खान एक बेहतरीन तेज गेंदबाज थे। जहीर खान के पिता की सोच, दूसरों के पिता की तरह बिल्कुल भी नहीं थी। उनके पिता चाहते थे कि बेटा इंजीनियरिंग के



बजाय देश के लिए क्रिकेट खेले।

एक दिन पिता ने जहीर खान से कहा कि देश में इंजीनियर तो बहुत हैं, लेकिन उन्हें एक तेज गेंदबाज बनना चाहिए, ताकि देश के लिए खेल सकें। जहीर खान भी पिता की बात से सहमत थे। जब जहीर

■ **जहीर का भारत को 2011 में विश्व कप खिताब जिताने में अहम योगदान था**

■ **जहीर गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने की क्षमता रखते थे**

खान 17 साल के थे, तो पिता उन्हें मुंबई ले गए। जहीर खान के टैलेंट को देखते हुए उन्हें एमआरएफ पेस फाउंडेशन की ओर से खेलने का मौका दिया गया। यहां कोच डेनिस लिली ने जहीर की क्षमता को पहचान लिया और उनकी गेंदबाजी में सुधार किया। जहीर खान ने जिमखाना के खिलाफ फाइनल मैच में सात विकेट लेकर सुर्खियां बटोरीं। उन्हें मुंबई और वेस्ट जोन की अंडर-19 टीम में भी स्थान मिला।

घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को साल 2000 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू का मौका मिला। इसी वर्ष उन्होंने भारत के लिए टेस्ट और वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया। जहीर खान ने साल 2002 में कुल 15 टेस्ट खेले, जिसमें 29 की औसत के साथ 51 विकेट अपने नाम किए। अगले तीन साल जहीर खान 9, 19 और 10 ही विकेट हासिल कर सके। खराब फॉर्म के चलते जहीर खान को टीम से बाहर तक बैठना पड़ा। इस दौरान जहीर खान ने बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए 'नकल बॉल' का इजाद किया और टीम में शानदार वापसी की।

## बांग्लादेश के खिलाफ पूरी ताकत से उतरेगी इंग्लैंड की महिला टीम

**गुवाहाटी,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां) अपने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 100 रनों के अंतर से मिली जीत उत्साहित इंग्लैंड की टीम मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के आठवें मैच में बांग्लादेश की महिलाओं के खिलाफ बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को पूरी ताकत के साथ उतरेगी। गुवाहाटी में होने वाला यह मुकाबला रोमांचक होने वाला है क्योंकि दोनों टीमें अपने शुरुआती मुकाबलों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में वर्चस्व की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड की महिलाओं का पहला मैच संतुलन और नियंत्रण का एक उत्कृष्ट उदाहरण था – टैमी ब्यूमोंट और एमी जोन्स ने आक्रामक लेकिन सोचे-समझे स्ट्रोक प्ले से एक बेहतरीन नींव रखी, जबकि स्पिनरों, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसे स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी क्रम को सटीकता से ध्वस्त कर दिया। कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी टीम का शानदार नेतृत्व किया और सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड का दबदबा कभी संदेह में न रहे। इस मुकाबले में कमजोर दिख रही बंगलादेश की महिला टीम, पाकिस्तान की महिलाओं को 113 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज है। रुबिया हैदर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली, जबकि शोरना अख्तर, मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर ने मिलकर पाकिस्तान को काबू में रखा और दिखाया कि इस बंगलादेशी टीम को कम नहीं आका जा सकता।

**आईसीसी महिला विश्व कप 2025**

# दुनिया रंग-बिरंगी



## 'घर संभालना कोई आसान काम नहीं': अमिताभ बच्चन

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक बार फिर समाज के एक बेहद महत्वपूर्ण वर्ग यानी गृहिणियों को सम्मानित किया है। उन्होंने अपने ब्लॉग के जरिए कहा कि कई महिलाएं अपनी मेहनत और जिम्मेदारी को कम आंकती हैं, लेकिन वे गर्व के साथ अपनी पहचान बताएं, क्योंकि घर संभालना कोई आसान काम नहीं है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में बताया कि जब वह अपने टीवी क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) में दर्शकों से पूछते हैं कि वे क्या करती हैं तो कई महिलाएं बहुत ही नर्म और दबे स्वर में कहती हैं कि वे होममेकर हैं। अमिताभ ने पूछा कि आखिर महिलाएं क्यों अपनी इस भूमिका को इतना छोटा दिखाती हैं? बिग बी ने महिलाओं को कहा कि वे कभी अपने इस काम को छुपाएं नहीं और न दबे स्वर में बताएं।

# शरीर का पिलर है रीढ़ की हड्डी, जानिए कैसे करता है काम



**रीढ़ की हर कशेरुका की अपनी एक विशेष आकृति और कार्य होता है, जैसे गर्दन की पहली दो हड्डियां सिर को घुमाने और झुकाने की क्षमता देती हैं। गर्दन की हड्डियां सबसे छोटी होती हैं, जबकि कमर की हड्डियां सबसे बड़ी और मजबूत होती हैं क्योंकि वे पूरे शरीर का भार उठाती हैं।**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मानव शरीर की संरचना में रीढ़ की हड्डी, जिसे स्पाइनल कॉलम या वर्टिब्रल कॉलम कहा जाता है, सबसे अहम हिस्सा है। यह न केवल हमें सीधा खड़े रहने में मदद करती है, बल्कि हमारे पूरे शरीर की गतिविधियों, संतुलन और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाती है। रीढ़ की हड्डी कुल मिलाकर 33 कशेरुकाओं से बनी होती है, हालांकि कुछ लोगों में इनकी संख्या थोड़ी अलग हो सकती है, विशेष रूप से कमर और त्रिकास्थि क्षेत्र में।

भ्रूण अवस्था में ये कशेरुकाएं ज्यादा होती हैं, लेकिन समय के साथ आपस में जुड़कर एक संरचना बना लेती हैं। रीढ़ की हर कशेरुका की अपनी एक विशेष आकृति और कार्य होता है, जैसे गर्दन की पहली दो हड्डियां सिर को घुमाने और झुकाने की क्षमता देती हैं। गर्दन की हड्डियां सबसे छोटी होती हैं, जबकि कमर की हड्डियां सबसे बड़ी और मजबूत होती हैं क्योंकि वे पूरे शरीर का भार उठाती हैं। कशेरुकाओं के बीच मौजूद इंटरवर्टिब्रल डिस्क एक प्रकार के शॉक एब्जॉर्बर होते हैं, जो चलने-फिरने और झटकों को सहने में मदद करते हैं। यही कारण है कि सुबह के समय इंसान की ऊंचाई रात की तुलना में 1-2 सेमी अधिक होती है, क्योंकि दिनभर डिस्क पर दबाव के कारण उसमें मौजूद तरल कम हो जाता है।

वर्टिब्रल कॉलम के भीतर स्पाइनल कॉर्ड सुरक्षित रहता है, जो दिमाग से निकलने वाली 31 जोड़ी नसों को शरीर के विभिन्न हिस्सों से जोड़ता है। रीढ़ की प्राकृतिक वक्रता जन्म के समय नहीं होती, लेकिन जैसे-जैसे बच्चा बैठना और चलना सीखता है, यह वक्रता विकसित होती है। खास बात यह है कि इंसान और अन्य स्तनधारी जैसे जिराफ की गर्दन की हड्डियां संख्या में समान होती हैं, बस उनके आकार में अंतर होता है।

वृद्धावस्था में डिस्क के तरल की मात्रा कम होने से लचीलापन घटता है और रीढ़ कठोर हो जाती है। चोट लगने पर उसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि चोट रीढ़ के किस हिस्से में है। गर्दन में चोट से पूरे शरीर पर असर हो सकता है, जबकि कमर की चोट से सिर्फ निचले हिस्से पर असर होता है।

रीढ़ की सेहत को बनाए रखने के लिए नियमित योगासन जैसे भुजंगासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन करना फायदेमंद है। प्राणायाम, पौष्टिक आहार (दूध, तिल, आंवला), सही बैठने की आदत, तिल या भृंगराज तेल की मालिश, सुबह की धूप और हल्की स्ट्रेचिंग से रीढ़ की मजबूती और लचीलापन दोनों बनाए रखा जा सकता है।

# 'चीनी नहीं, मीठा जहर खा रहे हैं आप जो शरीर को कर देगा खोखला!'



**चीनी के कई ऐसे प्रभाव हैं जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देते हैं। यह नशे की तरह आदत डाल देती है क्योंकि यह डोपामिन रिलीज कर मस्तिष्क को खुशी का एहसास कराती है। यही कारण है कि मीठा खाने के बाद बार-बार उसकी तलब लगती है।**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। आजकल चीनी हमारी थाली और रसोई का एक जरूरी हिस्सा बन गई है। सुबह की चाय से लेकर रात के खाने तक, हर चीज में सफेद चीनी शामिल है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह मीठा स्वाद वास्तव में हमारी सेहत को अंदर ही अंदर कितना नुकसान पहुंचा रहा है? विशेषज्ञों और आयुर्वेद की मानें तो चीनी को 'सफेद जहर' कहना गलत नहीं होगा। भले ही चीनी गन्ने से तैयार की जाती है, लेकिन रिफाइनिंग प्रक्रिया में इसके सभी प्राकृतिक पोषक तत्व जैसे फाइबर, खनिज और विटामिन खत्म हो जाते हैं, जिससे यह सिर्फ खाली कैलोरी का स्रोत बन जाती है जो वजन तो बढ़ाती है, पर पोषण नहीं देती। चीनी के कई ऐसे प्रभाव हैं जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देते हैं। यह नशे की तरह आदत डाल देती है क्योंकि यह डोपामिन रिलीज कर मस्तिष्क को खुशी का एहसास कराती है। यही कारण है कि मीठा खाने के बाद बार-बार उसकी तलब लगती है।

इतना ही नहीं, चीनी कई ऐसे खाद्य उत्पादों में छुपी हुई होती है जिनके बारे में शायद आपको पता भी नहीं हो, जैसे ब्रेड, सॉस, अचार, नमकीन स्नैक्स और पैक्ड फूड में अलग-अलग नामों जैसे फ्रुक्टोज, कॉर्न सिरप, डेक्सट्रोज़ आदि के रूप में पाई जाती है। अधिक चीनी सेवन से त्वचा पर जल्दी झुर्रियां आती हैं क्योंकि यह कोलेजन को नुकसान पहुंचाती है। साथ ही इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है, जिससे शरीर संक्रमणों से लड़ने में अक्षम हो जाता है।

अधिक मात्रा में चीनी लेने से दिमागी स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, स्मरणशक्ति और एकाग्रता में कमी आती है और यह अल्जाइमर जैसी बीमारियों का कारण बन सकती है। यह ब्लड प्रेशर, खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को बढ़ाकर दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ाती है। वहीं लिवर में फैट जमा होकर फैटी लिवर की समस्या खड़ी कर सकता है।

आयुर्वेद में रिफाइंड सफेद चीनी को हानिकारक माना गया है और इसकी जगह शुद्ध खांड, मिश्री, गुड़, शहद, खजूर, अंजीर और स्टीविया जैसे प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने की सलाह दी गई है। मिठाई बनाते समय गुड़ या खजूर का प्रयोग करें, और बच्चों को कोल्ड ड्रिंक की जगह बेल का शरबत या शिकंजी दें।

# 'गुरु रंधावा का नया गाना 'पैन इंडिया' रिलीज,



**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मशहूर पंजाबी सिंगर और रैपर गुरु रंधावा का गाना 'पैन इंडिया' सोमवार को रिलीज हो गया है। इस बात की जानकारी खुद सिंगर ने एक पोस्ट के जरिए दी। गुरु ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का एक क्लिप शेयर कर फैंस को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'पैन इंडिया' रिलीज हो गया है और इस बार पहले कहीं ज्यादा धमाल मचाने आया है जैसे कभी नहीं लगा। गाने को सीधा स्ट्रीम करें। हम पूरी इंडस्ट्री में धमाल मचाने आए हैं। आहसी ने बहुत बढ़िया काम किया है।' टी-सीरीज के बैनर तले रिलीज हुआ यह गाना गुरु रंधावा की आवाज और गुरजीत गिल के बोल का शानदार मेल है। गाने की कोरियोग्राफी यश कदम ने की है, जिसने इस ट्रैक को और भी आकर्षक बना दिया। 'पैन इंडिया' का म्यूजिक, लिरिक्स और विजुअल्स का मिश्रण इसे एक परफेक्ट पार्टी एंथम बनाता है, जो न सिर्फ पंजाबी म्यूजिक प्रेमियों, बल्कि पूरे देश के संगीत फैंस को झूमने पर मजबूर कर देगा।

गाने में आहसी नाम की डांसर के सिजलिंग डांस मूव्स और स्टाइलिश अंदाज ने सबका ध्यान खींचा है। उनके शानदार डांस स्टेप्स गाने को एक नए स्तर पर ले गए हैं। दूसरी ओर, गुरु रंधावा अपने चिर-परिचित स्टाइलिश लुक में नजर आए, जो फैंस को खूब भा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि गाने में गुरु के साथ डांसर आहसी की पहचान छिपाई गई है।

# गैस, सूजन और पेट के भारीपन से हैं परेशान? सुबह-सुबह अपनाएं ये तीन आयुर्वेदिक उपाय

**■ नींबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। साथ ही पाचन रसों को सक्रिय करके भोजन को पचाने में मदद करता**



**■ बरसों से भारतीय घरों में पाचन के लिए सौंफ का इस्तेमाल किया जाता है। सौंफ में ऐनेथोल नामक तत्व होता है, जो गैस को बनने से रोकता है**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुबह-सुबह पेट का फूल जाना यानी पेट भारी लगना, गैस बनना या पेट में हल्का-सा दबाव महसूस होना, ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनसे बहुत से लोग रोजाना जूझते हैं। इसके पीछे का कारण रात को देर से या ज्यादा मसालेदार खाना खाना, नींद की कमी, पानी कम पीना और शरीर में सूजन को बढ़ाने वाली चीजों का सेवन करना आदि है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों मानते हैं कि जब पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं करता या शरीर में टॉक्सिन्स यानी विषैले तत्व जमा हो जाते हैं, तब ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर कुछ प्राकृतिक चीजों को सुबह खाली पेट लिया जाए तो ये न केवल पेट की सूजन कम करेंगे, बल्कि शरीर को अंदर से साफ भी करने में मदद करते हैं। नींबू और अदरक: अदरक को आयुर्वेद में 'विषघ्न' यानी शरीर से विष निकालने वाली औषधि माना गया है।

वहीं नींबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। साथ ही पाचन रसों को सक्रिय करके भोजन को पचाने में मदद करता है। जब इन दोनों को गर्म पानी में मिलाकर सुबह खाली पेट पीया जाए तो यह पेट की गैस को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और सूजन को कम करने में काफी मददगार होता है। इसमें शहद मिलाने से इसका स्वाद भी बेहतर हो जाता है और एंटीबैक्टीरियल गुण भी बढ़ जाते हैं।

सौंफ की चाय: बरसों से भारतीय घरों में पाचन के लिए सौंफ का इस्तेमाल किया जाता है। सौंफ में ऐनेथोल नामक तत्व होता है, जो गैस को बनने से रोकता है और पेट में पहले से जमा गैस को बाहर निकालता है। इसके अलावा, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं, जो आंतों को आराम पहुंचाते हैं।

ग्रीन टी: यह हेल्थ कॉन्शियस लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। इसमें कैटेचिन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो न केवल शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं, बल्कि सूजन को भी नियंत्रित करते हैं।

# आइब्रो की शेप सुधारने के लिए रोज करें ये 3 आसान एक्सरसाइज, चेहरे पर भी आएगी चमक



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेहरे की सुंदरता में आइब्रो यानी भौंहे बहुत अहम होती हैं। एक अच्छी शेप और सही उभार वाली आइब्रो न केवल चेहरे की बनावट को निखारती हैं, बल्कि आपकी मुस्कुराहट और एक्सप्रेशन्स को भी खास बनाती हैं। हालांकि, बहुत से लोगों की आइब्रो फ्लैट होती हैं, जिससे उनका लुक भी प्रभावित होता है। ऐसे में आइब्रो को प्राकृतिक तरीके से निखारना और उन्हें मजबूत बनाना महत्वपूर्ण हो सकता है।

**अगर माथे पर हल्का दबाव डालकर आइब्रो को ऊपर उठाने पर जोर दिया जाए, तो शोध बताते हैं कि इस तरह के मसल्स एक्टिवेशन से माथे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं**

वैज्ञानिक अध्ययनों के मुताबिक, आइब्रो के आसपास की मसल्स की नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से उनकी प्राकृतिक शेप और उभार में सुधार होता है। इसके अलावा, चेहरे की मांसपेशियों की सक्रियता बढ़ने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जो बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है।

अगर माथे पर हल्का दबाव डालकर आइब्रो को ऊपर उठाने पर जोर दिया जाए, तो शोध बताते हैं कि इस तरह के मसल्स एक्टिवेशन से माथे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं और आइब्रो की हाइट बढ़ती है। 2 से 4 सेकंड तक आइब्रो को ऊपर रखने से मसल्स में खिंचाव पैदा होता है, जो उनकी मजबूती के लिए जरूरी है। वहीं दोनों हाथों की इंडेक्स फिंगर्स को आइब्रो के बीच रखने और नीचे के हिस्से को दबाते हुए आइब्रो के किनारों तक ले जाने की प्रक्रिया से भी उस जगह को पोषण मिलता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि इससे न केवल मसल्स मजबूत होती हैं, बल्कि आसपास की त्वचा का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन से आइब्रो के बालों को पोषण मिलता है, जो बालों को घना और मजबूत बनाता है। साथ ही, त्वचा की कोशिकाओं की मरम्मत में भी मदद मिलती है, जिससे त्वचा की गुणवत्ता सुधरती है।

इसके अलावा, आइब्रो के बीच की उंगलियों को ऊपर की ओर ले जाकर हल्का मसाज देने से चेहरे की मांसपेशियों को स्ट्रेच और रिलैक्स मिलता है। यह स्ट्रेचिंग फेशियल मसल्स की लचीलापन को बढ़ाती है और मसल्स के तनाव को कम करती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मसल्स की लचीलापन में सुधार से आइब्रो का आकार अधिक आकर्षक बनता है और उनका नेचुरल उभार बेहतर होता है। इस अभ्यास को नियमित करने से चेहरे की मांसपेशियों में सुधार के साथ-साथ त्वचा की रंगत भी निखरती है।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आईं अभिनेत्री भूमि पेडनेकर

**सभी भारतीय मेरे भाई-बहन, 'मैंने और हुसैन जी ने मिलकर एक विशेष कैंपेन शुरू किया है। हमारा उद्देश्य उन सभी राज्यों के बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है: भूमि पेडनेकर, अभिनेत्री**

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के कई हिस्सों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है और अब फिल्मी सितारे प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने एक खास पहल शुरू की है। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एक अभियान शुरू करने की घोषणा की है। भूमि ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने इस अभियान के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'मैंने और हुसैन जी ने मिलकर एक विशेष कैंपेन शुरू किया है। हमारा उद्देश्य उन सभी राज्यों के बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है। मैं खुद जम्मू के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गई थी, जबकि हुसैन जी महाराष्ट्र के बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचे। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, असम, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बाढ़ ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।' उन्होंने आगे बताया, 'हमारा लक्ष्य बाढ़ पीड़ितों को उनकी जरूरत का सामान मुहैया कराना है। इस कैंपेन के तहत हम टेंट, घर बनाने में मदद, बच्चों की शिक्षा और अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध कराएंगे। हम चाहते हैं कि प्रभावित लोग अपनी जिंदगी को फिर से शुरू कर सकें।'

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपने वीडियो के कैप्शन में एक भावुक संदेश लिखा, 'भारत मेरा देश है और सभी भारतीय मेरे भाई-बहन हैं। अगर हम वाकई ऐसा मानते हैं तो आइए मिलकर उन लोगों की मदद करें जो बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे हैं।' भूमि की इस पहल को उनके प्रशंसकों और आम लोगों से खूब समर्थन मिल रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की हालिया रिलीज नेटफ्लिक्स सीरीज 'द रॉयल्स' थी, जिसमें वह इशान खट्टर के साथ नजर आई थीं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी बहन के साथ मिलकर प्रीमियम वॉटर ब्रांड बैकबे लॉन्च किया है, जो एक बिजनेस वेंचर है।



# प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव से होने वाली मौतों से निपटने के लिए डब्ल्यूएचओ ने जारी किए नए दिशा निर्देश



**'प्रसवोत्तर रक्तस्राव सबसे खतरनाक जटिलता है क्योंकि यह बहुत तेजी से बढ़ सकता है। हालांकि इसका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता, लेकिन सही देखभाल से मौत को रोका जा सकता है।': डॉ. जेरेमी फरार, सहायक महानिदेशक, हेल्थ प्रमोशन एंड डिजीज प्रिवेंशन एंड केयर'**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने प्रसव बाद रक्तस्राव (पीपीएच) की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्त्री रोग एवं प्रसूति संघ (एफआईजीओ) और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मिडवाइव्स ने मिलकर मातृ स्वास्थ्य दिशानिर्देश प्रकाशित किए हैं जो जच्चा की समस्याओं की शीघ्र पहचान कर त्वरित हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। पीपीएच वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक है, जिससे प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव के कारण लगभग 45,000 मौतें होती हैं। घातक न होने पर भी, यह जीवन भर के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है, जिसमें प्रमुख अंग क्षति से लेकर हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय को निकालना) और एंग्जाइटी तक शामिल है। 'हेल्थ प्रमोशन एंड डिजीज प्रिवेंशन एंड केयर' के सहायक महानिदेशक डॉ. जेरेमी फरार ने कहा, 'प्रसवोत्तर रक्तस्राव सबसे खतरनाक जटिलता है क्योंकि यह बहुत तेजी से बढ़ सकता है। हालांकि इसका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता, लेकिन सही देखभाल से मौत को रोका जा सकता है।' फरार ने कहा, 'ये दिशानिर्देश उन जगहों के लिए हैं जहां इसकी दर सबसे अधिक है और संसाधन सबसे सीमित हैं— यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं प्रसव के बाद जीवित रहें और अपने परिवारों के पास सुरक्षित घर लौट सकें।' दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में '2025 एफआईजीओ वर्ल्ड कांग्रेस' में पीपीएच का पता लगाने के लिए नए वस्तुनिष्ठ नैदानिक मानदंड भी पेश किए गए हैं। हालांकि पीपीएच का निदान आमतौर पर 500 मिली या उससे अधिक रक्त की हानि के रूप में किया जाता है।

पीपीएच का शीघ्र निदान करने के लिए, डॉक्टरों और मीडवाइव्स को सलाह दी जाती है कि वे प्रसव के बाद महिलाओं की बारीकी से निगरानी करें और कैलिब्रेटेड ड्रेप्स (डिलीवरी टेबल पर रखी प्लास्टिक शीट जिसमें रक्त इकट्ठा होता है) का उपयोग करें जिससे ब्लड लॉस का सही आकलन हो सके और वे तुरंत कार्रवाई कर सकें।

# आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम, नागालैंड यूनिवर्सिटी ने बनाया लचीला सुपरकैपेसिटर

**यह सुपरकैपेसिटर इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्रेकिंग सिस्टम को बेहतर बना सकता है। उदाहरण के तौर पर, जब इलेक्ट्रिक वाहन ब्रेक लगाता है तो इसकी ऊर्जा को सुपरकैपेसिटर संग्रहित कर बैटरी की उम्र बढ़ा सकता है।**



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। नागालैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक लचीला सुपरकैपेसिटर विकसित किया है जो अगली पीढ़ी के पहनने योग्य इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों को शक्ति प्रदान करने में सक्षम है। इस नई खोज से भारत में ऊर्जा संग्रहण की तकनीक में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। इससे भारत की बैटरी आयात पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मदद मिलेगी। यह शोध बेंगलुरु के प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) द्वारा समर्थित है। इसे राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) ने वित्तीय सहायता प्रदान की है। साइंटिफिक जर्नल आरएससी एडवांसेज में प्रकाशित शोधपत्र में कहा गया है कि इस डिवाइस का इस्तेमाल स्वास्थ्य निगरानी उपकरणों, इंटरनेट से जुड़ी छोटी-छोटी मशीनों और रोबोटिक्स में किया जा सकता है। इसके अलावा, इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों में भी हो सकता है, जिससे वाहनों की ऊर्जा बचाने और बेहतर प्रदर्शन देने की संभावना बढ़ जाएगी। यह सुपरकैपेसिटर इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्रेकिंग सिस्टम को बेहतर बना सकता है। उदाहरण के तौर पर, जब इलेक्ट्रिक वाहन ब्रेक लगाता है तो इसकी ऊर्जा को सुपरकैपेसिटर संग्रहित कर बैटरी की उम्र बढ़ा सकता है।

नागालैंड विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजेथ एच ने कहा, 'इस डिवाइस में लचीलापन, ज्यादा ऊर्जा संग्रहण क्षमता और टिकाऊपन जैसे गुण हैं, जो भविष्य के पोर्टेबल और पहनने वाले तकनीकी उपकरणों के लिए बहुत जरूरी हैं। अध्ययन के दौरान तीन धातुओं टंगस्टन, वैनेडियम और कोबाल्ट को मोलिब्डेनम डिसेलेनाइड नामक पदार्थ में मिलाकर ऊर्जा संग्रहण की क्षमता पर जांच की गई। इनमें कोबाल्ट सबसे अच्छा परिणाम दिखाने वाला पाया गया।' यह नई तकनीक नागालैंड यूनिवर्सिटी के एडवांस्ड मैटेरियल्स फॉर डिवाइस एप्लीकेशन (एएमडीए) अनुसंधान प्रयोगशाला में विकसित की गई है।

यह डिवाइस 34.54 वॉट घंटे प्रति किलो ऊर्जा संग्रहित कर सकता है और 10,000 बार चार्ज और डिस्चार्ज करने के बाद भी अपनी क्षमता को बरकरार रखता है। इसे बार-बार मोड़ने और घुमाने के बावजूद इसकी कार्यक्षमता बनी रहती है। यह गुण इसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के लिए बेहद उपयुक्त बनाता है।

आज के समय में जब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा तेजी से बढ़ रहे हैं, तब ऊर्जा संग्रहण के लिए भरोसेमंद और सक्षम उपकरणों की मांग भी लगातार बढ़ रही है। नागालैंड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने लचीलापन, टिकाऊपन और उच्च ऊर्जा क्षमता को जोड़कर इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।